* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 292


# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर गृहरक्षकों को दी सौगात, अब रोज मिलेंगे 1088 रुपये




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## न्यूज रील्स

### हिंडनबर्ग बोला, भारत में जल्द कुछ बड़ा होनेवाला है

नयी दिल्ली। अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि भारत में जल्द कुछ बड़ा होनेवाला है। एक साल पहले अडाणी ग्रुप पर मनी लांड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन तक के आरोप लगाने के बाद अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हिंडनबर्ग रिसर्च ने यह बात लिखी है। इस पोस्ट के जरिये हिंडनबर्ग ने किसी नये खुलासे के बारे में संकेत दिया है। हालांकि उसने किसी भी कंपनी का नाम नहीं लिया है।

### मुठभेड़ में दो जवान शहीद, तीन घायल

जम्मू-कश्मीर (आजाद सिपाही)। अनंतनाग में शनिवार, 10 अगस्त को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 2 जवान शहीद हो गये। 3 अन्य जवान जख्मी हैं। एनकाउंटर दोपहर 2 बजे से जारी है। माना जा रहा है कि आतंकी डोडा से अनंतनाग के इलाके में घुसे थे। ऑपरेशन जिले के कोकेरनाग टाउन में चल रहा है।

विश्व आदिवासी महोत्सव के समापन पर सीएम ने की घोषणा

# सरकार कलाकारों के लिए पॉलिसी बनायेंगी : हेमंत

- समापन पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन
- जन्मदिन की बधाई से गूंजा पंडाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित दो दिवसीय विश्व आदिवासी महोत्सव शनिवार को समाप्त हो गया। समापन कार्यक्रम में लगा जैसे रांची में मिनी भारत उतर आया हो। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन, विधायक कल्पना सरोने समेत अन्य गणमान्य लोगों ने शिरकत की। हेमंत सोरेन जैसे ही मंच पर पहुंचे भीड़ से जन्मदिन की बधाई की आवाज आने लगी। जिसके बाद उन्होंने सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने से आये विभिन्न कला के कलाकारों का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया और जताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार कराकारों के लिए एक पॉलिसी लेकर आयेगी। जिससे उन्हें आगे बढ़ने का पूरा मौका मिल सकेगा।

**कलाकार देश और दुनिया में अपने हुनर दिखा सकेंगे:** मुख्यमंत्री ने राज्य के कलाकार झारखंड की कला-संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। यहां के कलाकारों को आने वाले दिनों में एक बेहतर नीति और कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ाने का काम सरकार करेगी। ताकि झारखंड के कलाकार देश और दुनिया में अपने हुनर का प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर सकें। सरकार वर्ष 2025 में राज्य सरकार द्वारा झारखंड के कलाकारों के लिए विशेष पॉलिसी बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के कलाकार झारखंड की कला-संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। इनके प्रयासों को और मजबूती प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खेल और कला, संस्कृति के क्षेत्र में झारखंड की पूरे विश्व में अलग पहचान है। खेल के क्षेत्र में बात करें तो हॉकी इंडिया में झारखंड के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। देश की महिला हॉकी टीम में इस राज्य की महिला खिलाड़ियों ने एक अलग मुकाम हासिल की है।

**धीरे-धीरे समाज के लोग अब हर क्षेत्र में बढ़ रहे हैं आगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार जगत हो, न्यायपालिका का क्षेत्र हो, डाक्टर-इंजीनीयर, आइएएस, आइपीएस की बात करें तो भी इन क्षेत्रों में आदिवासी समाज के गिने-चुने लोग ही अपनी जगह बना पाये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमारे आदिवासी समाज के लोग आगे नहीं बढ़ रहे हैं। अब आदिवासी समाज के नौजवान युवक-युवतियां एवं छात्र-छात्राएं अलग-अलग क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सिर्फ नदी, पहाड़, पर्वत या खनिज संपदा के लिए ही नहीं जाना जाता है बल्कि यहां एक समृद्ध मानव बल के लिए भी जाना जाता है।

**अतिथियों ने उठाया सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ:** इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन, सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन अनूप सिंह, मंगल कालिंदी, अंबा प्रसाद और भूषण तिर्की समेत राज्य के अधिकारीगण और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



### गीत-नृत्य झारखंड की कला-संस्कृति का अहम हिस्सा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय बारिश का मौसम है। खेत-खलिहान से जुड़े लोगों के मन में भी उत्साह है और सामाजिक सरोकार रखने वाले लोगों के मन में भी उत्साह है। झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। यहां के आदिवासी समाज के लोग यहां की कला-संस्कृति को संरक्षित करने का काम करते हैं। राज्य की समृद्ध कला-संस्कृति का सीधा जुड़ाव प्राकृतिक से भी है। गीत-नृत्य यहां की कला-संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो अनवरत चलता रहता है। इसी कड़ी में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई चुनौतियों का सामना करते हुए आदिवासी समाज के लोग अपनी कला-संस्कृति, रहन-सहन और समृद्ध आदिवासियत को बचाने के लिए जद्दोजेहद में लगे हैं।

प्रधानमंत्री वायनाड लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों में पहुंचे

# वायनाड आपदा सामान्य नहीं: मोदी

सीएम से पूछा, कितने बच्चों ने परिवार को खोया

आजाद सिपाही संवाददाता

**वायनाड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को केरल के वायनाड में लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों के दौरे पर पहुंचे। वह सुबह 11 बजे स्पेशल विमान से कन्नूर एयरपोर्ट पहुंचे। कन्नूर से वह सुबह 11:15 बजे भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर से वायनाड गये। उन्होंने रास्ते में लैंडस्लाइड प्रभावित चूरलमाला, मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम गांवों का हवाई सर्वेक्षण किया। मोदी ने वह जगह देखी, जहां से 30 जुलाई की रात तबाही शुरू हुई थी। इसी जगह से इरुवाझिनजी पुझा नदी भी शुरू होती है। मोदी का हेलीकॉप्टर वायनाड स्थित कलपेट्टा में उतरा। वह सबसे पहले जीवीएचएस स्कूल वेल्लारमाला गये। इस स्कूल में 582 छात्र थे, जिनमें से 27 लैंडस्लाइड के बाद लापता हैं।



प्रधानमंत्री ने स्कूल में 15 मिनट बिताये। उन्होंने मुख्यमंत्री विजयन और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी से पूछा कि कितने बच्चों ने अपने परिवार को खोया है। इसके बाद कलपेट्टा से मोदी सड़क के रास्ते लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों में गये और रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। उन्होंने राहत शिविरों और अस्पतालों में पीड़ितों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री चूरलमाला में 190 फुट लंबे बेली ब्रिज पर भी गये, जिसे भारतीय सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बनाया था। पीड़ितों से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री पिनाराई और अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वसान दिया। उन्होंने कहा कि वायनाड आपदा सामान्य घटना नहीं है। गौरतलब है कि वायनाड में 29 जुलाई को लैंडस्लाइड हुए थे। इसमें अब तक 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 138 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं।

### राहुल ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष और वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने वायनाड दौरे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि पीएम के वायनाड जाने का फैसला अच्छा है। मुझे भरोसा है कि जब प्रधानमंत्री लैंडस्लाइड से हुई तबाही खुद देखेंगे, तो वह इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित कर देंगे। राहुल संसद में वायनाड हादसे को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग कर चुके हैं।

केंद्रीय रेल मंत्री ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग, दिये निर्देश

# झारखंड से नेपाल तक आना-जाना होगा आसान

केंद्रीय कैबिनेट ने आठ नयी रेल परियोजनाओं को दी है मंजूरी

झारखंड-बिहार-झारखंड समेत पूर्वोत्तर के राज्यों को मिलेगा फायदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने झारखंड को रेलवे का तोहफा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में नयी रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। इससे झारखंड-बिहार-झारखंड समेत पूर्वोत्तर के राज्यों को फायदा मिलेगा। नेपाल से बिहार होते हुए झारखंड तक जाना आसान हो जायेगा। रेल की नयी परियोजनाओं को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को वीडियो



कांफ्रेंसिंग की। इसमें झारखंड, ओड़िशा और बिहार के रेलवे अधिकारी शामिल हुए। रेल मंत्री ने परियोजनाओं का जिक्र करते हुए इसे समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। श्री वैष्णव ने कहा कि इन परियोजना को तय लक्ष्य के अनुसार पूरा करें। परियोजनाओं में कोई कठिनाई आने पर सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं। झारखंड की बुरामारा-चाकुलिया रेल परियोजना पर 1639 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत 60 किलोमीटर निर्माण कार्य किये जायेंगे। वहीं इस प्रोजेक्ट से नॉर्थ बिहार, साउथ बिहार नॉर्थ इस्ट, पश्चिम बंगाल और झारखंड के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। इससे ओड़िशा और इससे आगे का रास्ता खुलेगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत बिंद्रा ने कहा कि बिहार और झारखंड के लिए यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगा। झारखंड से नॉर्थ बिहार जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि 2 हजार 549 करोड़ रुपये की लागत से विक्रमशिला कटारिया न्यू लाइन प्रोजेक्ट 26.23 किलोमीटर का निर्माण होगी। पीएम-गतिशक्ति प्लान के तहत सभी परियोजनाओं को वर्ष 2030-31 तक पूरा कर लिया जायेगा।

भाजपा की 23 अगस्त को आक्रोश रैली

# झारखंड में आदिवासियों की नहीं, घुसपैठियों की सरकार चल रही : हिमंता विस्वा सरमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड सह-चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में आदिवासियों की नहीं, घुसपैठियों की सरकार चल रही है। इतना झूठ बोलनेवाला मुख्यमंत्री कहीं नहीं है। ऐसा लगता है हेमंत सोरेन रात को सपना देखते हैं और सुबह में वादा कर देते हैं। जनता जानना चाहती है कि हेमंत सोरेन सच कब बोलते हैं। सरमा शनिवार को रांची में भाजपा की बैठक में बोल रहे थे।

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 23 अगस्त को आक्रोश रैली का आयोजन किया है। इसकी तैयारी को लेकर शनिवार को रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में पार्टी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में विस्वा सरमा के अलावा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी समेत अन्य नेताओं ने युवा आक्रोश रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। विस्वा सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन न वादा निभाते हैं, न जनता से माफी मांगते हैं। मुख्यमंत्री का बोलने का तरीका डेमोक्रेटिक नहीं है। ऐसी सरकार अगर आगे चली, तो राज्य के युवाओं का कोई भविष्य नहीं बचेगा। सरमा ने हेमंत सरकार को मुख्यमंत्री मंईयां योजना, कृषि ऋण माफी योजना आदि को लकेर कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने घुसपैठियों के कारण राज्य की डेमोग्राफी बदलने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को राज्य का एजेंडा अब युवा तय करेगा।

**नेताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश:** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की युवा शक्ति राज्य को लुटेरों, भ्रष्टाचारियों से बचाने के लिए नये उलगुलान और हुल करने के लिए तैयार है। हेमंत सरकार ने ठग कर जनादेश लिया। उन्होंने कहा कि अब राज्य का युवा लाठी गोली से डरनेवाला नहीं। 23अगस्त को राज्य के युवा हेमंत सरकार की जड़ हिला देंगे। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आगामी 23 अगस्त को युवाओं की रैली नहीं रैला होगा। युवाओं का जन सैलाब हेमंत सरकार को गद्दी छोड़ने को मजबूर कर देगा। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सेवा और संघर्ष के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस मौके पर सांसद संजय सेठ, दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान समेत अन्य नेतागण मौजूद थे।



### हेमंत को संन्यास दिलायेंगे युवा: बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने राज्य के युवाओं को ठगा, किसानों को ठगा, बहन-बेटियों की इज्जत लुटवाई, जल-जंगल-जमीन को लूटा और लुटवाया। ऐसी सरकार को राज्य हित में एक क्षण भी बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पांच साल में विकास का एक उदाहरण भी हेमंत सरकार नहीं दे सकती। अब जनता का भरोसा इस सरकार से उठ चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हेमंत सरकार के झूठ को चौक-चौराहों पर बार-बार दोहराने की अपील की। बाबूलाल ने कहा कि ये सरकार मोदी सरकार की नकल करने को चली, वह भी नहीं कर सकी। जनता को ग्रीन कार्ड से राशन देने की बात की, लेकिन एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी। जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। युवा शक्ति आज कमर कस कर राज्य सरकार के खिलाफ खड़ी है। हेमंत सोरेन अब खुद संन्यास नहीं ले रहे, तो 23अगस्त को युवा शक्ति उन्हें संन्यास लेने के लिए बाध्य कर देगी।

जन्मदिन पर सीएम ने शेयर की जेल की मुहर वाली तस्वीर

# हेमंत ने जेल में बिताये अनुभवों को किया साझा



सोशल मीडिया पर किया भावुक पोस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने 49वें जन्मदिन पर जेल में हाथ पर मुहर की तस्वीर शेयर की है। सोशल मीडिया पर इस तस्वीर के साथ उन्होंने अपने जेल में गुजरे साल के अनुभव को साझा किया है। उन्होंने लिखाः आज अपने जन्मदिन के मौके पर बीते एक साल की स्मृति मेरे मन में अंकित है। वह है यह कैदी का निशान, जो जेल से रिहा होते वक्त मुझे लगाया गया। यह निशान केवल मेरा नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की वर्तमान चुनौतियों का प्रतीक है।

हेमंत ने आगे लिखा कि जब एक चुने हुए मुख्यमंत्री को बिना किसी सबूत, बिना कोई शिकायत, बिना कोई अपराध जेल में 150 दिनों तक डाल सकते हैं, तो फिर ये आम आदिवासियों, दलितों, शोषितों के साथ क्या करेंगे। यह मुझे कहने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए, आज के दिन मैं और ज्यादा कृतसंकल्पित हूं।

### लड़ाई जारी रहेगी

हेमंत ने लिखा कि हर शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ा, आदिवासी, मूलवासी के पक्ष में लड़ने के अपने संकल्प को और मजबूत करता हूं। मैं हर उस व्यक्ति, समुदाय के लिए आवाज उठाऊंगा, जिसे दबाया गया है। जिसे न्याय से वंचित रखा गया है। जिसे उसके रंग, समुदाय, खान पान, पहनावे के आधार पर सताया जा रहा है।

### रास्ता आसान नहीं

मुख्यमंत्री ने लिखा, हमें एकजुट होकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना होगा, जहां कानून सभी के लिए समान हो। जहां सत्ता का दुरूपयोग न हो। हां, यह रास्ता आसान नहीं होगा। हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम मिल कर इन चुनौतियों को पार कर सकते हैं, क्योंकि हमारे देश की एकता, विविधता में ही हमारी शक्ति है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 11 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# घुसपैठ के भंवर में फंस गयी है झारखंड कांग्रेस की नाव

## ■ विधानसभा चुनाव में भीतरी-बाहरी के मुद्दे से पार्टी को ही होगा बड़ा नुकसान

## ■ इसके बाद अंतरकलह के कारण भी चुनावी संभावना पर पड़ सकता है असर

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की गहमा-गहमी के बीच एक मुद्दा बड़े जोर-शोर से उठ रहा है और वह है घुसपैठ का मुद्दा। भाजपा ने पहले संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया और अब यह गाड़ी भीतरी-बाहरी के विवाद के स्टेशन पर अटक गयी है। पहले कांग्रेस की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और फिर उनके पिता और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने इस मुद्दे पर जो बयान दिया, उससे कांग्रेस बुरी तरह घिर गयी है। हालांकि पार्टी ने डैमेज कंट्रोल के तहत इन बयानों से खुद को अलग कर लिया, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि झारखंड विधानसभा की सामान्य सीटों पर कांग्रेस को इसी मुद्दे के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। आसन्न विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में पार्टी की एक और चिंता इसी मुद्दे से जुड़ी हुई है। भीतरी-बाहरी के मुद्दे को लेकर पार्टी में अभी से ही गुटबाजी साफ दिखने लगी है। इन दोनों मुद्दों के रूप में विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती कांग्रेस के सामने है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में दो सीटों पर जीत हासिल करने और 15 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल करने के बावजूद झारखंड कांग्रेस इस विधानसभा चुनाव में 2019 का प्रदर्शन दोहरा सकेगी, इसको लेकर अभी से ही संदेह व्यक्त किया जाने लगा है। इस एक मुद्दे के कारण कांग्रेस के भीतर पैदा हुई दुविधा और खेमेबाजी, पार्टी के भीतर का वर्तमान माहौल और उसकी संगठनात्मक स्थिति के अलावा पार्टी की रणनीति को देख कर तो यही लगता है कि कांग्रेस को इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। क्या है इन मुद्दों को लेकर झारखंड कांग्रेस की तैयारी और चुनौती, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच इन दिनों घुसपैठ का मुद्दा पूरे उफान पर है। भाजपा द्वारा उठाये गये इस मुद्दे ने जहां सत्ताधारी इंडी गठबंधन को रक्षात्मक रुख अपनाने पर मजबूर कर दिया है, वहीं सत्ता में साझीदार कांग्रेस अपने एक विधायक और फिर अपने कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा बाहरी-भीतरी का मुद्दा इसमें जोड़ने के बाद से मुश्किल में घिर गयी है। पार्टी की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और बाद में उनके पिता सह झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के बयानों ने कांग्रेस के सामने दुविधा की स्थिति पैदा कर दी है। पार्टी ने हालांकि इन दोनों बयानों को संबंधित नेताओं का निजी बयान बताते हुए इससे किनारा कर लिया है, लेकिन आसन्न चुनाव में इसका नुकसान उसे उठाना ही होगा।

### क्या कहा था शिल्पी नेहा तिर्की ने

मांडर से कांग्रेस की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भाजपा द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाने पर कहा कि रांची, जमशेदपुर और धनबाद, रामगढ़, बोकारो समेत झारखंड के बड़े शहरों में बिहार-उत्तरप्रदेश से बाहरी लोग आकर बस गये हैं। रामगढ़ में बिहार के लोग मुखिया तक बन जा रहे हैं। भाजपा इस पर क्यों नहीं बोलती। उनके पिता और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने भी उनके इस बयान का समर्थन किया। इस बयान के बाद कुछ लोगों ने शिल्पी नेहा तिर्की से यह सवाल भी पूछा कि आप अपने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से क्यों नहीं पूछतीं। वह कहां के रहनेवाले हैं।

### डैमेज कंट्रोल में जुटी कांग्रेस

विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के बयान के बाद विवाद बढ़ता देख कांग्रेस डैमेज कंट्रोल में जुट गयी। पार्टी ने इस बयान से किनारा करते हुए साफ कर दिया कि यह उनका निजी बयान है। लेकिन बात बनती नहीं दिख रही है। कांग्रेस के भीतर इस मुद्दे को लेकर अब खेमेबंदी होने लगी है और इसका नुकसान विधानसभा चुनाव में होना स्वाभाविक है।

### सामान्य सीटों पर कांग्रेस को होगी मुश्किल

भीतरी-बाहरी के इस मुद्दे के कारण कांग्रेस को सामान्य सीटों पर नुकसान उठाना पड़ सकता है। झामुमो के लिए यह मुद्दा उसकी घोषित लाइन के अनुरूप है और वैसे भी आदिवासी सीटों पर उसे किसी से चुनौती मिलती नहीं दिख रही है। इसलिए अब कांग्रेस को ही इस मुद्दे पर एक लाइन लेनी होगी, जो उसे असमंजस में फंसा रही है। यदि पार्टी भीतरी-बाहरी पर कोई एक लाइन लेती है, तो यह उसके लिए आत्मघाती साबित होगा। पार्टी के भीतर इसी को लेकर मंथन चल रहा है। बंधु तिर्की का खेमा चाहता है कि पार्टी इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे और इसी बहाने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ माहौल बन सके, जबकि राजेश ठाकुर अपनी पूरी ताकत बंधु तिर्की के दांव को विफल करने में लगाये हुए हैं। वैसे भी जानकारों का मानना है कि इस मुद्दे के उठने के बाद कांग्रेस को सामान्य सीटों पर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।



### झारखंड कांग्रेस में अंतरकलह

झारखंड में लोकसभा की दो सीटों पर जीत हासिल करने के बावजूद प्रदेश कांग्रेस में अंतरकलह कम नहीं हुआ है। प्रदेश नेतृत्व से असंतुष्ट खेमे का कहना है कि सात में से पांच सीटों पर कांग्रेस की हार हुई है। यह बहुत अच्छी स्थिति नहीं है। इसलिए प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की मांग एक बार फिर तेज होने लगी है। पिछले दिनों पार्टी की ओर से बुलायी गयी विस्तारित कार्यसमिति की बैठक से लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक तक में प्रदेश प्रभारी की उपस्थिति में यह मुद्दा जोरशोर से उठाया गया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के साथ-साथ कई आदिवासी विधायकों और मंत्रियों ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कमेटी में बदलाव की बात कही। बंधु तिर्की ने तो सात में से पांच सीट गंवाने की नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से इस्तीफे तक की मांग कर दी। हालांकि अब जो सूचना मिल रही है, उसके अनुसार राजेश ठाकुर की पकड़ अभी भी मजबूत है और बंधु तिर्की अपने मकसद में कामयाब होते नहीं दिख रहे। वैसे कांग्रेस का एक धड़ा यह भी चाहता है कि इन दोनों की लड़ाई में किसी दूसरे को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंप दी जाये। ऐसे लोग डॉ प्रदीप यादव, जलेश्वर महतो और शहजादा अनवर का नाम आगे कर रहे हैं।

### कैसा था लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन

हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 में से पांच सीटों पर इंडिया गठबंधन ने जीत हासिल की थी। इनमें तीन सीटें झामुमो ने और दो सीटें कांग्रेस ने जीतीं। कांग्रेस ने सात, झामुमो ने पांच और राजद और भाकपा माले ने एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारा था। झामुमो को 13 और कांग्रेस को 15 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल हुई। इन 28 में से केवल पांच सामान्य सीटें थीं। झारखंड कांग्रेस ने यह कह कर लोकसभा चुनाव परिणाम को ऐतिहासिक बताया कि 20 साल बाद कांग्रेस को राज्य में दो सीटें मिली हैं। यह उसके लिए बड़ी कामयाबी है।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जिन विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली, उनमें गुमला (एसटी), बिशुनपुर (एसटी), लोहरदगा (एसटी), खरसावां (एसटी), तमाड़ (एसटी), मांडर (एसटी), तोरपा (एसटी), खूंटी (एसटी), सिसई (एसटी), सिमडेगा (एसटी), कोलेबिरा (एसटी), खिजरी (एसटी), मनिका (एससी), मधुपुर और महागामा (सामान्य सीट) शामिल हैं।

### कांग्रेस के सामने क्या है चुनौती

कांग्रेस ने आसन्न चुनाव में 33 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का मन बनाया है। सीट शेयरिंग के लिहाज से यह बहुत मुश्किल नहीं है, क्योंकि झामुमो भी करीब 35 सीटों पर उम्मीदवार दे सकता है। बाकी सीटें राजद और वाम दलों के लिए छोड़ी जा सकती हैं। कांग्रेस ने इस पर विचार के लिए दिल्ली में बैठक भी बुलायी है। कांग्रेस को पिछले विधानसभा चुनाव में 31 सीटें मिली थी, जबकि झामुमो के हिस्से में 43 सीटें आयी थीं।

इन तमाम परिस्थितियों के बीच अब यह साफ हो गया है कि झारखंड कांग्रेस की गाड़ी अब तक संतुलित नहीं है। अनर्गल बयानबाजी और खेमेबंदी पर पार्टी नेतृत्व ने ध्यान नहीं दिया, तो उसके लिए अपनी चुनावी नैया को पार लगाना मुश्किल हो जायेगा।

---

**गैंगस्टर अमन सिंह हत्याकांड : सीआइडी जांच में खुलासा**

# सिपाही ने जेल के गेट पर रिसीव की थी पिस्टल, जमादार ने जेल के अंदर पहुंचाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद जेल में तीन दिसंबर 2023 को गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले की सीआइडी जांच कर रही है। गैंगस्टर हत्याकांड मामले में सीआइडी की पूरक चार्जशीट से नया खुलासा हुआ है। सीआइडी की पूरक चार्जशीट के अनुसार, अमन सिंह को मारने के लिए मोबाइल पर कोड वर्ड में दो ब्रेटा पिस्टल जेल के बाहर से मंगाये गये थे। जेल सिपाही शिव स्नेही ने गेट पर पिस्टल को रिसीव किया था। वहीं जेल जमादार जितेंद्र सिंह ने खाने के पैकेट में भरे पिस्टल और गोलियों को विकास बजरंगी के वार्ड तक पहुंचाया था। सीआइडी को दिये बयान में यूपी जौनपुर निवासी राहुल सिंह राजपूत ने इसका जिक्र किया है। सीआइडी ने धारा 164 के तहत राहुल सिंह का बयान न्यायालय में दर्ज कराया है। इस मामले में अब तक रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो, विकास कुमार उर्फ विकाश बजरंगी, सतीश कुमार उर्फ गांधी, चंदन यादव उर्फ ब्रजेश यादव, सहजाद कुरैशी, बंटी उर्फ धनु वर्मा, पिंटू सिंह उर्फ जयनेंद्र कुमार, अभिमन्यु कुमार सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है।




**विकास बजरंगी और अमन सिंह के बीच हुआ था विवाद**

राहुल ने सीआइडी को बताया कि एक माह पहले कतरास के कोयला कारोबारी मनोज यादव की हत्या में धनबाद जेल में बंद विकास बजरंगी और अमन सिंह के बीच विवाद हुआ था। अमन सिंह ने विकास के घरवालों को जान से मारने की धमकी दी थी। वहीं विकास ने भी अमन को मारने की चेतावनी दी थी। हत्या से कुछ ही दिन पहले अमन सिंह का करीबी राहुल सिंह अपने गिरोह के वैभव यादव से मिलने विकास बजरंगी के वार्ड में गया था। उस दिन उसने विकास को किसी से फोन पर बातचीत करते सुना था। विकास किसी से कोड वर्ड में कह रहा था कि दो सेट और 40 चना भेज देना। खाने के पैकेट में डाल कर गेट पर सिपाही स्नेही को देने का निर्देश दिया था। एक घंटे बाद जमादार जितेंद्र सिंह वहां पर थैला में खाने का पैकेट लेकर पहुंचा था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि स्टोर रूम में सब्जी के झोले में छिपाकर पिस्टल रखी गयी थी।

**पैर दबानेवाले ने ही अमन सिंह के शरीर में उतार दी गोली :** गैंगस्टर अमन सिंह को अपनी जान का खतरा था और इसलिए वह अपने आसपास किसी को फटकने तक नहीं देता था। गिनती के ही लोग थे, जो उसके वार्ड से बाहर आने के बाद उससे मिलते व बात करते थे। लेकिन रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो जेल के अंदर आते ही उसका करीबी बन गया। सूत्रों ने बताया कि 25 नवंबर को रितेश जेल में आया और उसके दो दिन के बाद ही अमन सिंह का सेवक बन गया। वह अमन सिंह का पैर दबाने का काम करता था। लेकिन अमन को कहां पता था, जो उसका पैर दबा रहा है, वही उसका काल बन जायेगा।

---

# होटवार जेल में एसएसपी और डीसी के नेतृत्व में छापेमारी

## खैनी, गुटखा समेत कई सामान बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में एसएसपी और डीसी के नेतृत्व में शनिवार की सुबह छापेमारी की गयी। करीब तीन घंटे तक कुख्यात और अन्य कैदियों के वार्डों और सेलों की तलाशी ली गयी। साथ ही रसोई, अस्पताल, मुलाकाती कक्ष, खेल का मैदान, पुस्तकालय, योग/ध्यान केंद्र, डेयरी, साबुन बनाने की इकाई आदि का भी निरीक्षण किया गया। छापेमारी के दौरान खैनी, गुटखा, भांग और एक पेन ड्राइव बरामद किया गया। इस पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावा किसी तरह की कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं की गयी।

**200 से अधिक अधिकारी और पुलिस बल जांच में शामिल**

जानकारी के अनुसार, एसएसपी और डीसी के नेतृत्व में 200 से अधिक अधिकारी और पुलिस बल शनिवार की सुबह होटवार जेल का औचक निरीक्षण किये। छापेमारी टीम में रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के अलावा सिटी एसपी राजकुमार मेहता, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट संजय कुमार, जफर हसनात समते 200 पुलिस जवान शामिल रहे।

---

# गैंगस्टर अमन साहू की राजदार पम्मी गिरफ्तार

## दो दिन पहले पति आकाश का फोन हुआ था जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने झारखंड एटीएस की मदद से गैंगस्टर अमन साहू की करीबी पम्मी को गिरफ्तार किया है। पम्मी, अमन साहू के खास आदमी आकाश राय की पत्नी है। बताया जा रहा है कि पम्मी अमन साहू गैंग को हथियार और पैसे पहुंचाने का काम करती थी। पम्मी की गिरफ्तारी का कारण सिमडेगा जेल में बंद उसके पति आकाश राय के पास से एक स्मार्टफोन बरामद होना था। शुक्रवार को एटीएस की टीम को यह फोन मिला था। इसी फोन से मिली जानकारी के आधार पर पम्मी को पकड़ा गया। झारखंड एटीएस की जांच में पता चला है कि अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई मिलकर काम करते हैं। दोनों के गुर्गे भी एक साथ काम करते हैं। पम्मी अमन साहू गैंग के शूटरों को हथियार और पैसे देती थी।



**कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग के वक्त भी थी मौजूद**

जुलाई में छत्तीसगढ़ के एक बड़े कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग हुई थी। जांच में पता चला है कि उस समय पम्मी वहां मौजूद थी। 13 जुलाई को छत्तीसगढ़ के पीआरए बर्बरीक और आरकेटीसी कंपनी के दफ्तर के बाहर भी फायरिंग हुई थी। बाद में फायरिंग की तस्वीर सोशल मीडिया पर भी डाली गयी थी। धमकी दी गयी थी कि जबतक रंगदारी नहीं देंगे काम नहीं करने दिया जायेगा। पुलिस का कहना है कि छत्तीसगढ़ के कारोबारी के घर फायरिंग की पूरी घटना के पीछे पम्मी का ही हाथ था। छत्तीसगढ़ पुलिस पम्मी की तलाश में जुटी थी और आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

---

# साहिबगंज : मंदिर में चोरी, तनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र स्थित सोतीचौकी खुटहरी में शनिवार की सुबह राम मंदिर से एक अष्टधातु से बनी बजरंग बली की मूर्ति चोरी का मामला सामने आया। जानकारी के मुताबिक पुजारी भरत लाल पट खोलने के लिए मंदिर पहुंचे। उसी दौरान बाइक सवार तीन युवक मंदिर के पास पहुंचे। एक युवक पूजा करने के बहाने मंदिर के अंदर घुसा और बजरंग बली की मूर्ति को चोरी कर लिया। उसी वक्त उसका एक अन्य साथी पुजारी को अपनी बातों में उलाझाये रखा। मंदिर के पुजारी भरत लाल मंडल को जब मूर्ति के चोरी होने की आहट मिली, तो उन्होंने आवाज देकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया। इसके बाद कई ग्रामीण उन चोरों को पकड़ने के लिए उनके पीछे दौड़े। भागने के क्रम में दो चोर पकड़े गये। उनके साथ वारदात को अंजाम देनेवाला एक अन्य साथी फरार हो गये। पकड़े गये एक युवक की पहचान समर अली के रूप में हुई है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.1°c | 23.4°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.25 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.22 बजे |

## अपने जन्म दिन पर गृह रक्षकों को सीएम हेमंत सोरेन ने दी बड़ी सौगात

# गृहरक्षकों को अब रोज 1088 रुपये

**गृहरक्षकों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक दिये जाने के प्रस्ताव को दी स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जन्म दिवस के अवसर पर गृह रक्षकों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने गृहरक्षकों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक दिये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत गृहरक्षकों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक के रूप में एक हजार अठासी रुपये प्रतिदिन की दर से भुगतान किये जाने का प्रस्ताव है। वर्तमान में इन्हें पांच सौ रुपए मात्र प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाता है। वर्तमान में विधि-व्यवस्था के लिए गृहरक्षकों की संख्या 3527 है।

## 49वें जन्मदिन पर पिता शिबू सोरेन से हेमंत ने लिया आशीर्वाद



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को 49 वर्ष के हो गये। खुशी के इस मौके पर उन्हें बधाइयां देनेवालों का तांता लगा रहा। जन्मदिन पर वह मोरहाबादी स्थित पिता शिबू सोरेन के आवास पहुंचे और पांव छूकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सोशल मीडिया में पोस्ट डालकर उन्होंने कहा कि जन्मदिवस के अवसर पर सर्वप्रथम पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन का आशीर्वाद लिया। बता दें कि हेमंत सोरेन का जन्म 10 अगस्त 1975 को रामगढ़ के नेमरा में हुआ था।

## सीएम को जन्मदिन पर पुस्तक भेंट किया संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य ने



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके जन्मदिन के अवसर पर संत जेवियर्स कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा, एसजे, कुलसचिव डॉ. फादर प्रभात केनेडी सोरेंग और बीएड हेड डॉ फादर फ्लोरेंस पूर्ति ने शनिवार को मिल कर बधाई एवं शतायु होने की शुभकामनाएं दीं। मौके पर प्राचार्य ने कॉलेज की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान सीएम को फादर फ्लोरेंस पूर्ति द्वारा संपादित किताब 'रीओरिएंटेशन ऑफ हायर एजुकेशन एज एनवीजंड इन एनइपी 2020' और डॉ फादर केनेडी द्वारा लिखित किताब 'लर्न हाउ टू ग्रो मशरूम' भेंट की गयी।


Reg. No.: 344/2008
SHAHEED SHEIKH BHIKHARI COLLEGE OF EDUCATION
Recognised by NCTE, Bhubaneshwar, Affiliated by Ranchi University, Ranchi
Sutlyambe - Pithoria, Kanke, Ranchi - 834006 (Jharkhand)
Phone No.: 0651-6572899 | Email: ssbcollegeofeducation@gmail.com | Website: www.ssbce.edu.in
VACANCY
ASSISTANT PROFESSOR-01
Subject-Economics M.A. in School Subject with 55% & B.Ed. M.Ed. with 55% Marks and NET/Ph.D. in the relevant subject or Education.
N.B: - Kindly send your application with self attested Xerox copies of all the relevant documents/testimonials on college address by Speed Post only. Short listed candidates will be called for interview. The college management reserve the right to accept/reject any application without assigning any reason.
Last Date :- 25-08-2024
Contact :- 89867 17710
(Mr. Tausif Ahmad)
Sd/-
Secretary


## राहुल ने हेमंत सोरेन को जन्मदिन की बधाई दी

रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि गठबंधन इंडिया गरीबों, वंचितों और आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ेगा और जीतेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सोरेन को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने पोस्ट में कहा कि हेमंत सोरेन की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। इंडिया गठबंधन देश में सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तीकरण और समावेशी विकास के लिए मिल कर लड़ रहा है।

## झारखंड आदिवासी महोत्सव: कलाओं के माध्यम से आदिवासी जीवन दर्शाने का प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 के अवसर पर विभिन्न कलाकारों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। विभिन्न राज्यों से आये चित्रकला और पेंटिंग के कलाकारों ने आदिवासी जीवन दर्शन कराने का अनूठा प्रयास किया। इस अवसर पर संताल परगना की पारंपरिक लोक चित्रकला जादो पटिया देखने को मिला, जो कि जादो समाज के इतिहास, रहन-सहन और खान-पान को दर्शाता है। इनमें नेशनल फेलोशिप अवार्डी नीलम नीरद, अर्पित राज







नीरद, निताई चित्रकार, गणपति चित्रकार, दशरथ चित्रकार, दयानंद चित्रकार, जीयाराम चित्रकार आदि शामिल हैं। कलाकारों को जादो पटिया पेंटिंग के खोजकर्ता डॉ आरके नीरद ने जादो पटिया और पटकर पेंटिंग की जानकारी दी। हजारीबाग जिले के बादम से सोहराई कला की उत्पत्ति मानी जाती है। इसे ब्रांड के रूप में बुल्लू इमाम और उनके परिवार के सदस्यों ने स्थापित करने का काम किया है। अल्का इमाम ने सोहराई कला को महत्व देते हुए अलग-अलग प्रयोग किये और इस कला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में लगी हैं। हजारीबाग से आयी अल्का इमाम, बेलनगिनी रोबर्ट मरियम, उषा पन्ना और प्रमीला किरण लकड़ा सोहराई कला के माध्यम से मानव समाज को प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश दे रही हैं। वे कहती हैं कि प्रकृति रहेगी, तो जीवन रहेगा। वहीं शांति निकेतन से आये मादी लिंडा अपनी अद्भुत कला की प्रदर्शनी कर रहे हैं। इसे जनी शिकार के नाम से जाना जाता है। इसका अर्थ जिस शिकार में महिलाएं शामिल हों। झारखंड राज्य में हर बारह वर्षों में जनी-शिकार के आयोजन की परंपरा रही है। यह परंपरा उरांव जनजाति के गौरवशाली इतिहास को दर्शाती है। महिलाएं इस चित्र को काफी पसंद कर रही हैं और इसकी सराहना कर रही हैं। झारखंड आदिवासी महोत्सव के इस प्रदर्शनी में फाइन आर्ट से संबंधित करीब 55 कलाकारों ने हिस्सा लिय।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी में उन्नति,महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,आर्थिक लाभ,मान-सम्मान की वृद्धि होगी। |
| वृष | लाभ के एकाधिक अवसर प्राप्त होंगे। शारीरिक स्वास्थ्य प्रायः उत्तम रहेगा। सामयिक कार्यों में श्रमानुकूल सफलता मिलेगी। |
| मिथुन | व्यापार-व्यवसाय में सफलता की ओर अग्रसर होंगे। नौकरी-पेशा से जुड़े लोगों को उच्चाधिकारियों का समर्थन मिलेगा। |
| कर्क | दैनन्दिन जीवन की नियमितता बनाये रखें, समस्याओं के समाधान के मार्ग प्रशस्त होगा। |
| सिंह | कर्मशक्ति का विकास, शत्रुविजय, शैक्षणिक सफलता मिलेगी। राजनीतिक व्यक्तियों का प्रभाव बढ़ेगा। |
| कन्या | आर्थिक दृष्टि से समय अनुकूल चल रहा है, परिश्रम से इच्छित सफलता मिल सकती है। |
| तुला | परेशानियों से मुक्ति मिलेगी, अनेक महत्वपूर्ण काम जो काफी दिनों लम्बित हड़े थे। |
| वृश्चिक | रोजगार-व्यापार सभी क्षेत्रों में सफलता के अवसर मिलेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। |
| धनु | विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। पारिवारिक दायित्व पूरे होंगें। |
| मकर | नवीन व्यापारिक योजना सफल होगी। नये लोगों से सम्पर्क होगा। घर मांगलिक कार्य का सम्पादन होगा। |
| कुंभ | आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में प्रयासों के अनुरूप ही सफलता मिलेगी। |
| मीन | भौतिक सुख-साधनों की वृद्धि होगी नौकरी में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। |

## राज्यपाल ने हरियाणा-हिमाचल के राज्यपाल से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को नयी दिल्ली एयरपोर्ट पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख एल मांडविया से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुख्यमंत्री आवास लखनऊ में मुलाकात की। यह दोनों की शिष्टाचार मुलाकात बताया गया।

## बंगाल में महिला डॉक्टर की हत्या को अन्नपूर्णा देवी ने बताया शर्मनाक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोलकाता के प्रमुख सरकारी अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी और हत्या को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शर्मनाक बताया। उन्होंने बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार, दरिंदगी और हत्या की लगातार बढ़ती घटनाओं को लेकर राज्य की तृणमूल सरकार पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वैसे तो चीख-चीखकर मां, माटी, मानुस की बात करती हैं, लेकिन उनके शासन में महिलाओं की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। कोलकाता के प्रसिद्ध आरजी मेडिकल कॉलेज में परिसर के



अंदर प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ इतनी घृणित और जघन्य वारदात हो जाती है और किसी को भनक नहीं लगी। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और प्रशासन को जल्द से जल्द सभी दोषी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति में डूबी संवेदनहीन तृणमूल सरकार के खिलाफ लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

दो दिनों से राज्य के मेडिकल छात्र, नर्सें और आम लोग महिला डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए जगह-जगह सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं, जिसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बंगाल में कानून-व्यवस्था की हालत कितनी खराब है।

## यादों का बक्सा किताब शहीदों के बलिदान की कहानी है: संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बैंकर सौरभ रॉय की वीर शहीदों के अमूल्य बलिदान पर पहली किताब यादों का बक्सा का विमोचन किया गया। शनिवार को रांची के माहेश्वरी भवन में इस पुस्तक का विमोचन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। पुस्तक में कारगिल से पुलवामा और लखीसराय से दंतेवाड़ा तक आतंकी-नक्सली हमलों में शहीद हुए वीर सपूतों और उनकी यादों से जुड़ी चीजों का मार्मिक विवरण है। संजय सेठ ने शहीदों के बलिदान और उनके परिवार के समर्पण पर किताब लिखने की सराहना की। ऑनलाइन प्लेटफार्म अमेजन और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध 96 पन्नों की ये किताब लोगों से सराहना बटोर रही है। इस मौके पर विधायक सीपी सिंह, अजय मारु, विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

## नौ जिलों में चलेगा फाइलेरिया मुक्ति अभियान

रांची (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से झारखंड राज्य में की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। बन्ना गुप्ता ने तय समय पर और निर्धारित लक्ष्य हासिल करने तक राज्य से फाइलेरिया के उन्मूलन तक अभियान जारी रखने की बात कही। बताया कि झारखंड के चतरा, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पलामू, सरायकेला और पश्चिम सिंहभूम में यह प्लान चलेगा। इसके तहत 14 हजार 95 गांव को चिह्नित कर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से तीन करोड़ 11 लाख दवा देने की योजना बनायी गयी है।

## दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 26 और 27 अगस्त को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति रांची की ओर से अलबर्ट एक्का चौक मेन रोड में 26-27 अगस्त को दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जायेगा। वर्तमान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के संरक्षक संजय सेठ, सीपी सिंह, अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा हैं। आयोजन समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि 26-27 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति की ओर से अलबर्ट एक्का चौक मेन रोड में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जायेगा। श्री सेठ ने बताया समिति की ओर से 14 वर्षों से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है। 26 अगस्त को अपराह्न चार बजे झांकी प्रतियोगिता के साथ महोत्सव का उद्घाटन किया जायेगा। इस उपलक्ष्य पर श्री कृष्ण के बाल रूप की झांकी सहित बाल गोपाल सजाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। इसमें 10 वर्ष तक




के बच्चे-बच्चियां श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी। बाल गोपाल प्रतियोगिता में बच्चों के बीच प्रथम, द्वितीय पुरस्कार सहित सांत्वना पुरस्कार भी दिया जायेगा। 27 अगस्त को संध्या चार बजे से दही-हांडी फोड़ प्रतियोगिता सह भजन संध्या का आयोजन होगा। दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम और महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगी। प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। हांडी फोड़ प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन फॉर्म 14 अगस्त 2024 से प्राप्त होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए फिरायलाल में केडिया साइकिल के राजेंद्र केडिया से स्टेशन रोड में पतंजलि में सतीश सिन्हा से संपर्क किया जा सकता है। प्रेस वार्ता में कुणाल आजमानी, महासचिव रवींद्र मोदी, रमेंद्र कुमार, जवाहर तनेजा, प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, चंद्रकांत रायपत, कमलजीत सिंह, आशीष भाटिया, राम बांगड़, राज वर्मा, मनीष साहू, संतोष सेठ, सत्येंद्र सिंह गुड्डू, आनंद श्रीवास्तव,संजय जयसवाल, सतीश सिन्हा, नीरज चौधरी समेत अन्य मौजूद थे।

## शिकारी जाल बिछायेगा, दाना डालेगा पर फंसना नहीं: बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने हेमंत सोरेन पर तंज कसा है। ट्वीट कर कहा है कि शिकारी आयेगा, जाल बिछायेगा, दाना डालेगा, पर लोभ में आकर फंसना नहीं। उन्होंने सीएम से सवाल करते हुए पूछा है कि 2019 से 2024 इन 5 सालों का हिसाब और आपने जो वादा किया था, उसका जवाब कौन देगा मुख्यमंत्री जी। पूरे राज्य को याद है कि 2019 चुनाव से पूर्व अमर शहीद निर्मल महतो जी के शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री जी ने जो वादा किया था कि युवाओं को 5 लाख सरकारी नौकरियां दी जायेंगी, नहीं तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उसका क्या हुआ।

**बेरोजगारी भत्ते का क्या हुआ :** बाउरी ने आगे ट्वीट में लिखा है कि अगर नौकरी नहीं तो बेरोजगारों को महीने का 5000 से 7000 का बेरोजगारी भत्ता, उसका क्या हुआ। इन्होंने गरीब परिवारों से यह वादा किया था कि सरकार बनते ही गरीबों के खातों में



सालाना 72 हजार हजार रुपये दिये जायेंगे, उसका क्या हुआ। सरकार बनते ही संविदा कर्मियों को नियोजित किया जायेगा और स्थायी समाधान यथाशीघ्र निकाला जायेगा, उसका क्या हुआ। मुख्यमंत्री जी ध्यान रहे काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है। 2019 का चुनाव ये ठगबंधन ने झूठे वादों पर लड़ा, इस बार यह चुनाव प्रलोभन के सहारे लोगों को ठग कर लड़ने की तैयारी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा का 2019 चुनाव का निश्चय पत्र इतिहास में ठगी पत्र के नाम से जाना जायेगा।

## जुडको के संविदा कर्मियों ने वेतन बढ़ाने को लेकर काम ठप रखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जुडको अधिकारियों-कर्मियों की लगातार चौथे दिन की हड़ताल से जुडको से संचालित लगभग सारी योजनाओं का काम प्रभावित हो गया है। शहरी विकास की योजनाओं पर असर पड़ रहा है। इसके साथ ही नगर विकास मंत्री हफीजुल अंसारी, नगर विकास सचिव के काम में तेजी लाने के निर्देशों का भी अनुपालन होना मुश्किल हो गया है। इधर, चौथे दिन जुडको के सभी हड़ताली संविदा कर्मी सुबह शनिवार को ऑफिस पहुंच गये, लेकिन अपने कार्यस्थल पर न बैठ कर सीधे कांफ्रेंस हॉल चले गये और काम ठप रखा।

हालांकि न तो सरकार की ओर से और न ही जुडको प्रबंधन की ओर से किसी ने उनसे वार्ता नहीं की। बता दें कि जुडको के कर्मी वेतन-मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर काम ठप किये हुए हैं। उनका कहना है कि नियुक्ति के बाद से ही वेतन वृद्धि नहीं हुई है, जिस वजह से निराशा का माहौल है।



### इन योजनाओं का काम प्रभावित

हजारीबाग और देवघर सेप्टेज का काम 31 अगस्त तक पूरा करा के इसका उद्घाटन सिंतबर तक कराने की योजना है। गुमला-सिमडेगा नगर परिषद में फिस्कल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का काम 31 अगस्त तक पूरा कराने का लक्ष्य है। निर्माण ठोस अपशिष्ट प्लांट के काम मे तेजी लाने का निर्देश है। शहरी आजीविका मिशन के कार्यों को 30 सितंबर तक कराने का निर्देश दिया गया है। एरिया लेबल फेडरेशन के शत-प्रतिशत लक्ष्य को 30 सितंबर तक पूरा करने को कहा गया है। पीएम आवास योजना शहर के छत स्तर तक बने घरों को 31 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसी तरह कांटाटोली फ्लाइ ओवर, रवींद्र भवन और ट्रांसपोर्ट नगर योजना का काम भी प्रभावित हो गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
Subscribe NOW



# रेलवे लेबल क्रॉसिंग की जगह अब आरओबी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य के अंतर्गत सभी लेबल क्रॉसिंग की सूची तैयार की जायेगी। इन लेबल क्रासिंग के स्थान पर आरओबी, आरयूबी, एनएचएस, एलएचएस या किसी अन्य व्यावहारिक संरचना का निर्माण किया जायेगा। झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग और दक्षिण पूर्व रेलवे के बीच इस संबंध में एमओयू साइन किया जायेगा। यह काम रेलवे और पथ निर्माण विभाग अब मिल कर करेगा। आरओबी निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति दी जायेगी। इसके निर्माण लागत, संशोधन, बदलाव इत्यादि रेलवे और पथ विभाग के सहयोग से तय किया जायेगा। राशि का आवंटन भी रेल मंत्रालय और झारखंड सरकार करेगी।



चरणबद्ध तरीके से लेबल क्रासिंग को समाप्त किया जायेगा। आरओबी निर्माण और एप्रोच रोड के लिए सरकार से जमीन ली जायेगी, तो उसकी स्वीकृति दिलायी जायेगी। यह एमओयू एनएच पर लागू नहीं होगा। सिर्फ रेलवे लेबल क्रॉसिंग के लिए काम करेगा। दो लेन या चार लेन आरओबी, आरयूबी निर्माण इत्यादि के लिए मानक तय किये गये हैं। आरओबी निर्माण की कुल लागत का 50 प्रतिशत रेलवे और 50 फीसदी झारखंड सरकार वहन करेगी। इसके अतिरिक्त अप्रोच, डायवर्सन और स्ट्रक्चर निर्माण की लागत भी राज्य सरकार वहन करेगी। एमओयू जल्द ही रेलवे और राज्य सरकार के नामित पदाधिकारी के बीच साइन किया जायेगा।

दरअलस, रेल मंत्रालय भारत सरकार ने जनवरी 2019 में ब्रॉड गेज नेटवर्क से शत-प्रतिशत मानवरहित लेबल क्रॉसिंग समाप्त कर रोड-रेल यूजर्स की सुरक्षा को देखते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रेलवे द्वारा मानवयुक्त लेबल क्रॉसिंग को समाप्त करने के लिए अगले लक्ष्य के निमित्त राज्य सरकार से भी कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में सिंगल एनटीइटी आधार पर परियोजनाओं के निर्माण के लिए अनुरोध किया गया है। इस क्रम में रेल मंत्रालय द्वारा एमओयू का प्रारूप दिया गया था, जिसका अध्ययन करने के बाद उसमें कुछ संशोधन किया गया और फिर से नये प्रारूप को सरकार ने सहमति दी है।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के कर्मियों को राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के तृतीय-चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के तृतीय-चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के वेतन भुगतान की वसूली का पत्र निकाले जाने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। प्रार्थियों को निर्देश दिया है कि वे विश्वविद्यालय के द्वारा अत्यधिक वेतन भुगतान से संबंधित निकाले गये पत्र के आलोक में अपना रिप्रेजेंटेशन विश्वविद्यालय को फिर से दें और विश्वविद्यालय उस पर पुनर्विचार करे। तब तक अत्यधिक वेतन वसूली से संबंधी विश्वविद्यालय के आदेश पर रोक रहेगी। कोर्ट ने याचिका निष्पादित कर दी।

**क्या है मामला :** झारखंड सरकार के वित्त विभाग की अधिसूचना 18 जनवरी 2017 के तहत राज्य के सभी कर्मियों के 1 जनवरी 2016 से केंद्रीय सप्तम वेतनमान की सिफारिश के आलोक में लाभ देने का निर्णय लिया गया था। इसके आलोक में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय ने 25 जनवरी 2023 को अधिसूचना जारी की, जिसके तहत सप्तम वेतनमान का लाभ कर्मियों को 1 जनवरी 2016 से दिये जाने का निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय के द्वारा सभी बकाया वेतन कर्मियों, शिक्षकों को प्रदान किया गया। 25 जून 2024 को विश्वविद्यालय ने कर्मियों के वेतन से करीब 16 लाख रुपये की वसूली के लिए पत्र निर्गत किया।



## महत्वपूर्ण खबरें

### झामुमो और भाजपा को सबक सिखायेगी जनता : महाशन मुर्मू




रांची (आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी की बैठक प्रदेश संगठन सचिव महाशन मुर्मू की अध्यक्षता में हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रधान महासचिव मो अजहर आलम उपस्थित थे। सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। प्रधान महासचिव मो अजहर आलम ने कहा कि जीत दर्ज करने के लिए कुछ विशेष सीटों को चिह्नित किया जा रहा है। प्रदेश संगठन सचिव सह जामताड़ा जिला प्रभारी महाशन मुर्मू ने कहा कि नाला विधानसभा क्षेत्र की जनता को झामुमो और भाजपा दोनों ठगती आ रही है। बैठक में निशाकर मंडल, काजी सदर आलम, बाबूसन मरांडी, शंकर शर्मा, महाबीर मुर्मू, अमापद बाउरी, दीनबंधु बाउरी, सुधीर मुर्मू, ओलिता मरांडी, जानकी मरांडी, रामप्रसाद मंडल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### देवनिका अस्पताल ने मरीज की बचायी जान



रांची (आजाद सिपाही)। देवनिका अस्पताल उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाओं के लिए लगातार प्रयासरत है। अस्पताल में हाल ही में एक जटिल और असाधारण ऑपरेशन को सफलतापूर्वक किया गया। मरीज ने रांची के विभिन्न अस्पतालों में उपचार की तलाश की, लेकिन किसी भी अस्पताल में उनकी स्थिति का प्रभावी इलाज संभव नहीं हो पाया। अंततः उन्होंने देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में डॉ अमरेंद्र कुमार से परामर्श लिया। मरीज का पेट के नीचे की हर्निया स्लाइडिंग बड़ा आंत फसा हुआ था, का ऑपरेशन देवनिका अस्पताल की सर्जिकल टीम ने किया। इसमें सर्जन डॉ अमरेंद्र कुमार, एनेस्थेटिस्ट डॉ दीपक कुमार शामिल थे, जिन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लेप्रोस्कोपिक विधि से ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। इस विधि से ऑपरेशन अत्याधुनिक उपकरणों के साथ किया गया, जिसे सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार देखा गया और देवनिका अस्पताल की टीम ने उन्हें सर्जरी के दो दिन के बाद ही स्वस्थ्य अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी। इस असाधारण ऑपरेशन की सफलता ने न केवल मरीज और उनके परिवार को राहत दी, बल्कि देवनिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के प्रति लोगों के विश्वास को और भी मजबूत किया है। चेयरमैन डॉ अनंत सिन्हा ने कहा कि यह अस्पताल साधारण और जटिल चिकित्सा मामलों में भी उत्कृष्टता के नये मापदंड स्थापित कर रहा है।

### कार की टक्कर से टीआरएल के शिक्षक घायल



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग से अपराह्न करीब 4.30 बजे अपने घर वापस जा रहे थे। तभी ओरमांझी रोड, विकास के पास पीछे से आ रही तेज गति से कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। मौका पाकर कार चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। डॉ नायक अपने स्कूटी के साथ घसीटाते हुए ट्रक के नीचे आ पहुंचे, परंतु बाल-बाल बचे। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर प्रखंड रेफरल अस्पताल भिजवाया। रेफरल अस्पताल के डाक्टरों द्वारा बताया गया कि शिक्षक का दुर्घटना में घुटने में गहरी चोट लगी है। काफी खून बहने की वजह से डॉ नायक कमजोरी महसूस कर रहे हैं। चार टाके पड़े हैं। डाक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। यह जानकारी टीआरएल संकाय के शिक्षक डॉ बीरेंद्र कुमार महतो ने दी।

### एसएस मेमोरियल कॉलेज में आदिवासी दिवस मना



रांची (आजाद सिपाही)। एसएस मेमोरियल कॉलेज में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों और मूलनिवासियों के जीवन दर्शन को बहुत नजदीक से देखा है। आदिवासी समाज आदि काल से ही प्रकृति के पूजक हैं। आज देश और दुनिया को इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। आदिवासी समाज का परंपरा, सभ्यता और सांस्कृति विरासत के महत्व को समझना और संरक्षित कर के रखना आज के युवाओं का मुख्य उद्देश्य रहना चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने आदिवासी भाषा साहित्य पर प्रस्तुति जीतन खलखो, अर्चना कुमारी ने दी। शिक्षक डॉ समर सिंह, डॉ मंजु सिंकू, डॉ त्रिभुवन साही ने विचार व्यक्त किये। कॉलेज के विद्यार्थी अरविंद राम, शुभम पासवान ने भी आदिवासी जीवन दर्शन की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ सावित्री बड़ाइक और धन्यवाद ज्ञापन डॉ संगीता कुमारी ने किया।

### पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को रांची नगर निगम की ओर से बरियातू रोड स्थित स्वर्ण रेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत सेमिनार और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रांगण में पौधे लगा कर उसकी सेवा और रक्षा का संकल्प भी लिया। सभी लोगों ने कहा कि आदिवासी समाज ही प्रकृति की सेवा के असली पूरक रहे हैं। प्रकृति की पूजा और सेवा ही इनका मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य रहा है।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में आगामी नये सत्र के विद्यार्थियों के लिए ओरियेंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो एसपी यादव के स्वागत भाषण से हुई। रामजी यादव ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर बात करते हुए अनुशासन, नियमितता, व्यक्तिव विकास पर जोर दिया। विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय सलाहकार डॉ सुधीर यादव ने विद्यार्थियों को कक्षा में नियमित और अनुशासित रहने को कहा। मंच संचालन डीन एकेडमिक डॉ अपर्णा शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आफरीन आलम ने किया।

# टीआरएल संकाय में समारोह : प्रीति मिस नागपुरी, राजेश को मिस्टर नागपुरी का खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के टीआरएल संकाय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों को संग छोड़उनी कार्यक्रम के तहत सत्र 2022-24 के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों के बीच इस दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए। कालेज में बिताये हुए अनुभवों को जूनियर्स के साथ साझा किया।



कार्यक्रम का संचालन गुड़िया कुजूर और आशियन कंडुलना ने किया। निर्णायक विभागाध्यक्ष डॉ सविता केसरी, डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो और डॉ रीझू नायक थे। इस प्रतियोगिता के द्वारा ही मिस नागपुरी और मिस्टर नागपुरी का चयन किया गया। वर्ष 2022-24 के स्नातकोत्तर नागपुरी के मिस नागपुरी और मिस्टर नागपुरी का खिताब प्रीति मुंडा और राजेश मुंडा को मिला। पूर्व एचओडी डॉ उमेश नंद तिवारी ने कहा कि इस विभाग से बाहर निकलेंगे, तो चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। विश्वास है कि पिछले व्यवहार और पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से खुद को संभाला है। साथ ही हमने आपको जो कौशल और ज्ञान दिया है, उसके आधार पर निश्चित रूप से उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करेंगे। प्राध्यापक डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, अभिजीत कुमार, प्रीति कुमारी, सुनील कुमार महतो, सूर्या कुमारी, रेशमा कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

## डीएसपीएमयू में विदाई समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय पीजी और यूजी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम विभाग के वर्तमान छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई होने वाले अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को सम्मान के साथ सभाकक्ष में प्रवेश कराया गया। सहायक प्राध्यापक प्रो दिलदार पूर्ति, डॉ रामदास उरांव, डॉ परमेश्वरी प्रसाद महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## पाकुड़ में आजसू पार्टी का मिलन समारोह आज

रांची (आजाद सिपाही)। पाकुड़ स्थित हरिणडांगा हाइ स्कूल मैदान में आजसू पार्टी की ओर से मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया जायेगा। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मौजूद रहेंगे। इस दौरान समाजसेवी अजहर इस्लाम समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## 15 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना

रांची (आजाद सिपाही)। पिछले कुछ दिनों के दौरान राज्य में अच्छी बारिश देखने को मिली है। मानसून सक्रिय होने से लोगों को राहत मिली है। वहीं, राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। स्वर्णरेखा और खरकई जैसी नदियों के जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। ये नदियां डेंजर लेवल पर पहुंचने वाली है। 15 अगस्त तक राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। ऐसे में आनेवाले दिनों में भारी बारिश होने पर इन नदियों पर असर देखा जायेगा। संभावना व्यक्त की गयी है कि इन नदियों का पानी डेंजर लेवल पार कर सकता है। नदियों के जलस्तर के संबंध में जिला प्रशासन की ओर से दिनभर में दो बार रिपोर्ट जारी की जा रही है।

## टेंडर हार्ट में मिशन 5000 प्लस का आगाज

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट में मिशन 5000 प्लस का शुभारंभ किया गया। पर्यावरण सरंक्षण को समर्पित मिशन 5000 प्लस के अंतर्गत अगले एक सप्ताह तक टेंडर हार्ट में सभी बच्चों, उनके अभिवावकों के बीच 10,000 से ज्यादा पौधों का वितरण किया जायेगा। शनिवार को टेंडर हार्ट में स्कूल के वाइस चेयरमैन वेदांत तिवारी की देख रेख में आयोजित कार्यक्रम में सभी छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों की उपस्थिति में मिशन 5000 की शुरुआत हुई। सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण मित्र बनाने के लिए 2018 में शुरू किये गये इस मिशन में सभी विद्यार्थियों को प्रति महीने पौधे के साथ एक तस्वीर लेकर वर्ग शिक्षक को भेजना होता है, जिसका उचित मूल्यांकन कर विद्यार्थी को एक ग्रेड दिया जाता है। टेंडर हार्ट के चेयरमैन सुधीर तिवारी, प्राचार्या उषा किरण झा ने बताया कि विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित होनेवाले मिशन 5000 प्लस का मुख्य उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को किताबी शिक्षा के साथ साथ पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि पिछले सालों में लगभग 50 हजार पौधों का वितरण किया जा चुका है, जो विशाल पेड़ बन कर हमारे पर्यावरण को फलीभूत कर रहे हैं। मौके पर टेंडर हार्ट स्कूल के निदेशक जे मोहंती, हेड मिस्ट्रेस शिवांगी शुक्ला भी उपस्थित रहीं।

# स्नातक युवा के लिए बैंकिंग एससएससी में बंपर वैकेंसी



**एनआइबीएम में विशेष बैच 16 और 23 अगस्त से**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रत्येक वर्ष लाखों युवा स्नातक पास करते हैं और उनके लिए बैंकिंग, आइबीपीएस, एसबीआइ, आरबीआइ, नाबार्ड, एसएससी, रेलवे में नौकरियों के लिए प्रत्येक वर्ष रिक्तियां की घोषणा की जाती हैं। वर्ष 2024 में भी रिक्तियां की घोषणा कर दी गयी हैं। इसे लेकर सरकुलर रोड श्री साईं टावर रांची स्थित एनआइबीएम में इन सभी रिक्तियों के लिए विशेष बैच हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में 16 और 23 अगस्त से प्रारंभ किया जा रहा है। निदेशक द्वारा चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। सम्मान समारोह के दिन तैयारी कर रहे संस्थान के युवाओं को मोटिवेट किया जाता है। सफल होने की तकनीक को बतायी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान के यूट्यूब, फेसबुक, वेबसाइट कार्यालय और 9334726278 और 754202226 पर संपर्क कर सकते हैं।

# इंडियन ओवरसीज बैंक ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर हुंडुर पंचायत में इंडियन ओवरसीज बैंक के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडियन ओवरसीज बैंक के राज्य प्रमुख सर्वेश कुमार के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य प्रमुख द्वारा वस्त्र वितरण और पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही राज्य प्रमुख सर्वेश कुमार ने कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समुदाय की आर्थिक और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि वे इसका लाभ व्यक्तिगत या स्वयं सहायता समूह के माध्यम से इंडियन ओवरसीज बैंक से ले सकते हैं। इस कार्यक्रम में उपमुखिया महेश महतो और पंचायत समिति सदस्य गीता देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों में भारी आक्रोशः गुलाम अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को कांग्रेस भवन में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों में भारी आक्रोश है। मीर ने कहा कि सदस्यता ग्रहण करने वाले लोग राज्य के वरीय अधिकारी रहे हैं। यह कोई छोटा कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सोच है, जो आगे आगे बढ़ रही है। कांग्रेस ने पिछड़े और कमजोर तबके के लोगों की आवाज को लोकसभा चुनाव में जोरदार तरीके से उठाया था, जिसे लोग समझ रहे हैं।



राजेश ठाकुर ने कहा कि समाज का अभिजात्य वर्ग जब राजनीति में आता है, तो निश्चित रूप से एक नयी सोच एक नयी ऊर्जा के साथ काम करता है। भाजपा की कार्यशैली और झारखंड के प्रति उनके नेताओं की सोच के कारण आज बौद्धिक रूप से मजबूत वर्ग उनका प्रतिकार कर रहा है। झारखंड के चुनावी बिसात को हर हाल में जितने की होड़ में भाजपा झारखंडी जनता से धोखा करने में भी पीछे नहीं हो रही है। कांग्रेस इस देश में मजलूमों की आवाज है। जनता की आवाज दबाने की जितनी भी कोशिश भाजपा द्वारा की जायेगी, उसे करारी शिकस्त मिलेगी। इस अवसर पर संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सोनल शांति, जगदीश साहू उपस्थित थे।

## नशेड़ियों के खिलाफ डोरंडा थाना ने की कारवाई

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी में बढ़ती नशाखोरी और इसके कारोबार के खिलाफ लगातार रांची पुलिस छापेमारी अभियान चला कर संलिप्त लोगों पर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को डोरंडा थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान डोरंडा क्षेत्र के मणिटोला, नीम चौक, रहमत कॉलोनी के नीचे साइड सहित डोरंडा के विभिन्न जगहों पर नाबालिग युवकों को नशा करते पकड़ा गया। इसके बाद थाना प्रभारी के जरिये नशा कर रहे युवकों के परिजन को थाना बुलाकर दोबारा नशा नहीं करने का बांड भरवा कर छोड़ा गया।







## डीएवी पुंदाग में काउंसिलिंग कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की ओर से करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित शशि भूषण प्रसाद ने विद्यार्थियों को कंपनी सेक्रेटरी सहित वाणिज्य के विभिन्न क्षेत्रों में करियर की असीम संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्राचार्य एसके मिश्र ने आइसीएसआइ संस्था और उसके प्रतिनिधि शशि भूषण प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज-कल के विद्यार्थी विशेष प्रतिभाओं के धनी होते हैं। यदि उन्हें उचित मार्गदर्शन, सलाह मिल जाये, तो वे कमाल कर सकते हैं। वे अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम ऊंचा कर सकते हैं।

# जनजातीय खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को सीएम हेमंत सोरेन ने किया सम्मानित

**तीरंदाजी में धनबाद की प्रियंका कुमारी हांसदा, गेड़ी दौड़ में दुमका के बिनोद सोरेन, गुलेल में सिमडेगा की गांगी बारला और सेकोर में चाईबासा की लेबिन बिरूली को प्रथम स्थान मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता







**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जनजातीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। शनिवार को समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री हफीजुल हसन, विधायक कल्पना सोरेन शामिल हुए. विभिन्न जनजातीय खेल (यथा, तीरंदाजी, गेड़ी दौड़, गुलेल और सेकोर) प्रतियोगिताओं के विजेता को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

बता दें कि तीरंदाजी में धनबाद की प्रियंका कुमारी हांसदा, गेड़ी दौड में दुमका के बिनोद सोरेन, गुलेल में सिमडेगा की गांगी बारला और सेकोर में चाईबासा की लेबिन बिरूली को प्रथम स्थान मिला। समापन समारोह के अवसर पर खेल विभाग के अधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, प्रशिक्षक मौजूद थे।

## सरला बिरला विवि ने किया एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय और आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना के बीच समझौता ज्ञापन पर एसबीयू के डायरेक्टर जेनरल प्रो गोपाल पाठक और एकेयू पटना के कुलपति प्रो शरद कुमार यादव ने हस्ताक्षर किया। एमओयू में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शोध, परामर्श और शैक्षणिक आदान-प्रदान होगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ रामजी सिंह भी सम्मिलित हुए। इस एमओयू से दोनों विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पायेंगी। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए इस एमओयू पर एसबीयू के कुलाधिपति बिजय कुमार दलान, डॉ प्रदीप वर्मा और प्रभारी कुलपति प्रो एसबी डांडिन ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## खेल महोत्सव में रांची आ सकते हैं केंद्रीय खेल मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सितंबर में संभावित सांसद खेल महोत्सव 2024 में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी आ सकते हैं। सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस संबंध में खेलगांव में आयोजित खेलो इंडिया वूमेन लीग के उद्घाटन कार्यक्रम में यह जानकारी दी। कहा कि खेलो इंडिया के तहत देश भर के साइक्लिस्ट यहां जुटे हैं। खिलाड़ी हार जीत की भावना के साथ प्रदर्शन करें। हार पर भी अगली बार फिर से जीत के लिए खेलें। खेल, खिलाड़ियों को सम्मान देने से उनकी ऊर्जा बढ़ती है। पेरिस ओलंपिक का जिक्र करते श्री सेठ ने कहा कि इसमें खिलाड़ियों ने पदक जीते। इससे यह भी पता लगता है कि देश में खेलों को लेकर तेजी से रिझान बढ़ा है। पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने खेल के विकास के लिए उल्लेखनीय काम किये थे। वर्तमान खेल मंत्री मनसुख भी खेलो खिलाड़ियों के विकास के लिए फोकस्ड हैं। खेलगांव में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं को बचाने और खेलों के आयोजन के जरिये इसे बेहतर बनाये रखने की भी अपील उन्होंने की। कहा कि इस साल भी सितंबर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें 16 तरह के खेल इवेंट्स होंगे। मोरहाबादी मुख्य स्टेडियम में सारे आयोजन होंगे। इसमें केंद्रीय खेल मंत्री को भी आमंत्रित किया जायेगा। मौके पर झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, झारखंड ओलंपिक संघ के शिवेंद्र दुबे, इंडियन बैंक के निदेशक बालमुकुंद सहाय सहित अन्य मौजूद थे।

## 1600 पेट्रोल पंप मालिकों का जुटान रांची में 16 को

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर राज्यभर के 1600 पेट्रोल पंप मालिकों का जुटान 16 अगस्त को रांची में होगा। सात सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलेंगे। झारखंड पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के महासचिव शरत दुदानी ने कहा कि वैट सहित अन्य मांगों को लेकर 16 अगस्त को मुख्यमंत्री से मुलाकात की जायेगी। मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। पेट्रोलियम पर झारखंड में 22 प्रतिशत वैट है, जबकि पड़ोसी राज्यों में इससे कम है। इस कारण बाहर की गाड़ियां यहां इंधन नहीं लेती है। इसके अलावा सिंगल प्वाइंट पर पेट्रोलियम पर टैक्स है। फिर भी हमलोगों को रिटर्न भरना पड़ता है। कहा कि बिहार की तरह यहां भी रिटर्न भरने का प्रावधान खत्म किया जाये और वैट 22 से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाये। पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल केंद्र के लिए एनुअल मेंटेनेंस चार्ज के प्रावधान को खत्म किया जाये। सरकारी कार्यालय पर पेट्रोलपंपों का करोड़ों रुपये बकाया है। इसको क्लियर करने, पेट्रोल पंपों का मार्जिन मनी पांच प्रतिशत करने, पेट्रोलियम प्रोडक्ट समय पर उपलब्ध कराने, जबरन लुब्रिकेंट की बिलिंग नहीं करने आदि मांगों को रखा जायेगा।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर आयुक्त ने की बैठक

# कार्यक्रम को लेकर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर, प्रमंडल, रांची के कार्यालय कक्ष में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में स्वतत्रंता दिवस 2024 समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में 15 अगस्त 2024 को 78वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई। आयुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमा,औदात्य और राजकीय सम्मान का प्रतीक है। इसे बड़ी धूमधाम से मनाया जाये।

कार्यक्रम को लेकर की समीक्षा

स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त, 2024) के अवसर पर मुख्यमंत्री, झारखंड के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए झंडोत्तोलन कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही मुख्यमंत्री की सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम करने का निर्देश उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। सभी गणमान्य व्यक्तियों को ससमय आमंत्रण पत्र, गेट पास आदि उपलब्ध करा दिया जाये तथा कोई भी व्यक्ति न छूटे, यह सुनिश्चित कर लिया जाये। आयुक्त द्वारा नगर निगम के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बिरसा मुंडा समाधि स्थल के आस-पास के क्षेत्रों की पूरी तरह से साफ-सफाई कराकर निरीक्षण कर लें एवं शहीद स्थल पर पुष्प साज-सज्जा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। साथ ही शहर के मुख्य समारोह स्थल तक जाने वाली सभी सड़कों एवं पूरे शहर की साफ सफाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि मुख्य समारोह में राष्ट्गान हेतु जैप-1 के बैंड की धुन सुनाई देगी। जिसकी रिहर्सल करने का निर्देश दिया। परेड कमांडर ने बताया कि इस बार भी परेड में सुरक्षा बल की टुकड़ियां भाग लेंगी। जिसकी रिहर्सल शुरू हो चुकी है और फाइनल रिहर्सल 13 अगस्त को किया जायेगा। सलामी मंच की समुचित व्यवस्था ससमय पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मंच की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई चूक होने की संभावना न रहे। इसके अतिरिक्त माइक सिस्टम की गुणवत्ता, वाहन की पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित करना, अग्निशमन वाहन की समुचित व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं पंडाल की व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युतीकरण एवं आवश्यकता अनुसार जेनरेटर की व्यवस्था, मुख्य चौक-चौराहों की साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था आदि करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया।

बैठक में नगर आयुक्त, रांची, पुलिस अधीक्षक, आयुक्त के सचिव, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता, अग्निशमन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भागलपुर में गंगा नदी पर रेल पुल का किया जायेगा निर्माण

**प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने तकरीबन 24,657 करोड़ रुपये की लागत के साथ रेल मंत्रालय की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हाजीपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने तकरीबन 24,657 करोड़ रुपये की लागत के साथ रेल मंत्रालय की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें बिहार में भागलपुर के पास गंगा नदी पर एक नये रेल पुल का निर्माण भी शामिल है। रेल मंत्री ने बताया कि 2549 करोड़ की लागत से भागलपुर के पास गंगा नदी पर 26 किमी बिक्रमशिला-कटरिया नयी लाइन के निर्माण की मंजूरी मिली है। इस परियोजना में गंगा नदी पर 2.44 किमी लंबी डबल लाइन वाली पुल का भी निर्माण किया जायेगा। वर्तमान में बक्सर से राजमहल तक लगभग 450 किमी की लंबाई में बिहार में गंगा नदी पर अभी मात्र तीन पुल है, जो पूरी तरह सैचुरेटेड है। इस परियोजना द्वारा गंगा नदी पर एक अतिरिक्त मेगा ब्रिज के निर्माण से नार्थ बिहार, पश्चिम बंगाल और नार्थ इस्ट से दक्षिण बिहार, झारखंड के बीच गतिशीलता में वृद्धि होगी। बिक्रमशिला-कटरिया नयी लाइन परियोजना में बिक्रमशिला स्टेशन भागलपुर-साहिबगंज रेलखंड और कटरिया स्टेशन कटिहार-बरौनी रेलखंड पर स्थित है। इस परियोजना को 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना द्वारा 22 लाख मैन डे का सृजन होगा, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। इस परियोजना के पूरा हो जाने से 95 करोड़ किलो कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी, जो लगभग 3.8 करोड़ पौधा के बराबर होगा।

## विश्व आदिवासी दिवस पर डोरंडा कॉलेज में कार्यक्रम

**'आदिवासी दर्शन को अपने जीवन में उतारने की जरूरत'**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर डोरंडा कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आदिवासी रोजमर्रा के उपकरण, उनके संगीत वाद्ययंत्र, कलाकृतियां, झारखंड के व्यंजन आदि प्रदर्शित किये गये। साथ ही मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिंद्र सेवानिवृत आइएएस द्वारा आदिवासी विश्वदृष्टि पर एक रोचक व्याख्यान भी दिया गया।

झारखंड के विविध व्यंजनों, उनके पारंपरिक प्रथाओं और अनूठी पाक विरासत को कॉलेज की विद्यार्थियों ने फूड स्टॉल्स में दिखाया। छिलका रोटी चावल डुमबू, पीठ रोटी, मड़वा लड्डू, सनई सांग की चटनी, माढ़ झोर जैसे अनेकों व्यंजनों से प्राकृतिक स्वाद से सबको रूबरू कराया। साथ ही सेवन और परोसने और पकने में टिकाऊ सामग्रियों का उपयोग करके उनके पर्यावरण के साथ घनिष्ठ संबंध को भी छात्रों ने अपने कला से व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में झारखंड की समृद्धि संस्कृति को संगीत, नृत्य, पारंपरिक प्रथाओं और औजारों का छात्रों ने एग्जिबिशन लगाया। पैला, जाल, पोरा डोबरी, हसवा कुमली, महुआ, बास छाता जैसे अनेकों वस्तुओं को किसी संग्रहालय की तरह खूबसूरती से छात्रों प्रदर्शित किया गया। व्याख्यान में डॉ रानेंद्र ने बताया कि वर्तमान समय में लोगों को आदिवासी दर्शन को अपने जीवन में उतरने की जरूरत है। आदिवासी समुदाय पाप पुण्य की अवधारणा से नहीं अपितु सामुदायिक हित और अहित से चलती है। जनजातीय लोगों के रहने का तरीका पदानुक्रमिक नहीं अपितु क्षैतिज है, जहां सभी मनुष्यों,जानवरों, जंगलों, भूमि और संसाधनों के साथ समान व्यवहार किया जाता है।

इस बौद्धिक चर्चा में शामिल होते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शर्मा ने कहा कि आदिवासी समाज और गैर आदिवासी समाज के बीच अंतर इस आधार पर किया जाता है कि, आदिवासी समाज का गोत्र कोई भी प्रकृति का ही अव्यय होता है।

उदाहरण के तौर पर मिंज टाइटल का अर्थ मछली है और वही उनके गोत्र है। बा का मतलब धान होता है, जो की खड़िया समाज का गोत्र है। इसका तात्पर्य यह है कि आदिवासी समाज में जो प्रकृति के घटक है उनके नामों पर है। यह कार्यक्रम डॉ रजनी टोप्पो, डॉ मंजू मिंज, प्रोफेसर कंचन मुंडा, प्रोफेसर अमित प्रणय डेमटा, प्रोफेसर मार्शल पूर्ति, प्रोफेसर भादी प्रकाश, प्रोफेसर आलम आरा, प्रोफेसर अमिया सुरीन, प्रोफेसर आश्रित कांडुलना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था।

## योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन का ट्रायल 13 को

रांची (आजाद सिपाही)। अस्मीता खेलो इंडिया की ओर से नारी शक्ति को योगासन के माध्यम से अधिक सशक्त और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 13 अगस्त को रांची में रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय ट्रायल का आयोजन किया जायेगा। यह ट्रायल मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में रखा गया है। इसमें झारखंड के सभी जिलों से प्रतिभागी शामिल होंगे। योगासन खिलाड़ियों के लिए फेडरेशन की ओर से पूर्व में जारी सिलेबस के माध्यम से चार इवेंट होनेवाले हैं, जिसमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर है। इसमें दो ग्रुप होंगे। इस ट्रायल के माध्यम से जितने भी खिलाड़ी चुने जायेंगे, उनको 22 से 24 अगस्त को पटना में आयोजित होने वाले इस्ट जोन खेलो इंडिया वूमेन लीग में भाग लेने का मौका मिलेगा। विजेताओं को नकद राशि भी दी जायेगी। साथ ही नेशनल खेलो इंडिया वूमेन लीग में जाने का मौका मिलेगा, जो दिल्ली में आयोजित किया जाना है। सहजता पूर्वक कार्यान्वित करने के लिए पांच सदस्यों की एक टीम तैयार की गयी है। इसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष संजय सिंह, राज्य सचिव विपिन पांडेय, संतोषी कुमारी, पूजा सिंह और सोनाली सरकार को शामिल किया गया है। इसके साथ रांची जिला के अन्य पदाधिकारी मनोज तिवारी, ईश्वर चंद, आर्य प्रह्लाद भगत, प्रशांत, शंकर राणा, चैताली मुखर्जी की देखरेख में पूरा किया जायेगा।

## सावन मिलन समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। एचइसी सेक्टर टू धुर्वा के गाला बैंक्वेट हॉल में भाजपा नेत्री सह समाजसेविका नीलम चौधरी के द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बचपन में खेले गये खेलों को प्रस्तुत किया गया। महिलाओं ने इसका भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में सीमा शर्मा, आरती सिंह, बबीता झा, सीमा सिंह, सुचिता सिंह, रेनू तिर्की, सीमा रानी समेत अन्य मौजूद थे।

## 123 श्री श्याम भंडारा का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भंडारा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय, खाटूनरेश के जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में उर्मिला जैन अजय जैन ने श्री श्याम मंदिर में प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ, बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ... भजन का गायन करके संयुक्त रूप से सभी परिवार ने खाटूनरेश की मनुहार की। जैन परिवार ने प्राकृतिक पंखा डोलाकर बाबा के दरबार में मत्था टेका। अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान जैन परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया। मौके पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अजय जैन, श्रवण ढानढनिया, अजय मारू, मनोहर केडिया, अनुज मोदी, रमा सरावगी समेत अन्य मौजूद थे।

## रातू चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष बने अनुराग हर्ष दुबे



रातू (आजाद सिपाही)। रेडियो स्टेशन रोड पिरा रातू रांची निवासी अनुराग हर्ष दुबे रातू चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष पद पर विजय घोषित हुए। चुनाव पदाधिकारी अरुण गुप्ता, पृथ्वी नाथ शाहदेव, मिथिलेश दुबे, हिरामणि साहू, राजमन साहू की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष जगदीश साहू, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पांडेय बने। मौके पर अनुराग हर्ष दुबे ने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यवसायियों का एक संघ है, जिसे अपने सदस्यों के हित को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए डिजाइन किया जाता है।

## युवती की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देनेवाले के विरुद्ध केस दर्ज

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी राची के सदर थाना में एक युवती ने विकास ओझा नाम के युवक के विरुद्ध तंग करने और उसकी अश्लील तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में आरोप है कि आरोपी विकास ओझा उसे पिछले कई दिनों से परेशान कर रहा है। जब युवती अपने ऑफिस जाती है तो वह उसका पीछा करता है। एक दिन रिंग रोड पर उसने युवती को पकड़ लिया। उसका मोबाइल छिन लिया। उसके गले से सोने के चेन भी छिन लिया और मारपीट भी की। विकास ओझा उसे लगातार यह भी धमकी दे रहा है कि उसके पास जो उसकी अश्लील तस्वीरें हैं उसे वह सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा और उसके घर वालों को भी जान से मार देगा।

## चोरी का मोबाइल बेच रहे थे, एक पुलिस के हत्थे चढ़ा, दूसरा फरार

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के चुटिया थाना की पुलिस ने चोरी का मोबाइल बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं उसका दूसरा साथी भागने में सफल रहा। पकड़ा गया युवक का नाम मो. साहिल है। वह आजाद बस्ती कांटाटोली का रहने वाला है। वहीं उसका दूसरा साथी जो भागने में सफल रहा उसका नाम मो. हैदर है। वह भी लोअर बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर लक्ष्मीकांत ने बताया कि 8 अगस्त की शाम 8 बजे उन्हें जानकारी मिली थी कि एक युवक स्टेशन रोड में चोरी का मोबाइल बेच रहा है। इसी सूचना पर पुलिस वहां पहुंची तो मोबाइल बेच रहे युवक भागने लगे। पुलिस ने एक को खदेड़ कर पकड़ लिया। उसी ने बताया कि वह चोरी का मोबाइल बेचने आया था। दोनों ने मिलकर मोबाइल चोरी की थी और उसे बेचने के लिए पहुंचे थे। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

## भाकपा माले और मासस का विलय तय 9 सितंबर को औपचारिक घोषणा निरसा में

रांची (आजाद सिपाही)। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्कसिस्ट-लेनिनिस्ट) लिबरेशन और मार्कसिस्ट कोऑर्डिनेशन कमेटी (मासस) के एकीकरण को लेकर चार साल से चल रही प्रक्रिया पर दोनों पार्टियों की केंद्रीय कमेटी ने मोहर लगा दी है। इसकी औपचारिक घोषणा निरसा में 9 सितंबर को आयोजित एकता रैली में की जायेगी। विलय के बाद दोनों वामदलों का एकीकृत 23 सदस्यीय स्थायी कमेटी का गठन किया जायेगा। शनिवार को रांची के करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब में दोनों वाम पार्टियों की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में मासस का भाकपा माले में एकीकरण को लेकर बनी सहमति की घोषणा की गयी। प्रेस कांफ्रेंस में कामरेड एके राय की लिखी पुस्तक धर्म और राजनीति और नयी दलित क्रांति का विमोचन किया गया। भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य व काराकाट के लोकसभा सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि भारत में फासीवाद विरोधी संघर्ष को तेज करने, झारखंड की जन आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ वामपंथ को मजबूत करने के लिए सहर्ष मासस और भाकपा माले का विलय किया जा रहा है। भाकपा माले और मासस का विलय झारखंड के विधानसभा चुनाव में कॉरपोरेट परस्त एवं सांप्रदायिक ताकतों की हार की गारंटी करेगा। एक नये अध्याय की शुरूआत करेगा।

# ‘संयमित टिप्पणियां करें जज और वकील’

जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ 13 मई, 2016 को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बनने के बाद 9 नवंबर, 2022 को भारत के मुख्य न्यायाधीश बने। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के नाम पर सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान जजों में सर्वाधिक लोक हितकारी फैसले सुनाने और टिप्पणियां करने का रिकार्ड दर्ज है। इनकी मात्र एक सप्ताह में की गयी महत्वपूर्ण टिप्पणियां निम्न में दर्ज हैं : 2 अगस्त को जस्टिस चंद्रचूड़ ने वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र के रूप में लोक अदालतों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि : लोक अदालतों में लम्बे समय से लटकते आ रहे मामलों का दोनों पक्षों की आपसी सहमति से निपटारा हो जाता है। इसी कारण लोक अदालतें लोकप्रिय हो रही हैं। लोग लम्बी चलने वाली अदालती कार्रवाई में नष्ट होने वाले समय से इतना तंग आ गए हैं कि वे चाहते हैं कि बस किसी तरह उनकी इस अदालती कार्रवाई से मुक्ति हो जाये क्योंकि लंबी अदालती प्रक्रिया किसी सजा से कम नहीं है और इसी कारण यह न्यायाधीशों के लिए चिंता का विषय है। लोक अदालत का उद्देश्य लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना और लोगों को यह भरोसा दिलाना है कि हम उनके जीवन में निरंतर मौजूद हैं। आपसी समझौते से हुए फैसले के विरुद्ध कोई अपील भी नहीं की जा सकती। उल्लेखनीय है कि लोक अदालतों में नागरिकों से संबंधित मामलों को पूरी तरह से स्वैच्छिक और सहमतिपूर्ण तरीके से दोनों पक्षों की संतुष्टि के अनुसार हल किया जाता है तथा दोनों पक्षों के अदालती खर्च में भी कमी आती है। 6 अगस्त को वकीलों द्वारा न्यायाधीशों पर मामले की शीघ्र सुनवाई के लिए जोर देने के रुझान से नाराज जस्टिस चंद्रचूड़ ने उन पर नाराजगी जताते हुए कहा, कृपया अदालत को निर्देश न दें। आप एक दिन के लिए यहां आकर बैठ क्यों नहीं जाते? तब आप अदालत को बताएं कि आप कौन सी तारीख चाहते हैं? आप महसूस करेंगे कि अदालत में काम का कितना दबाव होता है। कृपया यहां आइए और एक दिन के लिए बैठिए। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आप अपनी जान छुड़वा कर भागेंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने जहां वकीलों को उक्त नसीहत दी है वहीं उन्होंने जजों के फैसलों और टिप्पणियों पर भी बेबाक राय व्यक्त की है। पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजबीर सेहरावत ने सुप्रीमकोर्ट के विरुद्ध टिप्पणी करते हुए कहा था कि सुप्रीमकोर्ट में यह मान लेने की प्रवृत्ति है कि वह अधिक सर्वोच्च है। 7 अगस्त को उक्त टिप्पणियों का स्वतः संज्ञान लेकर इन्हें हटाते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की पीठ ने कहा : पंजाब-हरियाणा हाइकोर्ट के न्यायाधीश राजबीर सेहरावत की टिप्पणियां घोर चिंता का विषय हैं। न तो सुप्रीमकोर्ट सर्वोच्च है और न ही हाइकोर्ट। वास्तव में भारत का संविधान सर्वोच्च है। हाइकोर्ट में कार्रवाई के संचालन के लिए ऐसी टिप्पणियां पूरी तरह अनावश्यक थीं।

**पंजाब-हरियाणा हाइकोर्ट के न्यायाधीश राजबीर सेहरावत की टिप्पणियां घोर चिंता का विषय हैं। न तो सुप्रीमकोर्ट सर्वोच्च है और न ही हाइकोर्ट। वास्तव में भारत का संविधान सर्वोच्च है। हाइकोर्ट में कार्रवाई के संचालन के लिए ऐसी टिप्पणियां पूरी तरह अनावश्यक थीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मौसम विभाग लगभग हर दूसरे दिन तेज बारिश का अनुमान जताता, लेकिन बादल एक जगह कुछ देर बरसते और बाकी इलाकों को सूखा छोड़ जाते। बारिश ने ऐसा तरसाया कि दिल्ली में दस साल की सबसे गर्म जुलाई का रिकॉर्ड बन गया, जब रात का तापमान 27 से 28 डिग्री तक बना रहा। 30 जुलाई को तो दिन का तापमान 40 डिग्री के नजदीक पहुंच गया। फिर, महीने के आखिरी दिन की शाम से बादल ऐसे बरसे कि पूरा दिल्ली एनसीआर पानी-पानी हो गया।**

# कुदरत के इस मिजाज को हल्के में न लें



अक्षय शुक्ला

मौसम के पैटर्न में इतनी तेजी से बदलाव हो रहे हैं कि उसका सटीक अनुमान लगाना मुश्किल होता जा रहा है। दिल्ली एनसीआर में पूरी जुलाई इसकी झलक देखने को मिली। निर्धारित समय से पहले मॉनसून छा जाने के बावजूद यह इलाका अच्छी बरसात के लिए तरसता रहा। मौसम विभाग लगभग हर दूसरे दिन तेज बारिश का अनुमान जताता, लेकिन बादल एक जगह कुछ देर बरसते और बाकी इलाकों को सूखा छोड़ जाते।

बारिश ने ऐसा तरसाया कि दिल्ली में दस साल की सबसे गर्म जुलाई का रिकॉर्ड बन गया, जब रात का तापमान 27 से 28 डिग्री तक बना रहा। 30 जुलाई को तो दिन का तापमान 40 डिग्री के नजदीक पहुंच गया। फिर, महीने के आखिरी दिन की शाम से बादल ऐसे बरसे कि पूरा दिल्ली एनसीआर पानी-पानी हो गया। जलमग्न सड़कों पर देर रात तक लोग फंसे रहे, तो कई उफनते नालों में समा गये।

**जलवायु परिवर्तन के असर को लेकर पिछले कुछ वर्षों में जितना भी बोला या लिखा गया, वह सब किसी फिल्म की तरह हमारी आंखों के सामने घटित हो रहा है।**

मॉनसून का ऐसा खतरनाक मिजाज देशभर में देखने को मिल रहा है। कहीं तो एक साथ बहुत अधिक मात्रा में पानी बरस कर तबाही मचा रहा है, तो कुछ इलाके अच्छी बरसात के लिए तरस रहे हैं। एक्सपर्ट इसे वैश्विक तापमान में तेजी से बढ़ोतरी का परिणाम बताते हुए चेता रहे हैं कि भविष्य में ऐसा पैटर्न और अधिक देखने को मिलेगा। यही वजह है कि पहले जहां पूरे मॉनसून सीजन में एक समान बरसात देखने को मिलती थी, अब बादल फटने जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। एक छोटे से इलाके में एकत्र होकर बादल ऐसे बरस रहे हैं मानों फट पड़े हों।



**वायनाड में कुछ ऐसा ही हुआ। एक स्थान पर ही इतनी अधिक बारिश हो गयी कि लैंडस्लाइड में कई गांव बह गये, जिनमें तीन सौ से अधिक लोगों की मौत हो गयी, जबकि इससे कहीं अधिक लापता बताए जा रहे हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी बादल फटने एवं भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं।**

वायनाड में कुछ ऐसा ही हुआ। एक स्थान पर ही इतनी अधिक बारिश हो गयी कि लैंडस्लाइड में कई गांव बह गये, जिनमें तीन सौ से अधिक लोगों की मौत हो गयी, जबकि इससे कहीं अधिक लापता बताए जा रहे हैं। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी बादल फटने एवं भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। पहाड़ों पर जिस तरह से बेतरतीब निर्माण की खुली छूट दी गई, वह हम पर भारी पड़ रहा है।

विरोधाभास देखिए कि देश का एक हिस्सा बाढ़ जैसी आपदा झेल रहा, तो दूसरा गर्मी में झुलस रहा है। कश्मीर में गर्मी ने 25 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया, तो लेह लद्दाख में तापमान इतना बढ़ गया कि फ्लाइट्स कैंसल करनी पड़ गयीं। 37 डिग्री सेल्सियस के तापमान में विमानों को उड़ान भरने के लिए जरूरी थ्रस्ट ही नहीं मिल पा रहा।

ऐसी ही गर्मी का सामना कई यूरोपीय देश भी कर रहे हैं। अफ्रीकी गर्म हवाओं ने दक्षिणी यूरोप को झुलसा रखा है। इटली के 12 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। ब्रिटेन और फ्रांस समेत पश्चिमी यूरोप के देश भी तप रहे हैं। पुर्तगाल में तो पारा 47 डिग्री तक पहुंच गया। जुलाई मध्य में फ्रांस और स्पेन का तापमान 43 डिग्री तो बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैंड और इंग्लैंड के पूर्वी हिस्से में 40 डिग्री तक पहुंच गया। स्पेन, फ्रांस, पुर्तगाल और ग्रीस के जंगलों में आग की वजह से हजारों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। सोचिए जिस लू का सामना हम हर साल मई में करते हैं, उसे इस बार यूरोप के ठंडे देशों में रहने वाले लोग भी झेल रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के असर को लेकर पिछले कुछ वर्षों में जितना भी बोला या लिखा गया, वह सब किसी फिल्म की तरह हमारी आंखों के सामने घटित हो रहा है। अनुमानों के विपरीत यह सब कुछ बहुत जल्द होने लगा है। कुदरत के इस संदेश को अब नहीं तो कब समझेंगे।

**(डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# कोलकाता के हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप, फिर हत्या

**आरोपी 14 दिन की पुलिस कस्टडी में, पांच से पूछताछ**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोलकाता।** कोलकाता के सरकारी अस्पताल की महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या की गयी। शनिवार (10 अगस्त) को आरोपी संजय को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। उसे सियालदह कोर्ट में पेश किया गया था। 23 अगस्त को कस्टडी खत्म होगी। पुलिस ने संजय को 9 अगस्त को गिरफ्तार किया था। सामने आया है कि वो अस्पताल का कर्मचारी नहीं है, बाहरी व्यक्ति है, लेकिन उसकी अस्पताल के अलग-अलग विभागों में काफी पहुंच है। पुलिस के मुताबिक संजय की हरकतें संदिग्ध हैं। वह सीधे तौर पर घटना में है। साथ ही पुलिस घटना की रात ट्रेनी डॉक्टर के साथ हॉस्पिटल में मौजूद 5 लोगों से पूछताछ कर रही है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुरली धर ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के सेक्शन 103 (1) हत्या और सेक्शन 64 (बलात्कार) के तहत केस दर्ज किया है। यह रेप और हत्या का मामला है। जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआइटी) बनायी है।

दरअसल, कोलकाता के सरकारी अस्पताल (आरजी कर मेडिकल कॉलेज) के सेमिनार हॉल में शुक्रवार (9 अगस्त) को पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी महिला डॉक्टर का अर्धनग्न शव मिला था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि उसकी रेप के बाद हत्या की गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है।

### फांसी की सजा देने की मांग करेंगे : ममता बनर्जी

वहीं, सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा जायेगा। दोषी को फांसी की सजा देने की मांग करेंगे। सीबीआइ जांच से कोई ऐतराज नहीं है।

# पांच बच्चे होने के कारण सरपंच को खोना पड़ा पद

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कंधमाल जिला दारिंगबाड़ी ब्लॉक गुमिकिया पंचायत के सरपंच त्रिनाथ प्रधान को अपना पद गंवाना पड़ा है। जिलापाल आशीष इश्वर पाटिल ने त्रिनाथ के सरपंच पद को अवैध घोषित कर दिया है क्योंकि उनके 5 बच्चे हैं। त्रिनाथ ने पंचायत अधिनियम का उल्लंघन कर चुनाव जीता था। सुरुलाई गांव के पितर प्रधान ने जिलापाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की कि उनके 2 से अधिक बच्चे हैं। इसकी जांच के अनुसार आंगनवाड़ी आधार कार्ड आदि सहित जन्म पंजीकरण रिकॉर्ड से पता चला कि त्रिनाथ का पहला बच्चा 1994 में, दूसरा 1998 में, तीसरा 2002 में, चौथा 2006 में और पांचवां 2009 में पैदा हुआ था। गौरतलब है कि 2022 के पंचायत चुनाव में त्रिनाथ झूठे शपथ पत्र पर सरपंच चुने गये थे। 2023 में उन पर आरोप लगे कि उनके 5 बच्चे हैं।

# बांग्लादेश में चीफ जस्टिस का इस्तीफा

**ढाका (आजाद सिपाही)।** बांग्लादेश में 5 अगस्त को शेख हसीना के इस्तीफे के बाद शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन ने भी इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी छात्रों ने शनिवार सुबह सुप्रीम कोर्ट को घेर लिया था। छात्रों ने कहा कि अगर जजों ने इस्तीफे नहीं दिए तो हसीना की तरह उन्हें भी कुर्सी से खींचकर उतार देंगे। प्रदर्शनकारी छात्रों ने आरोप लगाये थे कि सुप्रीम कोर्ट के जज हसीना से मिले हुए हैं। इन जजों ने अंतरिम सरकार से पूछे बिना ही शनिवार को पूरी कोर्ट की एक बैठक बुलायी। इस मीटिंग के चलते प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे के भीतर जजों से इस्तीफा देने की मांग की। चीफ जस्टिस के इस्तीफे के बाद 5 और जज अपना पद छोड़ सकते हैं। वहीं प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि जब तक सभी 6 जज इस्तीफा नहीं देते, वे सड़कें खाली नहीं करेंगे।

# राष्ट्रपति मुइज्जू से मिले भारत के विदेश मंत्री

**चीन की बढ़ती चहलकदमी के बीच सुरक्षा संबंधों पर बात**

एजेंसी



**माले।** भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर तीन दिवसीय मालदीव दौरे पर हैं। शनिवार को डॉ एस जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान जयशंकर ने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों की जनता को फायदा मिलेगा। बीते वर्ष मोहम्मद मुइज्जू मालदीव के राष्ट्रपति चुने गए थे। उनके राष्ट्रपति बनने के बाद भारत की तरफ से यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात के बाद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुलाकात के दौरान दोनों देशों के लोगों की भलाई के लिए आपसी संबंधों को मजबूत करने पर भारत की प्रतिबद्धता जतायी।

**मालदीव से रक्षा मंत्री घासन मौमून से भी की मुलाकात :** इससे पहले डॉ. एस जयशंकर मे मालदीव के रक्षा मंत्री घासन मौमून के साथ मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा की गई। इसके अलावा दोनों देशों ने समुद्री क्षेत्र में शांति और स्थायित्व बरकरार रखने के लिए आपसी हितों को साझा किया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर डॉ. जयशंकर ने लिखा, ह्यमालदीव के रक्षा मंत्री घासन मौमून के साथ एक बहुत अच्छी मुलाकात हुई। दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान समुद्री सुरक्षा को लेकर पहल की गई और इस क्षेत्र में शांति और स्थायित्व बरकरार रखने के लिए आपसी हितों को साझा किया गया।

आपको बता दें कि मालदीव में चीन की चहलकदमी बढ़ती जा रही है। बीते वर्ष मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति चुने जाने बाद मालदीव और चीन के बीच सैन्य सहयोग बढ़ रहा है। मालदीव के बंदरगाह में चीन के अत्याधुनिक अनुसंधान जहाज को खड़ा किया गया है।

# सरकारी बैंकों को अभिनव और आकर्षक जमा योजनाएं भी लानी चाहिए : निर्मला सीतारमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों से 'कोर बैंकिंग' पर फोकस करने का आग्रह किया है। निर्मला सीतारमण ने 10 (शनिवार) अगस्त को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) के सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के साथ पोस्ट-बजट मीटिंग में यह बात कही है। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकों को अपने फंडामेंटल ऑपरेशन पर फोकस करने की आवश्यकता है। सरकार और फ्ढक लगातार बैंकों से डिपॉजिट कलेक्शन और पैसे उधार देने सहित कोर बैंकिंग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कह रहे हैं। डिपॉजिट और लेंडिंग के बीच असंतुलन को दूर करने के लिए सीतारमण ने बैंकों से लोगों से फंड जुटाने के लिए इनोवेटिव और अट्रैक्टिव डिपॉजिट स्कीम्स लाने को कहा।

**बैंकों को अपनी इंटरेस्ट रेट्स तय करने का अधिकार है:** मीटिंग को संबोधित करते हुए आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि बैंकों को अपनी इंटरेस्ट रेट्स तय करने का अधिकार है, क्योंकि डिपॉजिट और लेंडिंग दोनों दरें डी-रेगुलेटेड यानी नियंत्रणमुक्त हैं। 8 अगस्त को आरबीआइ गवर्नर ने बाय-मंथली मॉनेटरी पॉलिसी पेश करते हुए बैंकिंग सेक्टर में डिपॉजिट और लेंडिंग के बीच असंतुलन पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि बैंक बढ़ती क्रेडिट डिमांड को पूरा करने के लिए शॉर्ट-टर्म नॉन-रिटेल और लायबिलिटी के अदर इंस्ट्रूमेंट्स का ज्यादा सहारा ले रहे हैं। आरबीआइ गवर्नर ने चेतावनी देते हुए कहा, 'इससे बैंकिंग सिस्टम में स्ट्रक्चरल लिक्विडिटी इश्यू पैदा हो सकते हैं।' आरबीआइ गवर्नर ने कहा था कि इसलिए बैंक इनोवेटिव प्रोडक्ट्स और सर्विसेज की पेशकश के माध्यम से और अपने ब्रांच नेटवर्क का पूरा लाभ उठाकर घरेलू वित्तीय बचत को जुटाने पर ज्यादा फोकस कर सकते हैं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर सबके मुंह सिले हुए हैं, उनकी रक्षा हमारा दायित्व है : योगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है तो सबके मुंह सिले हुए हैं कोई नहीं बोल रहा है लेकिन हिंदुओं की रक्षा करना हमारा दायित्व है। एक मानव के नाते उसकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। उन्होंने सभी विपक्षी पार्टियों को निशाने पर लेते हुए कहा कि ये लोग हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर इसलिए नहीं बोल रहे हैं कि उन्हें पता है कि इससे उन्हें वोट नहीं मिलेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या के मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम हिंदुओं को बचाने के लिए आवाज उठाते रहेंगे। मानवता की रक्षा के लिए आवाज उठाते रहेंगे। जब जब राक्षसी प्रवृत्तियां ताकतवर होंगी हमें एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम तो राजकुमार थे, चाहते तो अयोध्या में राज करते पर पिता का वचन निभाने के लिए निकल गये, क्योंकि उन्हें राक्षसों का सर्वनाश करना था।

### अयोध्या को मिली नयी पहचान

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनने से भगवान श्रीराम की नगरी को दुनिया भर में पहचान मिली है। दुनिया भर से रामभक्त दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। विकास हो रहा है। विश्व में अयोध्या की नई पहचान बन रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर एयरपोर्ट से राजकीय वायुयान से महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या पहुंचे। यहां से अयोध्या विद्यापीठ कॉलेज की तरफ गये। मिल्कीपुर में जनसभा के लिए बड़ी संख्या मे लोग आए । बारिश के चलते कार्यक्रम स्थल मार्ग पर कीचड़ हो गया। लोगों को लंबी दूरी पैदल तय कर कार्यक्रम स्थल पर आना पड़ा रहा है। पार्किंग काफी दूर होने से लोगों को परेशानी हुई।

## चोरों ने ताला तोड़कर जेवर, बर्तन सहित करीब 1.25 लाख की चोरी की

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मकरी ढिकुलिया में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर राम विश्वकर्मा के घर से जेवर, बर्तन, अनाज सहित करीब 1.25 लाख की चोरी कर ली। पीड़ित ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार मकरी ढिकुलिया निवासी राम जी विश्वकर्मा बीती रात अपने परिवार के साथ खेत पर मड़ई में रह गये। सुबह राम जी विश्वकर्मा के पिता शिवरतन विश्वकर्मा घर पर आए तो बाहर से दरवाजा का ताला टुटा पाया। अंदर देखा तो बक्सा का ताला भी टुटा पाया। आसपास में शोर गुल किया गया, तब लोगों की भीड़ जमा हो गयी। राम जी विश्वकर्मा ने बताया कि अज्ञात चोरों ने बक्सा का ताला तोड़कर उसमें रखा हुआ सोने का मंगटिका, मंगलसूत्र, कान का झुमका के अलावा फुल का बर्तन के साथ अन्य बर्तन व राशन भी ले गये। बताया कि इस घटना में करीब 1.25 लाख रुपयेके समान की चोरी हो गयी है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि पीड़ित ने आवेदन दिया है मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# झारखंड वासियों की अपनी पार्टी है झामुमो : मिथिलेश



### टेढ़ी हरैया और तिवारी मरहटिया में 500 से अधिक लोग हुए झामुमो में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा** । गढ़वा सदर प्रखंड के टेढ़ी हरैया और तिवारी मरहटिया गांव में शनिवार को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का क्षेत्र भ्रमण के दौरान 500 से अधिक लोगों ने दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला पहना कर व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की माटी की पार्टी झामुमो ही सभी झारखंडियों की अपनी पार्टी है। पूरे राज्य में हेमंत सरकार की चलायी जा रही जनोपयोगी योजनाओं और गढ़वा में हो रहे बेहतर विकास कार्यों से प्रभावित होकर प्रतिदिन विभिन्न गांवों से काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को यह विश्वास हो गया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिवा दूसरी कोई भी पार्टी राज्य का भला नहीं कर सकती है। हेमंत सरकार राज्य के अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखते हुए जनहित की सारी योजनाएं चला रही है। इसका लाभ पूरे राज्य की जनता को सीधे तौर पर मिल रहा है। मौके प्रमुख रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, मुखिया पूनम तिवारी, परेश तिवारी, प्रमुख फैजुल अंसारी, मकबूल आलम, बदरुद्दीन अंसारी एल, डॉ जिया उल हक, फरीद खान, सलीम जाफर, शाकिर खान, संजय कांस्यकार, शरीफ अंसारी, शहंशाह आलम, जावेद अंसारी, नीलू सिद्दीकी, रईस सिद्दीकी, अरुण दुबे, डॉ कुदुश अंसारी, इरफान सिद्दीकी, सैनुल्लाह अंसारी, सैय्यद राजा, सुनीता देवी, प्रतिमा देवी, अनीता देवी, संगीता देवी, माया देवी, उर्मिला देवी, सविता देवी, मीना देवी, मुकेश भारती, विकास कुमार, संदीप काजू भारती सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंत्री ने केक काटकर मनाया सीएम हेमंत का जन्मदिन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत जन्मदिन केक काट कर मनाया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को केक और मिठाई खिलायी। साथ ही गरीब और असहाय लोगों के बीच मंत्री ने अपने हाथों से भोजन वितरण किया। मंत्री श्री ठाकुर सहित सभी ने हेमंत सोरेन को दीर्घायु होने की कामना की। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड के नायक और आदिवासी अस्मिता के रक्षक राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्मदिन पर पूरे राज्य की जनता उनके दीघार्यु होने व पुन: मुख्यमंत्री बनाने की कामना कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, सलीम जफर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर पुलिस ने रमना थाने के मानदोहर गांव में छापेमारी कर अवैध गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को इसकी जानकारी दी।

एसडीपीओ श्री सिंह ने बताया कि एसपी साहब के निर्देश पर जिले में लगातार अपराधकर्मी के विरुद्ध कार्यवाही कि जा रही है, इसी क्रम में रमना थाने के मानदोहर में एक व्यक्ति द्वारा अवैध गांजा की बिक्री करने संबंधी गुप्त सूचना मिलने के बाद वरीय अधिकारियों को सूचित कर सत्यापन किया गया। गत 9 अगस्त को एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह और पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में रमना थाना प्रभारी मो. अशफाक आलम और पुलिस टीम ने मानदोहर गांव में जितेन्द्र पाठक के घर में छापेमारी कर लगभग डेढ़ किलो गांजा और गांजा तौलने वाली एक छोटी इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ जितेंद्र पाठक को गिरफ्तार किया गया। बकौल एसडीपीओ जितेंद्र पाठक ने पकड़े जाने पर पुलिस के समक्ष कथित गांजा की खरीद बिक्री करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने जितेंद्र पाठक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी में पुअनि ओम प्रकाश महतो, ऋषिकेश सिंह, आरक्षी सुरेंद्र यादव, श्रीकांत पासवान, चालक आरक्षी लव कुमार दुबे शामिल थे। प्रेसवार्ता में इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, रमना थाना प्रभारी मो. अशफाक आलम भी उपस्थित थे।

# 'भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन' विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल** । प्रखंड मुख्यालय के बंका रोड में अवस्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन, स्कूल में विद्यार्थियों के बीच "भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन " विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को दो ग्रुपों सुपर ट्वेंटी और जेनरल ट्वेंटी में बांटकर उपर्युक्त विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन कब क्यों और कैसे सफल हुआ? भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के नाम, संबंधित आंदोलन तथा कौन सा नारा दिया। अनेक महिला और पुरुषों की बलिदान से संबंधित प्रश्न पूछे गये। अंग्रेजों की कठोर नीतियों, कार्यप्रणाली और शासन व्यवस्था से भिन्न भिन्न प्रश्न पूछे गये। प्रतियोगिता के अंत में जनरल ट्वेंटी ने सुपर ट्वेंटी को हराकर सफलता अर्जित की। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी विषय को भली-भांती समझने में क्विज प्रतियोगिता अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। आज राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के बारे में प्रश्नोत्तर के माध्यम से प्रतिस्पर्धा विकसित कर शिक्षकों ने बच्चों को सीखने में मार्गदर्शन कर भविष्य के लिए प्रेरित किया। आज राष्ट्रीय पर्व को मनाने के लिए उत्साह के साथ ही राष्ट्रीयता, नैतिकता, मानवता और विश्व बंधुत्व के संपूर्ण भावों से ओतप्रोत नागरिकों के निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। आज के बच्चे अगर अपने स्वतंत्रता सेनानी के सपने का भारत को जानेंगे तो अवश्य ही बेहतर भारत के निर्माण में सहायक होंगे।

# ओबीसी एकता अधिकार मंच ने अधौरा में किया जनसंवाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बी. डी. प्रसाद) के नेतृत्व में झारखंड राज्य के राजधानी रांची से चलकर गढ़वा जिला के अंतर्गत कांडी प्रखंड के अधौरा गांव में जनसंवाद आयोजित किया गया। मंच को संबोधित करते हुए ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओ.बी.सी. आबादी 60% से अधिक है फिर भी सामाजिक आर्थिक आधार पर ओबीसी को एकमात्र 14% आरक्षण की व्यवस्था लागू की गयी है, जो उचित नहीं है। झारखंड में रहने वाले पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52% आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है। हर सरकार को पिछला वर्ग के लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना होगा, चाहे वह सरकारी संस्था हो या गैर सरकारी संस्था सभी में 52% आरक्षण की व्यवस्था हो साथ ही सभी ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कर उन्हें पढ़ने के लिए ओबीसी छात्रावास की व्यवस्था हर जिले में हो। पिछड़ा वर्ग में प्रगतिशील सामाजिक राजनीतिक लोग है, फिर भी उन्हें सत्ताधारी राजनीतिक लोग चुनावी फायदे के लिए गुणवत्ताहीन तरीके से उपयोग कर रहे हैं। हम सबको एकजुट होना होगा और अपने हक अधिकार के लिए लड़ना होगा। मौके पर जगन्नाथ साहू, इसराइल अंसारी, जगदीश साव, गुड्डू चंद्रवंशी, गोरखनाथ, पिंटू यादव, अमर प्रसाद, विजय कामदेव, संजीत गुप्ता, रंजन प्रसाद, अरुण गुप्ता, हरेंद्र, माला चंद्रवंशी, ज्ञानी प्रजापति सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित होकर अपने अधिकारों पर सकारात्मक चर्चा किया गया।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टीम का गठन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय टीमों का गठन किया है। इसी के निम्मित डिस्ट्रिक्ट सीएससी मैनेजर के द्वारा प्रत्येक दिन विभिन्न पंचायतों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम दो भीएलई संचालक के विरुद्ध लापरवाही बरतने के मामला पाया गया। उनके द्वारा लाभुकों से प्राप्त आवेदन का ससमय अपलोड/इंट्री नहीं करने तथा ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करने और अवैध राशि के वसूली की शिकायत प्राप्त हुआ। इस घटना को देखते हुए उपायुक्त ने भविष्य में ऐसी घटना फि से न हो, इसीलिए उन्होंने दोनों भीएलई संचालक पंचायत चामा के रवि कुमार गुप्ता तथा पंचायत तिलदाग के रामेश्वर प्रसाद साहू की सेवा समाप्त करने और भीएलई कोड को रद्द करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा श्री बिजय कुमार को निर्देशित किया।

## नये समाहरणालय भवन में धरना-प्रदर्शन समेत अन्य कार्यक्रम का आयोजन पूर्णत: प्रतिबंधित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा श्री बिजय कुमार ने कार्यालय आदेश जारी कर सभी सर्व साधारण को सूचित किया है कि कल्याणपुर स्थित नये समाहरणालय भवन, गढ़वा के परिसर के अंदर धरना-प्रदर्शन और अन्य किसी भी तरह का सभा कार्यक्रम का आयोजन इत्यादि तत्काल प्रभाव से पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। किसी भी व्यक्ति/संस्था/ दल/ पार्टी या अन्य द्वारा यदि उल्लंघन किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कानून-सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## किसी अज्ञात व्यक्ति ने उपायुक्त गढ़वा के नाम से पासबुक का फर्जी अकाउंट बनाया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उपायुक्त गढ़वा के नाम से पासबुक का फर्जी अकाउंट बनाया गया है। उपयुक्त कार्यालय की ओर से अपील करते हुए कहा गया है कि सभी जिलेवासियों से अपील किया गया है कि इस तरह से किसी भी फर्जी अकाउंट से कोई भी मैसेज आने पर किसी तरह की प्रतिक्रिया न दें। साथ ही फर्जी अकाउंट को ब्लॉक करें। जिला प्रशासन के द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने 300 छात्राओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शनिवार को लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला० नंदलाल प्रसाद के अध्यक्षता में मेराल हाई स्कूल में 300 छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया और क्लब अध्यक्ष नन्दलाल प्रसाद ने कहा कि समारा लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल 1986 से सेवा में समर्पित है और सालों भर अनेक प्रकार कि सेवा कार्यों के साथ स्वस्थ सेवा पर भी लगातार कार्य करती रहती हैं। इसी कड़ी में आज लायंस विशाल परिवार मेराल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी ला० डॉ बिरेंद्र कुमार और मेराल अस्पताल के महिला स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मेराल हाई स्कूल के बच्चियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें उपस्थित ला० डॉ बिरेंद्र कुमार ने छात्राओं को बताया महावारी के दौरान खुद को कैसे स्वच्छ और स्वस्थ रखना है और खान-पान के साथ-साथ अपने आप को साफ सफाई रखकर महिलाओं में होने वाली अनेक प्रकार कि बिमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। आप अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल से प्राप्त कर सकते हैं। सरकार के द्वारा भी आपके स्वास्थ के लिए दवा के साथ-साथ बहुत चिजे उपलब्ध करा रही हैं। इस कार्यक्रम में सराहनीय योगदान दे रहे है वेंकटेश्वर नारायण, शौकत खान, गिरिश कमलापुरी, मेराल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी और मेराल हाई स्कूल के प्राध्यापक अध्यापक समेत पुरा विद्यालय परिवार शामिल था।

# हरिहरपुर में शिक्षक के अवकाश पर जाने से देर से खुला विद्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर** । कांडी प्रखंड संसाधन केंद्र क्षेत्र के कन्या प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर में देर से विद्यालय खुलने का मामला प्रकाश में शनिवार को आया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में दो शिक्षक कार्यरत हैं। दोनों के द्वारा आकस्मिक अवकाश पर चले जाने की वजह से विद्यालय समयानुसार नहीं खुला था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार शनिवार को घर पर श्राद्ध कार्यक्रम होने की वजह से विद्यालय में आकस्मिक अवकाश पर थे। जबकि दुसरे शिक्षक की पत्नी के अस्वस्थ होने की वजह से ईलाज हेतु चिकित्सक के पास गये हुए थे, परंतु प्रधानाध्यापक संजय कुमार को जब यह बात की जानकारी हुई। तब उनके द्वारा विद्यालय के अध्यक्ष व बीपीओ कांडी बिरेंद्र प्रसाद को मोबाइल के द्वारा सूचना दिया गया।

इसके उपरांत अध्यक्ष के द्वारा पहल पर माता समिति के द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना का सुचारू रूप से संचालन करने हेतु विद्यालय में बुलाया गया। इसके साथ ही कांडी बीपीओ के द्वारा बगल के विद्यालय से शिक्षक को एक दिन के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। विद्यालय में शिक्षक के द्वारा रेल के द्वारा संचालित बच्चों के लिए परीक्षा का संचालन किया गया तथा सुचारू रूप से अध्ययन अध्यापन का कार्य किया गया।

विद्यालय बंद होने की सूचना पर पहुंचे कांड़ी बीडीओ राकेश सहाय के द्वारा विद्यालय में पहुंच कर निरीक्षण किया गया। जिसमें यह देखा गया कि विद्यालय खुला पाया गया तथा प्रतिनियुक्त शिक्षक मौजूद थे।

## विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया




भंडरिया (आजाद सिपाही)। विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के बैनर तले विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। राजेश मिंज ने कहा कि देश के आदिवासियों को अब अपनी बोली भाषा लिपि संस्कृत धर्म परंपराएं और अपनी सभ्यता पर समझौता नहीं करना चाहिए। अपने मान सम्मान और सभ्यता के प्रति सजग होकर विलुप्त होते गौरवशाली इतिहास को पूर्ण जीवित करने के लिए हमें प्रण लें। इस अवसर पर हरिदास तिर्की, नीलम कुजूर, मंजू कुजूर, चंद्रशेखर सिंह, रायता मिंज साहित काफी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## झंडोतोलन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

सगमा(आजाद सिपाही)। प्रखंड में झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया। इसे लेकर प्रखंड सभागार में वीडियो सत्यम कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड कर्मियों के साथ पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रखंड कार्यालय अंचल कार्यालय वा सभी पंचायत सचिवालय में स्वतंत्रता दिवस पंद्रह अगस्त के दिन तिरंगा ध्वज फहराने के लिए उपस्थित लोगों के साथ विचार विमर्श किया गया। जिसमें सर्व समिति से झंडोतोलन का समय निर्धारित करते हुए सभी पंचायत सचिवालय में प्रखंड कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। उक्त बैठक में पंचायत सचिव सुरेंद्र ठाकुर सूर्यदेव सिंह, प्रिया कुमारी पंचाती राज पदाधिकारी दीपक कुमार के साथ मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# चोरी की 12 साइकिल के साथ पांच चोर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** उन्नति का पहिया योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच वितरण के लिए प्रखंड मुख्यालय के अंदर कैंपस में रखी गयी 13 साईकिल की चोरी के मामले में भवनाथपुर थाना पुलिस ने चोरी के दर्ज कांड का त्वरित उद्भेदन करते हुए 12 साईकिल को बरामद कर चोरी की घटना में संलिप्त पांच चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी शनिवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान श्रीबंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि साईकिल चोरी के दर्ज कांड का उद्भेद्‌न के लिए श्रीबंशीधर नगर एसडीपीओ और पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए लगातार छापामारी की गयी। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली की अरसली के लामी टोला में अनिल बियार का लड़का एक नया साईकिल खरीदा है। सत्यापन में ज्ञात हुआ कि उक्त साईकिल बनखेता के विमलेश कुमार यादव उर्फ विक्की पिता विजय प्रसाद यादव ने बेची है, जिसके आधार पर पुलिस ने जब उससे पूछताछ कि तो उसने बताया कि उसे बुका के शंभू राउत उसका भाई तथा दोस्तो ने भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय से साईकिल चोरी कर उसे सात साईकिल बेचने के लिए दिया था। उन्होंने बताया कि जब शंभू राउत को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की गयी, तो इसमें संलिप्त अन्य चोर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुका के आदित्य कुमार उर्फ अजीत राउत पिता गोखुल राउत, विकास कुमार पिता बीरबल राउत तथा बबल राउत पिता लखन राउत को गिरफ्तार किया गया। कहा कि उपरोक्त चोरों द्वारा चोरी की साईकिल को बनखेता के अलग अलग बच्चो को बेच दिया था, जिसमें मिले पैसा को शंभू और विकास खा पीकर खत्म कर दिया तथा अधिकांश पैसा उधार था। चोरों के निशानदेही पर चोरी गये 13 साईकिल में से 12 साईकिल को जब्त करते हुए उपरोक्त पांचों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई प्रदीप उरांव, पुअनि नारायण प्रसाद, निरंजन प्रसाद शर्मा और पुलिस के जवान शामिल थे।

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

आवश्यक सूचना

15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पशु वध एवं माँस–मछली की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

अतः आदेश दिया जाता है कि दिनांक 15.08.2024 को कोई भी व्यक्ति पशु वध एवं माँस–मछली की बिक्री नहीं करें, पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR.NO.332376 Urban Development and Housing(24-25):D

ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–12/2024-25/EE/BCD/LATEHAR — दिनांक– 10.08.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के पंचायत हेरहंज में मध्य विद्यालय, मेराल में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |

1. कार्य पूर्ण करने की अवधि :– 09 (Nine) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16/08/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 29/08/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान:– 30/08/2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

PR 332414 Building(24-25)D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 11 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# सीएम हेमंत सोरेन के ननिहाल में मनाया गया 49वां जन्मदिन



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 49 वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ हेमंत के मामा घर किस्कू भवन रुचाप मे मनाया गया हेमंत सोरेन के मामाजी गुरुचरण किस्कू केक काटकर और स्कूली छोटे-छोटे बच्चो को कापी-कलम बांटकर मनाया केक काटकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चित्र को खिलाया तो वही कार्यकर्ताओं ने हैप्पी बर्थडे टू यु कहा। तत्पश्चात बारी बारी से कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच केक और मिठाईयां बांटी गयी। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दीघार्यु जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। । सीएम हेमंत सोरेन का जन्म 10 अगस्त 1975 को रामगढ़ जिले के नेमरा में हुआ था।

इस अवसर पर गुरुचरण किस्कू, पप्पू वर्मा, सुधीर किस्कू, धर्मु गोप, झामुमो चांडिल प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो, हेंब्रम, निताई उरांव, अभय यादव, हरिदास महतो, राजु किस्कू संतोष किस्कू, बैधनाथ टुडू, स्वपन आदित्यदेव, दीनबंधु महतो, आशीष मंडल, आदि उपस्थित थे।

# मंईयां सम्मान योजना के लिए खूंटी में 40 हजार से अधिक महिलाओं ने दिये आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राज्य सरकार कीमहत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है। तीन अगस्त से शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया को लेकर जिले की सभी 86 पंचायतों और नगर पंचायत के चिह्नित स्थानों पर कैंप का आयोजन कर लाभुकों से आवेदन लिए जा रहे हैं। इस दौरान कैंपों में लाभुकों की काफी भीड़ देखने को मिल रही है। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने बताया गया कि खूंटी जिले में अब तक 40 हजार से अधिक आवेदन ऑफ लाइन माध्यम से प्राप्त हुए हैं। अब तक 35 हजार आवेदनों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर करा लिया गया है। बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा आवेदन प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है। ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म जमा करने में आनेवाली तकनीकी समस्या का सामना लाभुकों को न करना पड़े, इसे लेकर सरकार द्वारा आठ अगस्त से लाभुकों से ऑफलाइन माध्यम से फॉर्म जमा करने की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा लाभुकों से लिए जानेवाले दस्तावेज को भी काफी सरल रखा गया है। 21 से 50 आयु वर्ग की महिलाओं को सिर्फ चार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता है और वह आसानी से योजना का लाभ ले सकती हैं। दस्तावेजों में मुख्य रूप से एक पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति और राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन के साथ देना होगा। जिस लाभुक का राशन कार्ड में नाम नहीं है, उनके लिए उनके पिता या पति का राशन कार्ड मान्य होगा। योजना के तहत लाभुक महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह यानी हर साल 12 हजार रुपये मिलेंगे। उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा लाभुकों से आवेदन लिये जा रहे हैं। अधिक से अधिक लाभुकों को योजना से आच्छादित करने को लेकर जिले में एलईडी प्रचार वाहन की सहायता से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लाभुकों को योजना की पूर्ण जानकारी और उनके क्षेत्र में आयोजित होनेवाले कैंपों की जानकारी दी जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लाभुक जागरूक होकर राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ ले सकें।

# आदरडीह शाखा नहर में पानी नहीं पहुंचने से किसान परेशान



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। कांची वियर सिंचाई योजनांतर्गत आदरडीह शाखा नहर में सावन महीने के अंत तक पानी नहीं पहुंचने से इस क्षेत्र के किसान काफी परेशान है। आदरडीह शाखा नहर का पानी ईचागढ़ प्रखंड के सोड़ो, सितु पंचायत के लिए जीवन रेखा माना जाता है। इस क्षेत्र के किसान नहर के पानी पर ही खेती का कार्य करते है। ग्रामीणों ने बताया कि कांची सिंचाई योजनांतर्गत आदरडीह शाखा नहर हमारे क्षेत्र के किसानों के लिए जीवन रेखा माना जाता है। उन्होंने सिंचाई विभाग से मांग किया है कि किसानों के समस्याओं को देखते हुए पानी पहुंचाया जाए। प्रति वर्ष सिंचाई विभाग की और से नहर का सफाई किया जाता है, परंतु अब तक साफ सफाई नहीं होने के कारण नहर में घास फुस से भर गया है।

## राज कुमार प्रमाणिक और गुरु चरण हजाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की थाना क्षेत्र के टेटेबादु गांव के राज कुमार प्रमाणिक और गुरु चरण हजाम बाप बेटे को अड़की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह अड़की थाना का वारंटी था।

## 14 वर्षीय ठाकुरा मुंडा 6 अगस्त से लापता



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के हेसादा गांव से 14 वर्षीय ठाकुरा मुंडा 6 अगस्त से लापता है घर वालों ने अनहोनी घटना की आंशका जताई है। काफी खोज विन के बाद भी उसका पता नहीं चल पा रहा है। पार्वती देवी पति स्व समल मुंडा अपने पड़ोसी के इलाज के लिए 6 अगस्त को रिम्स गयी। थी शाम को जब अपने घर लौटी तो अपने छोटे बेटे को घर में न पाकर पास पड़ोस के गांव और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन किया जहां उसका कोई पता नहीं चला इस बात को लेकर बुंडू थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। बड़ा बेटा बैल चराने गया था और बेटी रोपाई करने खेत गयी थी। ठाकुर मुंडा सफेद रंग का शर्ट पैंट पहना हुआ है आज पुलिस गांव जाकर पुंछ ताछ किया है।

# बुंडू में दूषित पेयजल की आपूर्ति सिटी मैनेजर को ज्ञापन गया सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** बुंडू नगर पंचायत छेत्र में दुषित पेयजलापूर्ति की आपूर्ति की जा रही है। बिना फिल्टर किये पानी नल में आ रहा है। पानी का रंग मटमैला हो गया है। पानी में कीड़े भी दिखायी पड़ रहे हैं। लोगों को उस पानी पीने में डर सता रहा है। विवश लोग कपड़े में छानकर वहीं पानी पी रहे हैं। जिससे पेचिश हैजा डायरिया बीमारी फैलने का आंशका है। नगर पंचायत बुंडू के शहरी जलापूर्ति के फिल्टर प्लांट में पानी का सही ट्रीटमेंट नहीं करने के चलते पानी मटमैला आ रहा है। जिसे देखकर कोई भी पीने से कतराते है। बुंडू नगर पंचायत में विगत कई दिनों से दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। पेयजल इतना गंदा आ रहा है कि पानी पीने योग्य नहीं है। दूषित पेयजल सप्लाई के कारण स्वास्थ्य संबंधित समस्याये उत्पन्न शुरू हो रही है। इस संबंध में बिरसा विकास समिति के बैनर तले विधानसभा प्रभारी रोशन महतो उर्फ प्रदीप कुमार महतो के नेतृत्व में बिरसा विकास समिति की टीम नगर प्रशासक नगर पंचायत के नाम सिटी मैनेजर अनूप कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अटकु चौधरी, विशाल कुमार, अनूप कुंडू, रोशन जायसवाल, संतोष कुमार, कौशिक चक्रवर्ती, किशन लायक समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# खलारी में डीएमएफटी से बनेगा पार्क व विवाह भवन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** उप विकास आयुक्त सह सचिव जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, रांची के निर्देश पर खलारी प्रखंड के पंचायतों में डीएमएफटी मद से क्रियान्वयन होने वाली योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। जिला से भेजे गए पांच सदस्यीय टीम ने खलारी प्रखंड कार्यालय में जिप सदस्य सरस्वती देवी, खलारी बीडीओ संतोष कुमार, सीओ प्रणव अंबष्ट की उपस्थिति में योजनाओं पर चर्चा किया। मालूम हो कि डीएमएफटी मद से हाई एंड अदर प्रायरिटी सेक्टर अंतर्गत ह्यफिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर और अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाना है। खलारी के विभिन्न पंचायतों के ग्रामसभा से पारित कर जिला में भेजी गयी 21 योजनाओं पर चर्चा किया गया तथा कुछ योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। जिन योजनाओं का क्रियान्वयन तय किया गया उनमें विवाह भवन, आम लोगों व बच्चों के लिए पार्क, खलारी पंचायत में तालाब का सुंदरीकरण, छठ तालाब का जीर्णोद्धार, दामोदर श्मशान घाट में आवश्यक सुविधाएं, शव वाहन, बुकबुका फिल्टर प्लांट के जलापूर्ति के लिए चूना पत्थर खदान के निकट पंप हाउस व ट्रांस्फर्मर लगाना, गुरूवार व रविवार साप्ताहिक हाट में बाजार शेड, कोल्ड स्टोर, तुमांग में केज कल्चर विधि से मछली पालन आदि शामिल हैं। स्थल निरीक्षण में जिला से आए कर्मियों में प्रिया श्रुति गिद्यी, इमोन दास, अशीष कुमार, मानस भारती व विवेक साहू उपस्थित थे।

## अधिवक्ता समाजसेवी रामगोपाल साहू का निधन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ के रायडीह गांव के रहने वाले अधिवक्ता समाजसेवी तमाड़ लैंपस के फाउंडर मेंबर, वरिष्ठ कांग्रेसी 99 साल के रामगोपाल साहू का निधन आज रात उनके निवास स्थान रायडीह में हो गया उनका गागर सोतिया नदी में दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र पतित पावन कश्यप ने किया। सैकड़ो लोग दाह संस्कार में जुटे वहीं उनके शुभचिंतक लोगों ने इनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। पूर्व विधायक और मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने दिल्ली से शोकं संवेदना व्यक्त किया।

# शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टुर्नामेंट 2024 का उद्घाटन 01 सितंबर, 2024 को दिन के 10 बजे होगा। मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टुर्नामेंट में कुल 32 टीमें शामिल होंगी। खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो और मो साकीब ने संयुक्त रूप से बताया कि टूर्नामेंट में रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 28 अगस्त, 2024 है। टूर्नामेंट के लिए प्रवेश शुल्क मात्र 5500/- रुपया है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म बुढ़ाखुखरा स्थित प्रज्ञा केंद्र, फ्रांसिस जेवियर खलखो (मोबाइल- 7004797207/ 9661904995) और तारिक वासिंग सेंटर (मो तारिक (मो 62017 90054) से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। टुर्नामेंट के विजेता को 75 हजार नगद और ट्रॉफी, उपविजेता को 45 हजार नगद और ट्रॉफी दिया जायेगा। साथ ही तृतीय और चतुर्थ स्थान पानेवाले को 11-11 हजार नगद देकर पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होने वाले खिलाड़ी को भी सम्मानित किया जायेगा।

**पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट एक से**

**टूर्नामेंट का फाइनल पांच सितंबर को, 32 टीमें होंगी शामिल**

**टूर्नामेंट में रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 28 अगस्त, 2024**

# फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू पंचायत के खपिया फुटबॉल मैदान में पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय मनी प्राइस बालक एवं बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारी को लेकर पटेल स्पोर्टिंग क्लब के युवाओं की एक बैठक हुई। बैठक में पटेल स्पोर्टिंग क्लब के सचिव सह आजसु केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार उपस्थित थे। इस बैठक में टूर्नामेंट की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक मे बालक वर्ग में प्रवेश शुल्क 2500 रुपए तथा बालिका वर्ग में 151 रुपये रखा गया है। इच्छुक टीम से 12 अगस्त तक इंट्री कराने की अपील की गयी। बैठक में अध्यक्ष बालेश्वर महतो, सचिव मोहन कुमार, जयनंदन महतो, कामेश्वर महतो, कुलदीप महतो, तारकेश्वर महतो, महेंद्र कुमार, सुनील कुमार, सुरेंद्र महतो, दिलीप महतो, धनंजय महतो, टिकेश्वर महतो, मुन्ना कुमार महतो, विनोद महतो, चूरामन महतो, हीरालाल महतो, रंजीत महतो मौजुद थे।

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गूंज परिवार ने किये कई कार्यक्रम



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी मुलवासी युवा मंच और गुंज परिवार सोनाहातू प्रखंड के तत्वावधान में रांगाडीह मोड़ पेट्रोल पंप से दानाडीह तक रन फॉर यूनिटी, रन फॉर सोनाहातू का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित मिनी मैराथन दौड़ के बालक वर्ग में प्रथम स्थान लुपुंगडीह गांव के अजय महतो, द्वितीय स्थान हारिन गांव के प्रभु दास मुखियार, तृतीय स्थान रीतेश महतो को मिला। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान करमटांड़ गांव के रेशमा कुमारी, द्वितीय स्थान नावागांव के उषा कुमारी, तृतीय स्थान मुरुतडीह के जयंती कुमारी को मिला। सांत्वना पुरस्कार हेतु 10 बालक और 10 बालिकाओं का चयन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा, विशिष्ट अतिथि गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, चितरंजन महतो, श्याम कुमार महतो, संजय महतो, थाना प्रभारी चंदन कुमार, क्षेत्र मोहन मुंडा, बीरेंद्र सिंह मुंडा, रुप कुमार साहू, सावना महली, सुषेण प्रमाणिक, रमेश मुंडा, मदन महतो, उमेश कोईरी, रंजीत महतो सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# दो बाइक की भिड़ंत में मुरहू के व्यवसायी की मौत, शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मुरहू स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार अपराह्न लगभग तीन बजे दो मोटरसाइकिलों में हुई सीधी भिड़ंत में मुरहू के युवा व्यवसायी ओम प्रकाश भगत उर्फ ओमी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार पल्सर बाइक ने एक अन्य बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दूसरी बाइक सवार ओमी भगत गंभीर रूप से घायल हो गये। उसे इलाज के लिए तुरंत सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मुरहू के युवा कपड़ा व्यवसायी और भाजपा कार्यकर्ता ओमप्रकाश भगत शनिवार दोपहर बाइक से अपनी बेटी को ट्यूशन क्लास छोड़ने के बाद बाइक में पेट्रोल भराने पेट्रोल पंप चले गये। बाइक में पेट्रोल भराने के बाद जब वे पेट्रोल पंप से बाहर निकल रहे थे, उसी दौरान एक तेज रफ्तार पल्सर बाइक तेजी से आयी और ओमी की बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की जोरदार टक्कर से ओमप्रकाश भगत गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल पहुंचते ही उनकी मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो सदर अस्पताल पहुंचे और संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के स्वजनों को ढांढस बंधाया। दूसरी ओर सड़क दुर्घटना में मृदु स्वभाव वाले ओमप्रकाश भगत की आकस्मिक मौत से मुरहू में शोक की लहर फैल गयी। खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विहिप के मुरहू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, उप प्रमुख अरुण साबू, कांग्रेस नेता नईमुद्दीन खान, शिक्षक सकलदीप भगत, डॉ डीएन तिवारी सहित अन्य लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## कोल वाहन ने घर को किया क्षतिग्रस्त, सात घंटे सड़क जाम

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर मे बीती रात तेज रफ्तार कोल वाहन ने ईश्वर टाना भगत के घर को अपनी चपेट मे लेते हुए घर एंव दुकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना मे घर के सभी सदस्य बाल-बाल बच गया, लेकिन घर एंव दुकान पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।

# सभी कामगारों को संडे देने की मांग को लेकर सामूहिक विश्राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रोहिणी परियोजना के कामगारो ने पूर्व की भांति सभी मजदूरों को संडे देने की मांग को लेकर रविवार को सामूहिक विश्राम करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर शनिवार को काफी संख्या में कामगार रोहिणी हाजरी घर के समीप एकत्र हुए और गेट मीटिंग करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। सभी कामगारों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रबंधन सभी कामगारो को संडे ड्यूटी नही दे रहा है बल्कि कई कामगार को संडे ड्यूटी नही मिल पा रहा है जिससे सभी कामगार जिन्हें संडे ड्यूटी मिला है वही अन्य कामगारो के साथ एकजुटता दिखाते हुए रविवार को किसी भी कामगार ने हाजरी नही बनाने का निर्णय लिया है। सभी कामगारो को पूर्व की भांति सन्डे और पीएचडी देने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। वही प्रबंधन के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गयी। इस दौरान विभिन्न श्रमिक संगठनों एव कामगारो ने उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुए चट्टानी एकता को बनाये रखने और आंदोलन में पूरी सहभागिता निभाने के लिए सभी कामगारो से अपील की है।

श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि एव कामगारो ने एक स्वर में कहा कि कामगारो को बांटकर संडे दे रहा है जिस पर सभी कामगारो का कहना है कि जब तक सभी कामगारों को संडे पीएचडी नहीं मिलता है तबतक सभी कामगार एक साथ हर रविवार को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

# खूंटी में शुरू होगा डीके भारत का जादू, एसडीओ करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** जानेमाने स्टार जादूगर डीके भारत 11 अगस्त से खूंटी क्लब परिसर में अपनी जदुगरी दिखायेंगे। जादू का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान रविवार को अपराह्न6.45 बजे करेंगे। सोमवार से हर दिन दोपहर एक बजे, अपराह्न चार बजे और शाम सात बजे से जादू की कलाकारी दिखाई जायेगी। यह जानकारी जादुगर डीके भारत ने शनिवार को खूंटी क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंन बताया कि वे अब तक देश कें लगभग सभी राज्यों में अपना शॉ कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि जादू दिखाने की शुरूआत 1942 में उनके दादा प्रो जगदीश सिंह और बाद में उनके पिता ओम सिंह ने इसे आगे बढ़ाया। अब तीसरी पीढ़ी में डीके भारत इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। डीकें भारत ने बताया कि चार ट्रकों कई टन सामान और 50 कलाकारों और हजारों पशु पक्षियों के साथ वे अपनी कला का प्रदर्शन करने खूंटी आये हैं। उन्होंने कहा कि टिकट की तीन दरें निर्धारित हैं 70 रुपये, सौ रुपये और 150 रुपये। उन्होंने बताया कि उनकी जदुगरी को पूरा परिवार एक साथ देख सकते हैं। डीके भारत ने बताया कि वे अपनी कला के माध्यम से डायन प्रथा, नशाखोरी, भ्रूण हत्या जैसी बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। जादुगर ने बताया कि उनके शॉ मे डायनासोर हगामा, लड़की को काटकर तीन भागों में बांटना, गुरिल्ला लड़ाई सहित मनोरंजन के कई खेंल जादू के मुख्य आकर्षण होंगे।

### जादू एक कला है इसे संरक्षण मिलना चाहिए : डीके भारत

जादुगर डीके भारत ने कहा कि जादू देश की 64 कलाओं में सर्वोपरी है। यह सम्मोहन और विज्ञान का खेल है। उन्होंने इस कला को संरक्षण देने की जरूररत है, अन्यथा सर्क, नज्ञटक की तरह यह कला भी धीरे-धीरे लुप्त हो जायेगी। मौके पर प्रबंधक अतुल जोशी भी मौजूद थे।

## करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सोनाहातू गांव निवासी 45 वर्षीय सुरेश अहीर बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गया है। घटना शनिवार दिन के 1 बजे की है। ग्रामीणों का कहना है कि सुरेश अहीर अपने पत्नी और बेटा के साथ खेत में काम कर रहा था। उन्होंने पत्नी और बेटे को नास्ता करने जाने की बात बोलकर खेत से निकला और अचानक 11 हजार वोल्ट के तार वाले बिजली के खंभे मे चढ़ गया। पोल में चढ़ते ही बिजली के तार की चपेट में आ गया और वहीं बिजली के झटके से जमीन पर गिर पड़ा। परिवार के सदस्य ने जब देखा तो हो-हल्ला किया और आनन फानन में बिजली विभाग के कार्यालय में फोन कर लाइन कटवाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर बैठक



तमाड़ (आजाद सिपाही)। आज शुक्रवार को तमाड़ मंडल भाजपा की बैठक दिउड़ी कामधेनु ढाबा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विष्णु पद महतो ने किया जबकि संचालन महामंत्री महावीर सोनी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुये जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि तिरंगा भारत देश का आन बान और शान है। ये हमारा गौरव और पहचान है। इसलिए 10 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर बुथ के हर घर तक तिरंगा लगाना है।

## अंबा प्रसाद की पहल पर क्षतिग्रस्त पुल की हुई मरम्मत

पिपरवार। कोयलांचल क्षेत्र के हेंदेगीर रेलवे स्टेशन पताल पंचायत से प्रखंड कार्यालय केरेडारी जोड़ने वाली मुख्य मार्ग बटुका स्थित कोती नदी पर पिछले दिनों हुई बारिश से पुल का कुछ हिस्सा बह गया था। जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

# नवीन सोनी भाजपा लोवाडीह मंडल के अध्यक्ष मनोनीत हुए



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नवनिर्वाचित भाजपा लोवाडीह मंडल की बैठक शनिवार को लोवाडीह स्थित रंगोली बैंक्वेट हॉल में आयोजित हुई। इसमें मुख्य रूप से रांची महानगर की नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अनिता वर्मा एवं रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से नामकुम यूनाइटेड बैंक गली निवासी सह भाजपा कार्यकर्ता नवीन सोनी को लोवाडीह मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर प्रभुदयाल बड़ाइक ने नवीन सोनी का अंगवस्त्र देकर एवं मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया। वहीं नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है। उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करुंगा और भाजपा को और मजबूत करने का प्रयास करुंगा। वहीं, अनिता वर्मा ने कहा कि हम सभी को मिलकर हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाना है। प्रभुदयाल बड़ाईक ने पार्टी द्वारा संगठन के मजबूती के लिए नवनिर्वाचित मंडल बनाए जाने पर प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि देश के एकता एवं अखंडता के लिए हर घर तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम सराहनीय है। बैठक को गोपाल चौधरी, बिरसा पाहन एवं पिंटू सिंह ने भी संबोधित किया। वहीं, नवीन सोनी को मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर पिंकी सिंह, गोपाल प्रजापति, अशोक गोप, जोगिंदर महतो, अमित वर्मा कौरियार, विकास कुमार, रवि कुमार महतो, अनिल मुंडा, लालसिंह मुंडा, कौशल सिंह के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# आदिवासियों को उनका हक-अधिकार नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ लंबोदर



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस एवं शहीद निर्मल महतो शहादत दिवस पर लुपुंग खेल स्टेडियम में खिजरी विस स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो उपस्थित थे। आजसू के केंद्रीय सचिव व पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में विजेता टीमों को पुरस्कृत करने के साथ ही मैट्रिक व इंटर में 80 फीसदी अंक लाने वाले क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों, विभिन्न सेवा क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले लोगों, पत्रकारों, ग्राम पाहन, आजसू चूल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, पंचायत प्रभारी आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि आज विश्व में आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन को संरक्षित करते हुए अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा और पहचान को भी बरकरार रखने के प्रति संकल्पित हैं। आदिकाल से आदिवासी समाज प्रकृति के वन संपदा एवं तमाम जीव जंतुओं का संरक्षण और संवर्धन करते आ रहे हैं। पर दुर्भाग्य है कि आदिवासीयों को उनका हक अधिकार नहीं मिला। ना ही समुचित विकास हो पाया। आज तक उन्हें सिर्फ ठगने और गुमराह करने का काम किया गया। कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो आदिवासियों के विकास की दिशा में हमेशा चिंतन करते हैं। वहीं, पारसनाथ उरांव ने कहा कि युवाओं व महिलाओं को स्वरोजगार के लिए विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है। फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गेतलसूद पंचायत और सालहन पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें गेतलसूद टीम ने तुरूप सालहन को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर नागपुरी कलाकार मजबूल खान एंड ग्रुप द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। मौके पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, सदस्य जलनाथ चौधरी, प्रकाश चौधरी, केंद्रीय सचिव फूल कुमारी देवी, नामकुम उप प्रमुख वीणा देवी, बैजनाथ महतो आदि थे।

# समर्पण बीएड कॉलेज में सावन महोत्सव का आयोजन, बाालिकाओं ने हुनर दिखाया




**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मलमाडू स्थित समर्पण दीप बीएड कॉलेज में शनिवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बीएड सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। महोत्सव में मेहंदी रचाओ, राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में बालिकाओं ने अपने अपने हाथों में बहुत ही आकर्षक और सुंदर मेहंदी रचाया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में राखी के सुंदर डिजाइंस बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रभारी प्राचार्य दशरथ महतो ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं, धन्यवाद ज्ञापन डॉ आनंद कुमार भगत ने दिया। बताया कि इस कार्यक्रम के जरिए विद्यार्थियों के अंदर के हुनर को सार्वजनिक करने का मौका मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक सिंह, नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह एवं शैलेन्द्र सिंह के साथ प्रभारी प्राचार्य दशरथ महतो, सहायक प्राध्यापक डॉ आनंद भगत, डॉ शशि कुमारी तिर्की, लीना कुमारी, वासिफ शाह, कन्हैया लाल केशरी, अच्युतानंद मिश्र, शालिनी सिन्हा, ऋतु जया केरकेट्टा के साथ कन्हाई महतो, अनिल साहु, दिनेश महतो व शिवराज भगत की भूमिका सराहनीय रही।

## बुढ़मू पहुंचे डीआइजी अनूप बिरथरे, प्रखंड कार्यालय में की बैठक

# बुढ़मू में बढ़ते उग्रवाद को लेकर राज्य सरकार गंभीर: डीआइजी

**बुढमू को उग्रवाद मुक्त करने के लिए लगातार अभियान जारी रखने का दिया निर्देश**

## अपराधियों-उग्रवादियों के मददगारों की बनायी जा रही सूची

## नक्सली संगठनों से जुड़े लोगों की संपत्तियां भी की जायेंगी जब्त



बुढ़मू को पुलिस अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक करते डीआइजी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुढ़मू।** उग्रवादियों के सफाया को लेकर डीआइजी अनूप बिरथरे शनिवार को बुढ़मू पहुंचे थे। उन्होंने सभी वरिय पुलिस पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर रणनीति बनायी। इसके बाद संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि खलारी, बुढ़मू, चान्हो, ठाकुरगांव, पिठोरिया और मैकलूस्किगंज सहित रांची के विभिन्न थाना क्षेत्र में हो रही उग्रवादी घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश लगाने को लेकर यह बैठक की गयी है। बैठक में विशेष रूप से बुढ़मू-खलारी के छापर में बालू वर्चस्व की लड़ाई में हुई आगजनी की घटनाओं सहित फायरिंग, रंगदारी व लेवी वसूलने सहित अन्य घटनाओं को अंजाम देने वाले विभिन्न उग्रवादी व अपराधी संगठन जैसे टीएसपीसी, जेजेएमपी, पीएलएफआइ, पांडेय गिरोह, अमन साव गिरोह आदि संगठनों का सफाया किया जायेगा। इसके लिए पुलिस पूरी तरह से कमर कस ली है। किसी भी नक्सली संगठन को बख्शा नहीं जाएगा। नक्सली एवं अपराधी संगठन को मदद पहुंचने वालों व सहयोग करने वाले सभी लोगों की एक सूची तैयार की जा रही है। आर्थिक रूप से मजबूत ना हो इसके लिए भी इनके चल अंचल संपतियों का ब्योरा जुटा कर उनकी संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही बुढ़मू को उग्रवाद मुक्त करने के लिए पुलिस का अभियान जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की जायेगी। साथ ही पिछले दिनों बुढ़मू के छापर में हुई आगजनी की घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए डीआइजी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर छापर में पुलिस एक पिकेट स्थापित की जायेगी। ग्रामीण जनता भय मुक्त वातावरण में काम कर सके इसके लिए पुलिस कि ओर से विशेष रणनीति बनायी गयी है। लोग डरे नहीं। निर्भीक होकर अपने क्षेत्रों मे काम करें। बहुत जल्द उग्रवादियों का सफाया कर दिया जाएगा। वहीं, बैठक के पूर्व डीआईजी अनूप बिर्थरे को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल सहित दर्जनों वरीय पुलिस पदाधिकारी के अलावे डीएसपी व विभिन्न थानों के प्रभारी मौजूद थे।

# प्रोपराइट अनिल चौरसिया प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो : राजेश गुप्ता



**रांची (आजाद सिपाही)।** कॉकटेल बार एवं होटल पार्क स्ट्रीट (कोकर) के प्रोपराइट अनिल चौरसिया प्रकरण की जांच मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के स्तर के अधिकारियों से निष्पक्ष जांच करायी जाये। ओबीसी मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रोपराइटर से मुलाकात के बाद उक्त बातें मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कही। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रोपराइटर अनिल चौरसिया को एक तरफ सदर थाना प्रभारी, तो वहीं दूसरी तरफ गबन के आरोपी कर्मचारियों से भी जान का खतरा है। प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस महानिदेशक से मांग की है कि अनिल चौरसिया को अविलंब सुरक्षा मुहैया करवाई जाये। इस मामले एक सप्ताह के अंदर अगर प्रशासन इस पर संज्ञान नहीं लेता है, तो राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा सड़कों पर उतर कर क्रमबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। अनिल चौरसिया से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, संजय चौरसिया, राम लखन साहू और विवेक आदि शामिल थे।

# दोलैचा में कांवरियों के जत्था का स्वागत

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** 700 कांवरियों का जत्था शनिवार की दोपहर दो बजे लापुंग के ककरिया से होकर गुजरा। प्रतिवर्ष की भंति उन कावरियों का दोलैचा व ककरिया में शर्बत, खीर, चाना व फल का वितरण कर स्वागत किया गया। साथ ही चिकित्सा की भी सुविधा दी गयी। कांवरिया का दल गुमला जिला के भरनो से निकला और पारस नदी से कलस व डब्बा में जल भर कर दोलैचा के रास्ते ककरिया-कर्रा होते हुए बाबा अमरेश्वर धाम में 12 अगस्त को भगवान भोलेनाथ को सामूहिक जलाभिषेक करेगा। वहीं, वे कर्रा में रात्रि विश्राम करेंगें, जहां भोजन की व्यवस्था की गयी है। बतातें चलें कि भरनो के कांवरिया संघ के मुख्य संरक्षक गया प्रसाद केशरी (75) के नेतृत्व में 26 वर्षो से भरनो से पैदल चलकर बाबा अमरेश्वर धाम में जलाभिषेक करते आ रहे है। पूरे रास्ते सभी कांवरिया भगवा रंग में रंग गए थे और हर हर महादेव हर हर बम बम से गुंजायमान हुआ पूरा गांव। इसमें मुख्य सहयोगी संजय गुप्ता, बिट्टू, सुदामा केशरी, मनोहर, दीपक, श्रीकांत, शिव, अजीत, शंभू व रामविलास के अलावे अन्य लोगों का सहयोग था। वहीं, ककरिया में प्रसाद खीर वितरण मुख्य सहयोगी पुजारी सीताराम दास, समीर गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अनिल साहू, विनोद गुप्ता, कुलदीप कुमारे, विक्रम, सिंह को करते देखा गया।

# बाघवार अकादमी के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** बाघवार अकादमी के कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से शैक्षणिक भ्रमण के लिए शनिवार को ब्रांबे स्थित रिमझिम वाटर पार्क ले जाया गया। इससे पूर्व सभी बच्चों को विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार द्वारा वाटर पार्क में बरती जाने वाली सावधानियां के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। वाटर पार्क जाने को लेकर सभी विद्यार्थियों का उत्साह चरम पर था। रिमझिम वाटर पार्क के प्रबंधन द्वारा सभी छात्राओं एवं साथ गए शिक्षक-शिक्षिकाओं को कॉस्टयूम दिया गया गया। वहां के अटेंडेंट द्वारा सभी को आवश्यक निर्देश दिए गए। वाटर पार्क स्थित कैंटीन में सभी को भोजन कराया गया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव और वरिष्ठ शिक्षक हरे कृष्ण सिंह की देखरेख में सभी को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया गया। इसे सफल बनाने में शिक्षिका संगीता एक्का, रानी कुमारी, जोालेन सोय, मीनाक्षी कुमारी, पिंकी कुमारी, शालिनी टोप्पो, शिक्षकों में विकास गुप्ता और सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# हर घर तिरंगा को लेकर भाजपा नेता का ठाकुरगांव दौरा

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरीय नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शनिवार को क्षेत्र का दौरा किये। वे उरूगुट्ठू, हेसलपिरी, बरौदी, तुरमुली, सुरीद, सोबा, बंसरी, ठाकुरगांव और हिसरी आदि गांवों में ग्रामीणों से मिलकर स्वतंत्रता दिवस पर हर घर में तिरंगा लहराने की बात कही। उन्होंने ठाकुर गांव मंडल द्वारा आयोजित होने वाले तिरंगा यात्रा की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया। मौके पर उदय कुमार, अमृत महतो आदि थे।

## उषा मार्टिन ने आयोजित की इंटर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता

# हर क्षेत्र में समाज को जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी : आरके जायसवाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** उषा मार्टिन फैक्ट्री के वरीय महाप्रबंधक आरके जायसवाल ने कहा कि समाज को हर क्षेत्र में जागरूक करना हमारा दायित्व है। इसके लिए विद्यालय के बच्चों को सामाजिक रूप से सशक्त बनाकर सामने लाना होगा। वे शनिवार को कारखाना परिसर में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी छात्र- छात्राओं के पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से देश के मूल उद्देश्य के प्रति बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है। कंपनी के सीएसआर और ईएसजी विभाग के संयुक्त सौजन्य से यह कार्यक्रम कराया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता के पहले चरण में टाटीसिलवे के विभिन्न गांवों के छह विद्यालय में दो चरणों में कक्षा तीन से पांच और छह से आठ वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें प्रियंका कुमारी, साक्षी कुमार और पूजा कुमार को वरीय कक्षा श्रेणी में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान मिला, वहीं मनीता कुमारी, अनुहुल हक और पिंटू कुमार को कनीय कक्षा वर्ग में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान मिला। इसके चयनित छात्रों के बीच शनिवार को पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें मवि महिलौंग, मवि टाटी, मवि चतरा, मवि सिलवे, मवि मासू एवं मध्य विद्यालय हेंसल के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वहीं शिक्षकों में रमनी कुमारी, सीताराम महतो, आराधना सिन्हा, टुम्पा मॉल, जयंत भंडारी व सोनी अधिकारी उपस्थित थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिंद्र कुमार, स्नेहा, पवन कुमार, प्रिया बागची, वरुण कुमार, संगीता कुमारी, भुनेश्वर महतो आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# आरटीसी पब्लिक स्कूल में छात्र प्रतिनिधियों को दी गयी जिम्मेवारी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में सत्र 2024-25 के लिए नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को उनके दायित्व का बोध कराते हुए कार्यभार सौंपा गया। विद्यालय के चारों सदन गंगा, यमुना, गोदावरी एवं सतलज के प्रतिनिधि के रूप में नितेश कुमार, टीना कुमारी, आदित्य राज महली, सोनम कुमारी, राजीव मुंडा, खुशी कुमारी, सूचित कुमार, नुपुर कुमारी आदि चुने गये। वहीं प्रीति कुमारी और तिवास कुमार को डिसिप्लिन इंचार्ज चुना गया। विद्यालय के हेड बॉय के रूप में शिवम कुमार यादव एवं हेड गर्ल के रूप में शिवानी कुमारी चयनित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने कहा कि इस तरह के गठन से छात्र- छात्राओं मे नेतृत्व क्षमता का विकाश होता है। शिक्षक सुमंत कुमार ने शपथ दिलवाया व जिम्मेदारियों से अवगत करवाया।

# भारतमाला परियोजना सड़क निर्माण में लगने वाले छाई के बहने से किसानों की फसल बर्बाद



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पालू में भारत माला परियोजना के तहत सड़क निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रहे फ्लायेश छाई डस्ट खेत में बह जाने से सैकड़ों किसानों के खेत में लगी धान की फसल बर्बाद हो गयी। प्रभावित किसान भारत माला परियोजना के अधिकारियों से शिकायत के लिए परेशान थे। किसानों ने भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी को अपनी पीड़ा बताई। उन्होंने तुरंत प्रभावित किसानों से मिलकर उक्त स्थल का निरीक्षण कर भारत माला परियोजना निदेशक से बात कर जल्द से जल्द मुवाजा दिलाने कि बात कही। निदेशक ने संज्ञान में लेते हुए विभाग के अधिकारी साइड इंजीनियर संजीव सिंह एवं अमीन हिमांशु तिवारी को प्रभावित क्षेत्र का मूल्यांकन करने का आदेश दिया। किसान बहुत ही आस के साथ इस वर्ष धान कि खेती अच्छी होगी लेकिन स्वेंदक द्वारा घोर लापरवाही से किसानों का सपनों में पानी फिर गया। इस अवसर पर रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही, महामंत्री अलखनाथ महतो,युवा नेता विक्रांत तिवारी, किसान अजय साहू, मुकेश साहू, योगेंद्र साहू, जगदीश सही, अर्जुन साहू, राजेंद्र प्रसाद साहू जनक साहू, रामदेव साहू, रामशंकर साहू, तालकेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, आशुतोष साहू, घुमेश्वर साहू, लक्ष्मण साहू, संगीता देवी आदि थे।

# खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता : डॉ परमेश्वर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने ऐंजल गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी के बच्चियों के बीच फुटबॉल एवं जर्सी का वितरण किया। गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी प्रखंड के विभिन्न गांवों के 65-70 बच्चियों को फुटबॉल खेलने का प्रशिक्षण एकेडमी द्वारा मुफ्त दी जाती है। इस अवसर पर डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल कूद जरूरी है। खेल प्रेमियों को आगे बढ़ाने के लिए उचित व्यवस्था कराना और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर एकेडमी कोच संगीत कुमारी, आकाज मंजर, करण कुमार, बबलू खान, मो खालिद, अजीज अंसारी अन्य मौजूद थे।

# जरियागढ़ में होटल नमस्ते झारखंड का शुभारंभ

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** जरियागढ़ थाना के कैंची मोड़ जम्हार के पास नमस्ते झारखंड होटल का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन जगमोहन साहू, कमला देवी व मनकुवैर देवी ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर तृणमूल कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महा सचिव मुकेश कश्यप ने कहा की होटल के खुल जाने से कर्रा, जरियागढ़, लापुंग , सिमडेगा व ओडिसा के अलाव अन्य राहगीरों को बेहतर खाना मिल सकेगा। मौके पर विहिप कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू ,अशोक साहू के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

# खेल सामग्री का किया वितरण

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नौदी में जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने शनिवार को फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किया। कहा कि इस छोटे से सहयोग के माध्यम से खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारा जा सकता है। ताकि बच्चे आगे बढ़ कर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सके। ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को उचित संसाधन मुहैया कराया जाए तो अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर देश में नाम रोशन करेंगे।

# जगदीश साहू अध्यक्ष व संजय बने सचिव

**रातू में व्यापारिक दुकानदार संघ का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न**

**चार पद के लिए 14 प्रत्याशी, 440 मतदाताओं ने लिया हिस्सा**

**उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के निर्विरोध चुने गये प्रत्याशी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड व्यापारिक संघ की त्रिवार्षिक चुनाव शनिवार की शाम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव कमेटी की निगरानी में इस दिन सुबह 8 बजे से बैलेट पेपर के जरिये चुनाव शुरु हुई, जो शाम 5 बजे तक 482 मतदाताओं में से 440 ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया, जबकि 42 मतदाताओं ने अपना मतदान नही दिया। वहीं, अध्यक्ष पद के लिए 2, सचिव के लिए 2, उपाध्यक्ष के लिए 7 और कोषाध्यक्ष के लिए एक प्रत्याशी चुनावी मैदान में था। चुनाव संपन्न होने के बाद मतों की गिनती के उपरांत विजय प्रत्याशियों की घोषणा हुई। जिसमें जगदीश साहू ने 210 वोट पाकर अपने प्रतिद्वांदी अरविंद पांडे को 21 वोट से हराकर दुकानदार संघ के अध्यक्ष बने। अरविंद को 189 वोट मिले थे। वहीं, सचिव पद के लिए संजय को कुल 227 वोट मिले। उन्होंने सरोज साह को 96 वोट से मात दी। इसके अलावा उपाध्यक्ष के 4 पद के लिए 7 उम्मीदवार मैदान में थे। जिसमें अमित तिवारी, हर्ष दुबे व विशाल साहू ने जीत दर्ज की। जबकि प्रदीप सिंह निर्विरोध चुने गये। कोषाध्यक्ष पद के लिए शैलेन्द्र पांडेय निर्विरोध निर्वाचित हुए है। विजय प्रत्याशियों को कमेटी के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं, चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में राजकिशोर सिंह, मिथिलेश दुबे, अरुण कुमार, राजमान साहू, पृथ्वी नाथ शाहदेव, हीरामणि साहू, अशोक तिर्की, गौतम दुबे, कैलाश बैठा, आलोक, पवन, संदीप, मुकेश, अजमुल हक, सुबोध कुमार साहू, सनी सिंह आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## झामुमो ने मनाया सीएम हेमंत सोरेन का 49वां जन्मदिन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के नबीनगर रोड स्थित झामुमो कार्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 49वां जन्मदिन मनाया गया। झामुमो के केंद्रीय सदस्य वशिष्ठ कुमार उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर के समक्ष केक काटकर उनके दीघार्यु जीवन की कामना की। एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशियां मनाई। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, सचिव राजेश सिंह, प्रवक्ता अभिमन्यु सिंह, बीस सूत्री सदस्य पिंटू गुप्ता, सीताराम सिंह जगदीश राम, जाकिर हुसैन, श्रवण दास, विंध्याचल सिंह, सीताराम, रामजी पासवान, मुन्ना ठाकुर व छोटू कुमार आदि उपस्तित थे।

## जपला सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपलाा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी प्रधानाचार्य मृत्युंजय प्रसाद, संजय सिन्हा, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, अभिषेक पाठक ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर के प्रभारी प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इससके बाद तुलसी जी का जीवन परिचय देते हुए उनके विषय में अभूतपूर्व जानकारियां दी। उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग, रचनाएं भी सुनाई। वहीं, आचार्य शशि कुमार ने गोस्वामी तुलसीदास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जबकि आचार्य संजय सिन्हा ने दोहा व राम स्तुति प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमन बना दिया। इस दौरान विद्यालय में सुलेख, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आचार्य अभिषेक पाण्डेय ने किया। इस मौके पर योगेंद्र महतो, प्रचार-प्रसार प्रमुख राजकुमार सिंह, रंजीत मिश्र, हर्षदा उपाध्याय, दीपक पांडेय, छाया कुमारी, अजय कुमार, नीतीश मिश्रा, मनोज सिंह, धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांगों के लिए ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बीआरसी कार्यालय परिसर में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम और प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रंजना भारती के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत एन्वायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिता रिसोर्स शिक्षक विनोद कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मलवरिया की मुसर्रत प्रवीण प्रथम, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हुसैनाबाद की प्रियांशु कुमारी द्वितीय व कविता कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतिभागियों को रिसोर्स शिक्षक विनोद कुमार ने पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया। मौके पर राजनंदन प्रभाकर, इंदु कुमारी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की व्यावसायिक शिक्षिका मीना कुमारी, सहायक अध्यापक सह सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के मीडिया प्रभारी अनिल कुमार पासवान, अजय कुमार, अनिल कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, सन्नी कुमार दास और अभय सिंह आदि मौजूद थे।

### विश्रामपुर सीएचसी में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन पखवाड़ा का शुभारंभ

# उपचार के साथ फाइलेरिया के प्रति जागरूकता भी जरूरी: डॉ चंद्रवंशी

**आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ स्थापित कर खिलायी जा रही दवाइयां**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



फलेरिया उन्मूलन पखवाड़ा का शुभारंभ करते डॉ इश्वर चंद्र चंद्रवंशी व अन्य.

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को फलेरिया पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसका उ्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, जिला पार्षद विजय रविदास व प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से फलेरिया मरीजों तक सुलभता के साथ दवा और उपचार पहुंचाया जा रहा है। लेकिन इससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से इस अभियान में जुड़कर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की। वहीं, जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि फ्लेरिया से बचाव ही सबसे कारगर उपाय है। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि फ्लेरिया उन्मूलन पखवाड़ा 25 अगस्त तक मनाया जायेगा। इसके तहत शनिवार को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ स्थापित किया गया है। बूथों पर लोगों को आईडीएसी दावा खिलाई जा रही है। रविवार से घर-घर जाकर लोगों को दावा दी जायेगी। उन्होंने बताया कि फलेरियां उन्मूलन पखवाड़ा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए 275 टीम गठित की गयी है। जिसमें स्वास्थ्य सहिया,आंगनबाड़ी सेविका और अनुबंधित स्वास्थ कर्मी को रखा गया है। इसके अलावा विश्रामपुर, पांडू, उंटारी व नावा बाजार प्रखंड के लिए चार आरआरटी टीम का भी गठन किया गया है। जिसके प्रमुख चिकित्सा पदाधिकारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि फ्लेरियां रोग से पीड़ित मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गई है। मौके पर उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह, चिकितस पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह, बीपीओ मणि पांडेय, डॉ मनोज थॉमस, नेत्र चिकित्सक मनोज कुमार, इदरिश हवारी, सुनील कुमार चौधरी, बीपीएम पंकज पांडेय, बैम पंकज सिंह, बीडीएम रंजीत कुमार, एमटीएस पंकज कुमार, विनोद तिवारी, इस्लाम खलीफा, मिथिलेश दुबे, एलटी संतोष कुमार, अनिल पांडेय और एमटीएस पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

# झारखंड का संपूर्ण विकास केवल हेमंत सरकार ही कर सकती है: राजेंद्र सिन्हा



सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। बलवंत सिंह नामधारी कालेज के सभा हाल में शनिवार को झामुमो के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार गरीब गुरबों की हितैषी है। झारखंड का विकास हेमंत सरकार में ही संभव है। कार्यकर्ता सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि हेमंत सरकार द्वारा चलाये गये अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री सृजन योजना, मंईयां सम्मान योजना जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी को मिल पा रहा है कि नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा बंटवारे की राजनीति करती है। झारखंड के विकास के घबड़ाये भाजपाई नेता मुख्यमंत्री को बदनाम करने की बार-बार कोशिश कर रहे हैं। इस मौके पर विनय सिंह, विकास कुमार, विनोद प्रसाद समेत कई लोगों को झामुमो का दामना थामा, जिन्हें जिलाध्यक्ष ने सदस्यता दिलाई। मौके पर पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य सुनिल तिवारी, जिला सचिव शन्नु सिद्दकी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शन्नी शुक्ला, अब्दुल करीम अंसारी, मेघनाद राम, निवास चौधरी, जमील खान और मुस्ताक अंसारी आदि उपस्थित थे।

## पांकी में तीन अवैध स्टोन क्रशर को सीओ ने किया सील

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ खनन विभाग का अभियान जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को तीन स्टोन क्रसर को सील कर दिया गया। इस दिन सीओ राजकुंवर सिंह और पांकी थाना के नेतृत्व में निरिक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि संचालको द्वारा नियमनुसार क्रेसर का संचालन नहीं किया जा रहा है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पांकी के ताल में योगेंद्र यादव, अर्जुन यादव और कमलेश यादव के स्टोन क्रेसर के कार्य स्थल की जांच की गई। इस क्रम में संचालन संबंधित दास्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए सीओ ने चिप्स स्टोन बोल्डर सहित क्रेसर को सील कर दिया।

## क्रांति दिवस मनाकर बच्चों को दिया संदेश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रसिद्ध कलाकार एवं मिशन समृद्धि के सदस्य अमन चक्र ने क्रांति दिवस मनाकर बच्चों को देशभक्ति का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों को झंडा बनाने का विचार दिया। वहीं, कला के क्षेत्र में विशिष्टता प्राप्त आशा शर्मा ने सभी के साथ मिलकर कार्यक्रम को रोचक बनाया। बताया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता तो मिली लेकिन उससे पहले देश वासियों को बहुत संघर्ष करना पड़ा। उन सभी संघर्षों में भारत छोड़ो आंदोलन बहुत महत्वपूर्ण है। मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान की गोवालिया टैंक मैंदान जहां से महात्मा गांधी ने 'करो या मरो, 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा दिया था। यह नारा देश की जनता ने सच कर दिखाया। वहीं, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला ने भी अगस्त क्रांति पर प्रकाश डाला। समृद्धि की पाठशाला से जुड़े एवं युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने देशभक्ति नारे लगाकर बच्चों में उत्साह भरा। आकाशवाणी उद्घोषिका एवं संस्था की सदस्य शालिनी श्रीवास्तव, संध्या शेखर, बैजंती गुप्ता, वीणा, राज, ममता गुप्ता, संजू शुक्ला, पूनम सिंह आदि ने क्रांति दिवस को यादगार बनाया।

## पदाधिकारी-प्रतिनिधियों के सामंजस्य से होगा मेदिनीनगर का विकास



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रमंडलीय मुख्यालय होने के चलते मेदिनीनगर नगर निगम को स्वच्छ, सुंदर एवं समृद्ध बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। विकसित नगर निर्माण एवं जनसुविधा बहाल करने के लिए जनता के प्रतिनिधि को पदाधिकारियों के साथ सामंजस्य बैठाकर सहयोग करना चाहिए। मेदिनीनगर की जनता को युवा नगर आयुक्त आईएएस मोहम्मद जावेद हुसैन से उम्मीद बढ़ी है। उक्त बातें पलामू के सेवादार सह झामुमो नेता दीपक तिवारी ने कही। उन्होंने नगर आयुक्त से सकारात्मक मुलाकात की। इस दौरान दीपक तिवारी ने जनसुविधा बहाल करने और बरसात के समय में नारकीय हालात से निजात दिलाने के लिए नगर आयुक्त को पांच सूत्री मांगपत्र भी सौंपा। उन्होंने बताया कि जलाशयों के सुदृढ़ीकरण, सरकारी संपत्ति के संरक्षण, पीने का साफ पानी, डीडीटी छिड़काव, दवा युक्त फॉगिंग मशीन, स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने के विषय में नगर आयुक्त ने संतोषजनक जानकारी उपलब्ध कराई है। साथ ही जनहित के गंभीर विषयों पर तत्काल अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश देकर गंभीरता दिखाई है। दीपक तिवारी ने बताया कि बारिश के चलते कमोबेश समय लगेगा, लेकिन सभी मांगों पर कारवाई की जा रही है। नगरनिगम कार्यालय सुविधा संपन्न है, कर्मचारियों की ढुलमुल नीति को सख्ती से दुरूस्त करने की आवश्यकता है। जल्द ही जलाशयों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। दीपक तिवारी ने कहा कि नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन ने जनता की समस्याओं से अवगत कराते रहने पर हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

## स्पोर्ट्स



भारतीय पहलवान रितिका हुड्डा पेरिस ओलंपिकि के क्वार्टन फाइनल में किर्गिस्तान की अयापेरी के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

# क्वार्टर फाइनल में हारी रितिका, कांस्य की उम्मीद अब भी बाकी



**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय पहलवान रितिका हुड्डा को पेरिस ओलंपिक महिला कुश्ती के 76 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की अयापेरी किजी के खिलाफ बराबरी के बाद आखिरी अंक गंवाने के कारण हार का सामना करना पड़ा। अपना पहला ओलंपिक खेल रही 21 साल की रितिका ने शीर्ष वरीयता प्राप्त पहलवान को कड़ी टक्कर दी और शुरूआती पीरियड में पैसिविटी से एक अंक की बढ़त बनाने में सफल रही। दूसरे पीरियड में रितिका ने कड़ी टक्कर देने के बावजूद 'पैसिविटी' (अति रक्षात्मक रवैया) के कारण एक अंक गंवाया जो इस मैच का आखिरी अंक साबित हुआ। स्कोर तो 1-1 से बराबर रहा, लेकिन आखिरी अंक बनाने के कारण शीर्ष वरीय अयापेरी को मैच में विजेता घोषित किया गया। हालांकि, रितिका ने अपने जज्बे से दिल जीत लिया।

नियमों के अनुसार मुकाबला बराबर रहने पर आखिरी अंक बनाने वाले खिलाड़ी को विजेता घोषित किया जाता है। किर्गिस्तान की पहलवान अगर फाइनल में पहुंचती है तो रितिका के पास रेपेचेज से कांस्य पदक हासिल करने का मौका होगा। इस भारवर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की पहली पहलवान रितिका ने इससे पहले तकनीकी श्रेष्ठता से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। इस ओलंपिक में कुश्ती के नियमों ने भारत के स्वर्ण पदक की उम्मीदों को काफी झटका दिया है। रितिका से पहले विनेश फोगाट भी पदक जीतने से चूक गई थीं। उनका वजन महज 100 ग्राम ज्यादा रह गया था और वह फाइनल नहीं खेल सकी थीं। उन्हें नियमों के आधार पर डिसक्वालिफाई कर दिया गया था। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में हंगरी की बनार्डेट नैगी को 12-2 से तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। रितिका पहले पीरियड में 4-0 से आगे थी लेकिन उन्होंने दूसरे पीरियड में शानदार प्रदर्शन कर आठवीं वरीयता प्राप्त पहलवान को ज्यादा मौके नहीं दिए। रितिका ने रक्षात्मक खेल के साथ शुरूआत की और हंगरी की पहलवान के आक्रमण को शानदार तरीके से रोकने में सफल रही। रितिका को इसके बाद पैसिविटी के कारण रेफरी ने चेतावनी दी और इस पहलवान के पास अगले 30 सेकंड में अंक बनाने की चुनौती थी। बनार्डेट ने रितिका के पैर पर आक्रमण किया लेकिन भारतीय पहलवान ने ह्यफ्लिपह्नकर शानदार बचाव के बाद पलटवार के साथ दो बार दो अंक हासिल करने में सफल रही। शुरूआती पीरियड में 0-4 से पिछड़ने वाली हंगरी की पहलवान ने दो अंक हासिल कर वापसी की लेकिन रितिका ने इसके बाद उन्हें कोई मौका नहीं दिया। रितिका ने प्रतिद्वंद्वी को टेकडाउन कर दो अंक हासिल करने के बाद लगातार तीन बार अपने दांव पर दो-दो अंक हासिल किए जिससे रेफरी को 29 सेकंड पहले ही मैच रोकना पड़ा।

### भारतीय नौसेना की अफसर हैं रितिका

रितिका का जन्म रोहतक के खड़कड़ा गांव में हुआ था। वह भारतीय नौसेना में अफसर हैं और चीफ पैटी अफसर के पद पर तैनात हैं। रितिका का प्रोफेशनल करियर ज्यादा लंबा नहीं है।

## पेड़ों की खेती करने से सुदृढ़ होगी किसानों की आर्थिक स्थिति: कौशल



**पर्यावरणविद ने किया निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार ग्राम पंचायत के कौशल नगर में मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान प्रांगण में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल और डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के बाद पौधा दान कर पौधा वितरण शिविर का शुभारंभ किया। कहा कि भीषण गर्मी व प्रदूषण से जान बचानी है तो दुनिया के सभी लोगों को पर्यावरण धर्म को भी अपनाना होगा। डॉ कौशल ने कहा कि इसी जन्म भूमि से उन्होंने निःशुल्क पौधा वितरण व रोपन की शुरूआत की थी। उसका आज 58 वर्ष और पर्यावरण धर्म व बनराखी मूवमेंट के 48 वर्ष पूरे हो गये। उसी क्रम में इस वर्ष भी पौधों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति आज शिविर में उपस्थित नहीं हुए हैं वह दूसरे दिन भी डाली के कौशल नगर बाजार और डाल्टनगंज के बाईपास रोड केपीजे कॉम्प्लेक्स के पीछे पर्यावरण भवन से निःशुल्क पौधा संग्रह कर सकते है। डॉ कौशल ने कहा कि किसान वृक्ष खेती करें क्योंकि वृक्ष खेती को अकाल सुखाड का भय नहीं होता। किसानों को फिक्स डिपोजिट के समान उससे लाभ मिलता हैं। वहीं, मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण पौधा लगाकर अपने बच्चों की तरह देखभाल करें, जिससे आने वाली पीढ़ी को भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया गया। मौके पर उप मुखिया नगीना खातून, सुचित कुमार जायसवाल, पूर्व मुखिया अफजाल अंसारी, रामजी प्रसाद, विनोद यादव, लक्ष्मण राम, मुस्ताक अंसारी, करीमन अंसारी, आदित्य राम, चंद्रदेव सिंह, राजेंद्र शाव, ताहिर अंसारी, इस्माइल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता की दादी का निधन, परिजनों को ढांढ़स बंधाने पहुंचे वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह युवा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला की 85 वर्षीय दादी सूर्यमुखी देवी का निधन हो गया। इसकी सूचना पाकर राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने युवा नेता रुद्र शुक्ला के पैतृक गांव नीलांबर पीताम्बरपुर के कमलकेड़ीया में पहुंच कर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। मंत्री रामेश्वर उरांव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। साथ ही युवा नेता के दादा राधा शुक्ला से मिलकर इस दुःख की घड़ी में उनको ढांढस बंधाया कहा कि रुद्र शुक्ला के परिवार के दुःख सुख में मैं सदैव साथ हूं। वित्त मंत्री के साथ उनके आप्त सचिव संजय दुबे और कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं, युवा नेता रुद्र शुक्ला ने वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव का एवं आए हुए वरिष्ठ कांग्रेसी जनो का इस दुःख के घड़ी में शामिल होने के लिए दिल से आभार व्यक्त किया।

## हरिहरगंज के नये सीओ ने संभाला पदभार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड के नए अंचल अधिकारी के रूप में मनीष कुमार सिन्हा ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। नए सीओ ने निवर्तमान सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया से पभार लिया। इस अवसर पर नए सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, अंचल निरीक्षक संजीव कुमार, अंचल उप निरीक्षक रामपद प्रजापति, संतोष उरांव, अंचल ऑपरेटर ओमप्रकाश कुमार, राहुल कुमार, सोनू कुमार आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, बीडीओ रोशन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिनेश कुमार, दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलम लकड़ा, डॉ विकास कुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 25 अगस्त तक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में चलाया जायेगा। जिसमें एक साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी को दवा का सेवन करना है। इसके खाने से हांथी पांव जैसी खतरनाक बीमारी नहीं होती है। इस अवसर पर बीडीओ व सांसद प्रतिनिधि ने खुद दवा खाकर लोगों को दवा के प्रति जागरूक किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेममणि सुधांशु आदि उपस्थित थे।

## झारखंड के दबे-कुचले आदिवासियों-मूलवासियों की आवाज हैं सीएम हेमंत सोरेन : अनुपमा सिंह

### मुख्यमंत्री के जन्म दिन पर विधायक अनूप सिंह व अनुपमा सिंह ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 49वें जन्मदिन पर धनबाद की कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह और बेरमो विधायक अनूप सिंह ने रांची जाकर उनका (मुख्यमंत्री) मुंह मीठा कराकर बधाई देते हुए दीघार्यु पारिवारिक जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य रहने की कामना की। इस अवसर पर अनुपमा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों में कैदी का निशान देखकर खुद प्रकट किया। कहा कि केंद्र सरकार सत्ता मद में चूर होकर षड्यंत्र के तहत भाई हेमंत सोरेन को बिना किसी सबूत व अपराध के जेल में डाल दिया। केंद्र की भाजपा सरकार में आम व्यक्ति आदावासियों दलित शोषितों के साथ न जाने कितना अन्याय हो रहा होगा। अनुपमा सिंह ने कहा कि आज झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए हेमंत सोरेन जैसे युवा ऊजार्वान नेतृत्वकर्ता की जरूरत है। देश में सामाजिक न्याय आर्थिक सशक्तिकरण और समावेशी विकास के लिए बिना डरे बिना झुके लड़ रहे हैं चुनौतियों से लड़ने के प्रतीक बन गए हैं। कहा कि हेमंत सोरेन राज्य के दबे कुचले आदिवासियों-मूलवासियों की आववाज हैं। झारखंड की प्रगति और गरीबों व वंचितों के सशक्तिकरण के लिए हेमंत सोरेन का सत्ता में रहना जरूरी है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जन्म दिन पर बधाई देतीं अनुपमा सिंह व बेरमो विधायक।

## नो हेलमेट नो पेट्रोल...



**डीएसपी (ट्रैफिक)आशीष महली के नेतृत्व में परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से चलाया अभियान नियमों की अनदेखी करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों पर भी कार्रवाई की चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सड़क नियमों की अनदेखी से बढ़ती दुर्घटना को कम करने के लिए प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। अब बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिला परिवहन एवं जिला ट्रैफिक विभाग ने इससे संबंधित सभी पेट्रोल पंप संचालकों को 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' की सूचना चिपकाने का निर्देश दिया है। इसे लेकर डीएसपी ट्रैफिक आशीष महली के नेतृत्व में शनिवार को नया मोड़ स्थित केबीएल पेट्रोल पंप पर 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' अभियान भी चलाया गया। इस दौरान कुल 113 लोगों की काउंसलिंग की गयी। डीएसपी ट्रैफिक ने कहा कि जन जागरूकता लाने के लिए यह पहल की जा रही है। दो पहिया वाहन संचालकों से अपील की कि वह अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को इसके लिए निर्देशित किया गया है कि वे अपने यहां नो हेलमेट, नो पेट्रोल का बोर्ड लगायें। बिना हेलमेट के किसी भी दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल नहीं दें। कहा कि अगर पेट्रोल पंप संचालक इस आदेश का पालन नहीं करते हैं तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम स्वराज का बाघमारा अंचल कार्यालय पर धरना जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** जमीन संबंधित परेशानियों के निष्पादन करने की मांग को लेकर ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले रैयतों द्वारा बाघमारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष शनिवार को दूसरे दिन भी धरना दिया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नाराजही जताते हुए जमकर नारेबाजी की। ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम फेल हो गया है। कहा कि संबंधित अधिकारी रैयतों की जमीन संबंधी सभी शिकायतों को सुगमतापूर्वक निष्पादित कर इस आंदोलन को खत्म कराएं। रैयत कमल महतो ने राष्ट्रपति पुरस्कार के दौरान अपना फोटो मीडिया के साथ साझा करते हुए कहा कि अंचल के अधिकारी समस्या का समाधान नहीं कर जमीन संबंधी दावे से बेदखल करना चाह रहे है। इस मौके पर दिलीप महतो, विकास कुमार रजवार, प्रदीप रजवार, बिनोद कुम्हार, मणिलाल साव, देवंति देवी, रीता कुमारी, मुजीब अख्तर खान, शंकर महतो, अजय महतो, विकास महतो, सुरेश रजक आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक–1061, दिनांक–24.07.2024 द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG, दिनांक–24.07.2024, जिसका PR No-330717 Rural Work Department (24-25).D से प्रकाशित निविदा में निम्नवत् संशोधन की जाती है–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.08.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–23.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
3. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–24.08.2024 अपराह्न 5.30 बजे।

शेष सभी शर्तें यथावत रहेगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 332381 Rural Work Department(24-25)D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (सामान्य शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा याचिका W.P.(S) No- 4362/2022 भगवान महतो –बनाम–झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–17.07.2023 को पारित आदेश तथा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची के अधिसूचना संख्या–2032 दिनांक–07.04.2015, अधिसूचना संख्या–4998, दिनांक–19.09.2019 एवं अ०स०प० संख्या–17/कोर्ट केस–10/2019 536, दिनांक–29.01.2020 के आलोक में दिनांक–23.07.2018 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में गुमला जिले में ग्रामीण चौकीदार के कुल–226 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा दिनांक–11.08.2024 को निर्धारित था। प्रवेश पत्र का वितरण प्रतिदिन संबंधित प्रखण्ड/नगर पालिका एवं डाक घर के माध्यम से किया जा रहा है। लेकिन डाक घर के माध्यम से ससमय प्रवेश पत्र का वितरण नहीं करने के कारण परीक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा तिथि में परिवर्तित करने का अनुरोध किया गया, साथ ही कुछ परीक्षार्थियों के द्वारा बतलाया गया कि दुरस्थ क्षेत्रों में निवास करने के कारण अखबार या इंटरनेट का सुविधा नहीं होने के वजह से दावा आपत्ति के लिए दिये गये समय को नहीं देख पाये। पुनः दावा आपत्ति के लिए समय देने का अनुरोध किया गया।

निदेशानुसार परीक्षार्थियों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए पुनः दावा आपत्ति हेतु दिनांक–**12.08.2024** तक समय दिया जाता है, एवं परीक्षा की तिथि दिनांक–**11.08.2024** को स्थगित करते हुए दिनांक–**18.08.2024** को निर्धारित किया जाता है।

**नोटः–** 1. जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र प्राप्त हो गया है उसी प्रवेश पत्र के आधार पर दिनांक–18.08.2024 को परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

2. प्रवेश पत्र संबंधित प्रखण्ड/नगर पालिका/से समय पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 2:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। अन्य जानकारियां प्राप्त करने हेतु गुमला जिला के Website www.gumla.nic.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन,
प्रभारी पदाधिकारी,
जिला सामान्य शाखा, गुमला

PR 332401 District (24-25)_D


### राजकमल स्कूल में लगी पुलिस की पाठशाला, बच्चों को पढ़ाया गया सफलता व अनुशासन का पाठ

## अनुशासन ही सफलता की कुंजी: एसएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जन जागरूकता अभियान के तहत धनबाद पुलिस की अनोखी मुहिम 'पुलिस की पाठशाला' लगातार जारी है। इसी के तहत बैंक मोड़ थाना अंतर्गत राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में धनबाद पुलिस विभाग की ओर से जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के साथ यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशे से बचाव एवं घरेलु हिंसा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन भी मौजूद थे। एसएसपी ने समाज को सुरक्षित बनाने के लिए छात्र-छात्राओं से जागरूक रहने की अपील करते हुए देश में लागू हुए तीन नए कानूनों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि धनबाद पुलिस जनता की सुरक्षा को लेकर हमेशा गंभीर रही है। यही वजह है कि पुलिस की हर मुहिम को समाज के हर वर्ग का निरंतर सहयोग मिलता रहा है। ऐसे में अगर विद्यार्थी अपने अधिकार एवं कर्तव्यों को लेकर सजग रहेंगे तो काफी हद तक समाज से बुराईयों को खत्म किया जा सकता है। एसएसपी ने कहा कि सफलता की शुरूआत अनुशासन से ही होती है। इस लिए विद्यार्थियों को एक बेहतर नागरिक की मिशाल पेश करनी होगी, तभी जीवन के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। एसएसपी ने कहा कि यदि पुलिस द्वारा किए जा रहे सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यों से छात्र-छात्राओं को जोड़ दिया जाए तो इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। छात्र-छात्राओं को जिस तरह की शिक्षा दी जाएगी उनका भविष्य निर्माण भी उसी प्रकार होगा। यही वजह है कि साइबर अपराध के शिकार होने से बचाव, नशे से दूरी, यातायात नियमों की जानकारी समेत आत्मरक्षा के गुण सिखाने के लिए धनबाद पुलिस ने विशेष पहल करते हुए पुलिस की पाठशाला अभियान के लिए स्कूलों और कॉलेजों को चुना है। उन्हहोंने बच्चों से पढ़ाई के साथ ही खेलकूद पर भी ध्यान देने को कहा। अपने छात्र जीवन के निजी अनुभवों को साझा करते हुए एसएसपी ने असफलताओं से डटकर मुकाबला करने की सलाह दी। एसएसपी ने वहां मौजूद छात्र-छात्राओं को सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि कभी भी किसी तरह की समस्या होने पर वे सीधे 112 डायल करें। पुलिस की टीम तुरंत मदद को पहुंचेगी। जबकि साइबर अपराध का शिकार होने पर उन्होंने 1930 डायल कर शिकायत दर्ज कराने को कहा। वहीं, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संदीप गुप्ता ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को देखते हुए कहा कि इंटरनेट व मोबाइल द्वारा दिए हुए किसी भी लालच में न आएं। कोई भी अनजान वेबसाइट व अन्य लिंक पर क्लिक ना करें। उन्होंने मोबाइल व इंटरनेट के अनावश्यक इस्तेमाल से बचने की अपील करते हुए बच्चों को यथासंभव मोबाइल के कम उपयोग की बात कही। उन्होंने मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया के कम उपयोग करने और किसी अनजान शख्स से वर्चुअल दोस्ती न करने की सलाह भी दी। मौजूदा वक़्त में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के बढ़ते खतरे को देखते हुए उन्होंने बच्चों को बेहद सतर्क रहने को कहा। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक यातायात अरविंद सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से जुड़ी जानकारी देते हुए सुरक्षा से जुड़े तमाम पहलुओं पर प्रकाश डाला। ट्रैफिक डीएसपी ने बालिग छात्रों से वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, गाड़ी को सुरक्षित पार्क करने, ड्राइविंग लाइसेंस समेत सभी जरुरी कागजातों को साथ रखने की बात कही । इसके अलावा नाबालिक बच्चों को गाड़ी नहीं चलाने की अपील भी की। इस मौके पर बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार, राजकमल के प्रिंसिपल एसके मिश्रा आदि मौजूद थे।



पुलिस की पाठशाला को संबोधित करते एसएसएसपी एचपी जर्नादनन।


**उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (सामान्य शाखा)**

**आम सूचना**

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड राँची के अधिसूचना संख्या 2032 दिनांक 07–04–2015 द्वारा निर्गत चौकीदार नियुक्ति नियमावली, विभागीय अधिसूचना सं0–4998 दिनांक 19–09–2019 एवं सरकार के अवर सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड राँची का पत्रांक 3469 दिनांक 01–09–2022 एवं गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–3910, दिनांक–27/06/2024 के द्वारा प्राप्त निदेश के अनुपालन में ग्रामीण चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 23/08/2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन का विहित प्रपत्र, नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी, बीटवार रिक्त पदों का विवरण आदि लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
उपायुक्त –सह–
जिला दण्डाधिकारी, लोहरदगा

PR 332337 Lohardaga(24-25)#D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

**PR No. 314106 Dated. 22.12.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **49/2024-25** दिनांक :- 08.08.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-CHB-06/2023-24 | नोवामुण्डी | 1 | बम्बासाई से बुरूबोरता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 8.000 कि०मी०) | 1361.644 | तेरह करोड़ इकसठ लाख चौंसठ हजार चार सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | नोवामुण्डी | 2 | जामजुई से उदाजो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 6.095 कि०मी०) | | | |
| | | नोवामुण्डी | 3 | जोजोकबिर से गितिकेंदु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 1.815 कि०मी०) | | | |
| | | नोवामुण्डी | 4 | बड़ाकुन्दरी झोर से तरेया फोरेस्ट रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.380 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–13.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 21.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–22.08.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग –सह–
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR.NO.332370 Rural Work Department(24-25):D


## राष्ट्रीय व्यापार मेले का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हीरापुर जिला परिषद मैदान में शनिवार को राष्ट्रीय व्यापार मेला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने किया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष सुनील उरांव व पूर्व छात्र नेता मुकेश सिंह उपस्थिति रहे। मेले में केरल हल्वा, पंजाबी जूती, पंजाबी फुलकारी, लखनऊ चिकन, बंगाल का काथा वर्क, भागलपुरी सिल्क खादी के वस्त्र, गाड़ी धोने का यंत्र, भदोही का कालीन, खुर्जा क्रोकरी साथ ही खाने पीने के स्टॉल एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए जंपिंग, मिक्की माउस आदि लगे थे। धनबाद में पहली बार इस मेले में हेंगर लगाया गया है।

## सिनीडीह सरस्वती विद्या मंदिर में तुलसी जयंती का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुबन/कतरास।** सिनीडीह स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को तुलसी दास जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य अनूप कुमार पांडेय एवं आचार्या निशा तिवारी ने गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। आचार्य ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास सामाजिक सौहार्द्र के अमर गायक थे। उनकी अमर रचना श्रीरामचरितमानस ने संसार को जीवन जीने की कला सिखाई। तुलसीदास ने अपने द्वादश ग्रंथों में बड़ी गंभीरता से तत्कालीन समाज एवं लोकमत के माध्यम से मानवतावादी पाठ तैयार किया, जिनमें शिव-शक्ति, द्वैत-अद्वैत, जीवन मुक्ति, विद्या - अविद्या, भक्ति एवं माया आदि के द्वंद्व तथा जातीय विद्वेष पर अपना विचार व्यक्त किया। आज तक उनकी राम भक्ति जनमानस को नई दिशा प्रदान कर रही है। राम कथा के माध्यम से उन्होंने समाज के पारस्परिक संबंधों को दृढ़ता के सूत्र में भी पिरोए हैं, जो आने वाली पीढ़ी के मार्ग को आलोकित करता रहेगा। वहीं, आचार्य मुरारी दयाल सिंह ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक ऐसे संत कवि थे जिन्होंने राम कथा के माध्यम से समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनकी कृतियों को आत्मसात करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लें एवं समाज और देश के लिए अच्छा काम करने का प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्या डॉ निशा तिवारी एवं कक्षा द्वादश की छात्रा सोमा मोदक ने किया।

## झामुमो ने मनाया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला झामुमो की ओर से पार्टी कार्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 49वां जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने केक काट कर बधाई दी। इस अवसर पर बोकारो झामुमो समिति ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में बोकारो सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल-ब्रेड का वितरण किया गया। मौके पर केंद्रीय सदस्य मंटू यादव, मो हसन, जिला उपाध्यक्ष विजय रजवार, फैयाज अंसारी, पानबाबू केवट, मदन मोहन महतो आदि थे।

## डंपर चालक की लापरवाही से गिरे बिजली के तीन पोल

**कथारा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह खुली खदान में बड़ी घटना टल गई। डंपर चालक की लापरवाही से बिजली के तीन खंभे गिर गए। जिसमें 11 हजार वोल्ट की बिजली प्रभाहित हो रही ती. हालांकि संयोग अच्छा रहा कि किसी प्रकार का हादसा नहीं हुआ। डंपर चालक जोधन सिंह डाला उठाकर चल रहा था। इस घटना के बाद डंपर चालक जोधन सिंह को निलंबित कर दिया है।

### ग्रामीणों ने मांगों के लिए दिया एक दिवसीय धरना

## रेलवे प्रबंधन पर मनमानी करने और ग्रामीणों की मांगों को नजरअंदाज करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोयाबाद रेलवे साइडिंग में हो रही समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। वहां रह रहे ग्रामीणों द्वारा बार-बार प्रबंधन के खिलाफ शिकायत के बावजूद ध्यान नहीं देने पर नाराजगी जाहिर की। संगठन के अध्यक्ष एवं संयोजक ने बताया कि 10 दिन पहले ही रेलवे प्रबंधक को पत्र दिया गया था। इसके पूर्व भी उन लोगों ने निनयमित पत्र के माध्यम से आगरा डीआरएम को यहां की समस्याओं से अवगत कराया गया। पर प्रबंधक ग्रामीणों को नजर अंदाज करते हुए, अपने कार्य को प्राइवेट ठेकेदारों द्वारा मनमाने तरीके से करने का षड्यंत्र रच रहा है। इसी के खिलाफ ग्रामीणों में रोष है। अगर प्रबंधन जल्द से जल्द ग्रामीणों की मांगों पर अमल नहीं करता है तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाब देही प्रबंधन की होगी। मौके पर पूनम प्रसाद, गायत्री देवी, जोशना देवी, सुनीता देवी, सोनी देवी, उषा देवी, गीत देवी,किरण खातून, मुन्नी देवी, प्रीति देवी, विजय यादव, विशाल चौधरी, अविनाश कुमार, सुबोध यादव, जितन बाउरी, आकाश बाउरी, महताब कुरेशी, राजा खान, मनोज प्रजापति आदि थे।





**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची**
**समाहरणालय भवन ए. ब्लॉक कमरा संख्या- 113 कचहरी रोड राँची- पिन 834001**

**आम सूचना**

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1001 दिनांक 06.08.2024 के आलोक में सूचित किया जाता है कि :–

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा एल.पी.ए. 203/2022 एवं समरूप वाद में दिनांक 15.09.2023 को पारित आदेश के अनुपालन में दिनांक 01.08.2024 को राँची जिले में काउंसिलिग की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी थी, जिसमें विभाग द्वारा निदेश के आलोक में निम्नांकित सूचनायें प्रकाशित की जा रही है :

1. दिनांक 07.08.2024 को अंतिम चयन सूची का प्रकाशन स्थगित किया जाता है।
2. दिनांक 31.07.2024 को जिले के वेबसाईट पर प्रकाशित कोटिवार रिक्ति एवं विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची कोटिवार (कट ऑफ मार्क्स के साथ) पुनः अभ्यर्थियों से दावा/आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु जिले के वेबसाईट पर दिनांक 09.08.2024 को प्रकाशित की जा रही है।
3. दिनांक 31.07.2024 को प्रकाशित कोटिवार रिक्ति एवं विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची कोटिवार (कट ऑप मार्क्स के साथ) में सुधार के साथ दिनांक 09.08.2024 को जिले के अधिकारिक बेबसाईट www.ranchi.nic.in एवं कार्यालय के वेबसाईट www.dseranchi.com पर अपलॉड की जायेगी।
4. अभ्यर्थियों के दावा/आपत्ति दिनांक 10.08.2024 से 17.08.2024 तक जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची के कार्यालय में स्वंय अथवा निबंधित डाक से जमा किया जा सकता है। किन्तु दावा/आपत्ति दिनांक 17.08.2024 तक अपराह्न 05.00 बजे तक कार्यालय को प्राप्त होना आवश्यक है। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे।
5. आपत्ति दावा/समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों जिनका मूल प्रमाण–पत्र/अंकपत्र जिले में समर्पित किया गया है। यदि वे संबंधित मूल प्रमाण–पत्र की मांग करते हैं तो उनके द्वारा यह आवेदन भी समर्पित करना होगा कि संबंधित जिले से उनकी दावेदारी/उपस्थिति समाप्त मानी जायेगी।
6. दिनांक 17.08.2024 तक प्राप्त सभी दावे/आपत्तियों दिनांक 01.08.2024 को प्राप्त आपत्ति/दावे साहित की स्क्रूटनी (संवीक्षा) दिनांक 21.08.2024 तक किया जायेगा।
7. दिनांक 22.08.2024 को विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थी की सूची प्रकाशित की जायेगी।
8. दिनांक 25.08.2024 को विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एवं उपस्थित अर्हताधारी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की जायेगी तथा दिनांक 01.09.2024 को अंतिम चयन सूची (फाईनल लिस्ट) का प्रकाशन किया जायेगा।

ह०/–
जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

PR 332380 Human Resource Developement (24-25)_D

# ओड़िशा में छह सहित आठ रेल परियोजनाओं को मिली मंजूरी

## ओड़िशा के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मंत्रिमंडलीय समिति ने ओड़िशा में 6 परियोजनाओं सहित कुल 8 रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 24,657 करोड़ रुपये (लगभग) है। इसमें ओड़िशा में परियोजनाओं के लिए 15,004 करोड़ रुपये शामिल हैं और यह 2030-31 तक पूरी हो जायेंगी। इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में सुधार होगा, यात्रा को आसान बनाया जायेगा, लॉजिस्टिक लागत कम होगी, तेल आयात कम होगा और कार्बन उत्सर्जन कम होगा। प्रस्तावित परियोजनाएं अविकसित क्षेत्रों को जोड़कर और परिवहन नेटवर्क को बढ़ा कर लॉजिस्टिकल दक्षता में सुधार करेंगी, जिससे आपूर्ति श्रृंखलाएं सुव्यवस्थित होंगी और आर्थिक विकास तेज होगा। इन परियोजनाओं से निर्माण के दौरान लगभग तीन करोड़ मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा।

ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य में छह महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया। बता दें कि शुक्रवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रेल मंत्रालय की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिसकी कुल अनुमानित लागत 24,657 करोड़ रुपये (लगभग) है। इन आठ परियोजनाओं से सात राज्यों के 14 जिलों में भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 900 किमी की वृद्धि होगी, जिनमें ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, झारखंड, बिहार, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन परियोजनाओं के साथ 64 नये स्टेशन बनाये जायेंगे, जो छह (6) आकांक्षी जिलों (पूर्वी सिंहभूम, भद्राद्री कोठगुडेम, मलकानगिरि, कालाहांडी, नबरंगपुर, रायगडा) को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे। लगभग 510 गांवों और लगभग 40 लाख आबादी को लाभान्वित करेंगे।

**ओड़िशा में स्वीकृत नयी लाइनें :** गुनुपुर-थेरुबली नयी लाइन (73.62 किमी) ओड़िशा के रायगडा जिले में 1326 करोड़ की लागत से; जुनागढ़ रोड-नबरंगपुर नयी लाइन (116.21 किमी) कालाहांडी और नबरंगपुर जिले में 3274 करोड़ की लागत से; मलकानगिरी-पांडुरंगपुरम (भद्राचलम के माध्यम से) नयी लाइन (173.61 किमी) ओड़िशा के मलकानगिरि जिले में, आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले और तेलंगाना के भद्राद्री कोठगुडेम जिले में 4109 करोड़ की लागत से; बादामपहर- केंदुझरगड़ नयी लाइन (82.06 किमी) क्योंझर और मयूरभंज जिलों में 2107 करोड़ की लागत से; बांगरीपोसी-गोरुमहिसानी नयी लाइन (85.60 किमी) मयूरभंज जिले में 2549 करोड़ की लागत से और बुरामारा-चकुलिया नयी लाइन (59.96 किमी) मयूरभंज में ओडिशा, झारखंड के पूर्वी सिंहभूम और पश्चिम बंगाल के झारग्राम में 1639 करोड़ की लागत होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ सांसद (सांसद) नब चरण माझी (मयूरभंज), बलभद्र माझी (नबरंगपुर), अनंत नायक (क्योंझर) और मालविका देव (कालाहांडी) भी नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भुवनेश्वर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

# राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने हीराकुंड जलाशय से लिये गये पानी का बकाया वसूलने का दिया निर्देश



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। संबलपुर हीराकुंड जलाशय से पानी लेने के कारण कई कारखानों के बकाया होने का आरोप है। राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि इसके बाद विभाग को जल कर वसूलने का निर्देश दिया गया है। राजस्व मंत्री ने शनिवार को बुर्ला दौरे के दौरान कहा कि अगर आम किसान जल कर चुका रहे हैं, तो बड़ी कंपनियां जल कर क्यों नहीं दे रही हैं। राजस्व मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही वेदांता में अवैध राख (एस) डंपिंग पर भी कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण विभाग ने वेदांता पर 72 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और इसे आगे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।









युवा आक्रोश रैली योजना सम्मेलन में सांसद दीपक प्रकाश से मुलाकात करते भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

# सम अल्टिमेट मेडिकेयर में एसएमए एक्यूट थ्रोंबोसिसवाले रोगियों का सफल उपचार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सुपीरियर मेसेन्टेरिक आर्टरी (एसएमए) एक्यूट थ्रोंबोसिस के साथ एक्यूट मेसेंटेरिक इस्किमिया से पीड़ित एक 43 वर्षीय व्यक्ति, जो आंत प्रणाली से जुड़ी एक गंभीर स्थिति है। उनका हाल ही में यहां एसयूएम अल्टिमेट मेडिकेयर में सफलतापूर्वक इलाज किया गया है। कटक का यह मरीज पेट के निचले हिस्से में तरल पदार्थ जमा होने के साथ सेप्सिस और सब-एक्यूट आंत्र रुकावट के साथ अस्पताल में आया था। उन्हें अस्पताल के इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग के एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ संवित कुमार पटनायक के अधीन भर्ती कराया गया था।

डॉ पटनायक ने कहा कि मरीज को तुरंत आइसीयू में ले जाया गया और सीटी एंजियोग्राम जांच के बाद उसके शरीर में एसएमए एक्यूट थ्रोंबोसिस और एक्यूट मेसेंटेरिक इस्किमिया का पता चला। उन्होंने कहा कि सर्जरी के दौरान आंत का 30 से 40 फीसदी हिस्सा नष्ट हो गया था, जबकि बाकी हिस्सा ठीक से काम कर रहा था। डॉ पटनायक ने कहा कि अगर तत्काल सर्जरी नहीं की जाती तो यह आंत को पूरी तरह से नष्ट कर देता।

डॉ पटनायक ने कहा कि सेप्सिस कम होने के बाद मरीज को आईसीयू से वार्ड में लाया गया और बाद में अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

ADVT.

# शारदा ग्लोबल स्कूल में 'स्टीम' फेस्ट की धूम

## नर्सरी से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स की सहायता से दिखाई अपनी प्रतिभा

सम्पूर्ण शिक्षा एक महत्वपूर्ण एवं वह शक्तिशाली उपकरण है जो हमें ज्ञान, उच्चतम सोच और सकारात्मकता की ओर बढ़ाता है। 'स्टीम' एक अन्तः विषयक लेकिन एकीकृत दृष्टिकोण है जिसका उद्देश्य छात्र को सम्पूर्ण विकास की ओर निर्देशित करना है तथा उनको भविष्य के वैज्ञानिक, इंजीनियर, कलाविद, गणितज्ञ और प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तक बनने के लिए प्रशिक्षित करना है। 'स्टीम' शिक्षा सन् 2000 के दशक की शुरूआत से ही मानकीकृत प्राथमिक और माध्यमिक पाठ्यक्रम का हिस्सा रही है। तकनीकि और वैज्ञानिक पाठ्यक्रम में कला विषयों को जोड़ने से छात्र वास्तविक दुनियाँ के लिए तैयार और अधिक अनुकुलनशील बनते हैं। यह रचनात्मक, विस्तृत दृष्टिकोण, भारतीय संस्कृति एवं साहित्य को जानने, समझने एवं जीवन को बहुत नजदीक से देखने के दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है जो कार्यस्थल पर समस्या समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि राहुल पुरवार (आई॰ए॰एस॰), मोना पुरवार, आर॰ के॰ झा॰, विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजन, रंजना स्वरूप, जशमित कौर (प्राचार्या) एवं दीपा बंका

शारदा ग्लोबल स्कूल अपने छात्रों को उच्च योग्य संकाय एवं अद्यतन उच्च सुविधाएँ प्रदान करता है जिसका उद्देश्य छात्रों को ऐसे रूप में तैयार करना है जिनमें वैज्ञानिक ज्ञान एवं कौशल के साथ- जीवन के विविध उतार-चढ़ाव को समझने एवं जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित हो सके। विद्यालय के 2400 बच्चों ने 972 प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स के द्वारा विज्ञान, इंजीनियरिंग, कला, गणित और प्रौद्योगिकी के नए-नए रूप प्रदर्शित किए। जो आगे आने वाले समय के लिए विशिष्ट स्थान रखते हैं।

'स्टीम' फेस्ट में कला के विविध रूपों के साथ ही नृत्य एवं संगीत के माध्यम से छात्र भारत की प्राचीन साहित्य एवं संस्कृति से ही परिचित नहीं होते वरन् वे अपनी प्राचीन आध्यात्मिकता से भी परिचित होते हैं और उनसे अपना जुड़ाव तथा उनके महत्व से भी परिचित होते हैं। सम्पूर्ण शिक्षा प्रत्येक छात्र में चरित्र, क्षमता, ज्ञान, विज्ञान के साथ-साथ करूणा को बढ़ावा देती है। सम्पूर्ण शिक्षा छात्रों के लिए कैरियर के नए द्वार खोलती है। 'स्टीम' अर्थात् सभी विषयों का ज्ञान छात्रों में गुणात्मक विकास की ओर ले जाती है। हमारे भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शब्दों में - ''हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि छात्र आधुनिक युग की चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हो सके।''

'स्टीम' फेस्ट के मुख्य अतिथि श्री राहुल पुरवार (आई॰ए॰एस॰), प्रिन्सिपल सेक्रेटरी हायर एण्ड टेक्नीकल एजूकेशन तथा गेस्ट ऑफ ऑनर 'श्रीमती मोना पुरवार तथा शिक्षाविद् श्री आर॰ के॰ झा॰ प्रभारी प्रधानाचार्या देहली पब्लिक स्कूल राँची रहे। इसके अतिरिक्त स्पेशल इन्वाइटी के अन्तर्गत श्री विपुल मुंजाल एवं श्रीमती प्रेरणा मुंजाल तथा श्री प्रणव रॉय सर, विद्यालय के डायरेक्टर श्री दीपक बंका, श्री अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डा॰ (श्रीमती) रंजना स्वरूप, प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर, श्रीमती दीपा बंका, अभिभावकगण एवं शिक्षकवृन्द तथा छात्र उपस्थित थे। छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल्स की अतिथियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि एक ही छत की नीचे साइन्स, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा कला एवं मैथ्स पर आधारित मॉडल्स छात्रों में हरदम कुछ नया करने की प्रेरणा देते रहेंगे।

अभिभावकगण ने विद्यालय मैनेजमेन्ट, शिक्षकों की मेहनत और छात्रों के अथक परिश्रम की प्रशंसा करतु हुए कहा कि शारदा ग्लोबल स्कूल अपने छात्रों के जीवन में विविधता के रंग भरता है ताकि छात्र परिवार समाज एवं देश के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहकर विद्यालय की छवि ग्लोबल स्तर पर स्थापित कर सकें, क्योंकि समग्र रूप से प्राप्त शिक्षा ही वह नींव जिसपर छात्र अपने भविष्य का निर्माण करते हैं।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**